रांची, बुधवार | 27 अगस्त 2025 | वर्ष-26, अंक-205, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com ₹2.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

ॐ गं गणपतये नमो नम:
श्री सिध्दीविनायक नमो नम: अष्टविनायक नमो नम: गणपती बाप्पा मोरया...
विघ्न हर, विघ्न विनाशन, हे देवान्तक,तेरा नाम और इक- लंबोदर !

## हेमंत सोरेन ने केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ की उच्च स्तरीय बैठक



# खनन कार्य होने के बाद जमीन रैयत को वापस मिले : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में कोयला खनन गतिविधियों, पर्यावरणीय संतुलन, स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के हितों, खनन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी, रोजगार सृजन, पर्यावरणीय संतुलन तथा राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा।

**हेमंत सोरेन ने कहा-** खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के विकास की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य को मिलकर सुनिश्चित करना होगा

## झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार हर संभव सहयोग करेगी : सतीश

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा की खनन कार्य संपन्न हो जाने के उपरांत जमीन को भारत सरकार राज्य सरकार को वापस करे, ताकि उस जमीन को मूल रैयतों को लौटाया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के पुनर्वास, रोजगार, पर्यावरणीय संतुलन तथा आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाए। मौके पर केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि राज्य और केंद्र मिलकर समाधान तलाशेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि झारखंड के विकास और लोगों की भलाई को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर संभव सहयोग करेगी। इस बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, खान सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल सिन्हा, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह एवं बीसीसीएल के डीटी एमके अग्रवाल मौजूद थे।

- बैठक विस स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में आयोजित हुई
- पर्यावरणीय संतुलन के उपायों पर विचार किया गया
- राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व की चर्चा हुई

### कटरा-वैष्णो देवी मार्ग पर बड़ा हादसा

# अर्धकुंवारी में भूस्खलन से सात लोगों की मौत, 14 हुए घायल

**कटरा (आईएएनएस)**



जम्मू में भारी बारिश के बीच माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर मंगलवार को लैंड स्लाइड होने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हुए हैं। इसकी जानकारी श्राइन बोर्ड ने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल के जरिए दी है। श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "जय माता दी। अर्धकुंवारी में भूस्खलन की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 5 लोगों की मौत हो गई है और 14 अन्य घायल हो गए हैं। बचाव कार्य जारी है। यह घटना उस समय हुई जब श्रद्धालुओं का एक समूह वैष्णो देवी भवन की ओर बढ़ रहा था। हादसे के तुरंत बाद बचाव दल, एनडीआरएफ, श्राइन बोर्ड के कर्मचारी और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया। लैंडस्लाइड की वजह से वैष्णो देवी यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। **शेष पेज 11 पर**

## हजारीबाग भूमि घोटाला में रिटायर्ड आईएएस विनोद चंद्र झा गिरफ्तार

**रांची।** हजारीबाग भूमि घोटाले में एसीबी हजारीबाग की टीम ने मंगलवार को रिटायर्ड आईएएस विनोद चंद्र झा गिरफ्तार कर लिया। वह रांची के धुर्वा स्थित साईं सिटी में रहते थे। एसीबी ने उन्हें गिरफ्तार करने के बाद हजारीबाग जेल भेज दिया है। इसी मामले में एसीबी ने आईएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया था। वह अभी रांची जेल में बंद है। विनोद चंद्र झा हजारीबाग में समाज कल्याण पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। उस वक्त हजारीबाग के डीसी के पद पर विनय चौबे पदस्थापित थे

**शेष पेज 11 पर**

# ट्रंप के 50% टैरिफ से भारत के 66% निर्यात पर पड़ेगा असर

### 60.2 बिलियन डॉलर से ज्यादा का होगा नुकसान

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 % टैरिफ लगाने को लेकर जारी नोटिस में बताया गया है कि नया टैरिफ सिस्टम 27 अगस्त रात 12.01 बजे से लागू होगा। ट्रंप द्वारा भारत पर इस तरह बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने से दुनिया की नम्बर एक जनसंख्या व पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के लिए निर्यात के क्षेत्र में बहुत कठिनाई होगी। इस बारे में ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार - इन बढ़े हुए टैरिफ से 60.2 बिलियन डॉलर का भारतीय निर्यात प्रभावित होगा, जिसमें टेक्सटाइल, ज्वेलरी, सी फूड, कालीन और फर्नीचर शामिल है।ऐसे में चीन, वियतनाम व मैक्सिको इस मार्केट में अपना प्रभाव जमाने की कोशिश करेंगे। इसमें बताया गया है कि अमेरिकी टैरिफ का लागू होना भारत की अर्थव्यवस्था **शेष पेज 11 पर**

## आज पधारेंगे मंगलमूर्ति सज गए पूजा पंडाल



**रांची।** गणेश चतुर्थी का पर्व हर वर्ष भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इसे विघ्नहर्ता गणेश की आराधना का दिन माना गया है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन गणपति की पूजा से जीवन में सुख, समृद्धि और बाधाओं का नाश होता है। गणेश जी को बुद्धि, ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य का देवता माना गया है। गणेश चतुर्थी के दिन प्रतिमा स्थापना और 10 दिनों तक पूजन करने का विधान है। पद्म पुराण और गणेश पुराण के अनुसार इस व्रत से सभी प्रकार के विघ्न दूर होते हैं।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

# फॉरेस्ट गार्ड नियुक्ति की नियमावली 3 माह में तैयार करे सरकार : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**




- **सरकार ने बताया :** रेंज अफसर और एसीएफ की नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी गई
- फॉरेस्ट गार्ड की नियुक्ति नियमावली कैबिनेट को भेजी गई है, समय लगेगा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को फॉरेस्ट गार्ड की नियुक्ति के लिए नियमावली बनाकर 25 नवंबर तक कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने स्वतः संज्ञान लिए मामले की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को वन विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति पर जानकारी मांगी थी। मंगलवार को अदालत को बताया गया कि रेंज फॉरेस्ट अफसर और असिस्टेंट कंजरवेटिव फॉरेस्ट अफसर के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना भेज दी गई है। फॉरेस्ट गार्ड के लिए सरकार नियमावली बना रही है। संबंधित फाइल कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा गया है। इस कारण इसमें अभी समय लगेगा और अदालत से चार सप्ताह का समय मांगा गया।

**शेष पेज 11 पर**

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया ऐलान

# भारत में बनेंगे नौसेना के सभी जहाज, विदेश पर निर्भरता खत्म

**नई दिल्ली**




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मेड इन इंडिया पर जोर देते हुए कहा कि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए अंतिम विदेशी ऑर्डर था। हमने निर्णय लिया है कि भारतीय नौसेना के लिए भविष्य में कोई भी जहाज विदेश में नहीं बनाया जाएगा। हम अपने जहाज भारत में ही बनाएंगे। यह रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक कदम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे सशस्त्र बलों ने दुनिया को दिखाया कि हम जरूरत के समय कैसे कार्य कर सकते हैं।

**शेष पेज 11 पर**

### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र

# कार्यवाही शुरू होते सत्ता पक्ष ने लगाए 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे, विपक्ष ने भी किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का तीसरा दिन हंगामे के साथ ही शुरू हुआ। सदन की सीढ़ियों पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने एसआईआर का विरोध किया। सभी ने एक सुर में कहा कि संविधान के अधिकार को केंद्र सरकार छीनना चाहती है। इस दौरान 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे भी लगाए गए। वहीं सदन के भीतर विपक्ष भी हंगामा करता दिखा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही का जारी रखने को लेकर सदस्यों ने आग्रह किया। लेकिन बात नहीं बनी। सत्ता और विपक्ष हंगामा करते रहे। इसके बाद महज 3 मिनट के बाद ही सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**सदन शुरू होते फिर हंगामा :** 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही शून्यकाल में पक्ष और विपक्ष दोनों ने हंगामा किया। इसके बाद फिर विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे को देखते हुए शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

**सदन में अतिवृष्टि पर हुई विशेष चर्चा :** सदन में अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा हुई। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा- कच्चे मकान को पक्का बनाना चाहिए। आज सरकार की ओर से यह घोषणा होनी चाहिए। गांव में पुल नहीं होने से पानी होने पर मरीज को खाट पर लेकर जाना पड़ रहा है। इस बरसात ने यह बता दिया है कि सरकार ने क्या काम किया है। रास्ते में नदी, नालों पर पुल पुलिया बनाना चाहिए। ताकि गांव में डॉक्टर पहुंच सके। बच्चे स्कूल जा सके। पक्की सड़क बना दें। उन्होंने कहा- इस प्राकृतिक आपदा ने जो इस बार हमें दिखाया है, उसे चुनौती के रूप में लेना चाहिए। **शेष पेज 11 पर**






## एसआईआर के विरोध में सदन में प्रस्ताव पारित

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को अतिवृष्टि पर चर्चा से ठीक पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के याद दिलाने पर संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के विरोध में प्रस्ताव पेश किया। जिसे स्पीकर ने बहुमत से पारित करार दिया। संसदीय कार्यमंत्री ने प्रस्ताव लाने के पीछे की वजह भी बताई। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए। संसदीय कार्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश की एकता और अखंडता इतनी अक्षुण्ण है, क्योंकि देश की संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत है। अगर इस व्यवस्था को कोई कमजोर करता है तो उसका दुष्प्रभाव देश की एकता और अखंडता पर पड़ेगा।

**शेष पेज 11 पर**

### केंद्र से कम मिला यूरिया : कृषि मंत्री

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा-झारखंड में पिछले साल से इस बार तीन गुणा ज्यादा बारिश हुई है। यह सामान्य से 70 प्रतिशत अधिक है। विभिन्न जगहों से नुकसान के आंकड़े आ रहे हैं। प्रभावित लोगों को आपदा निधि से मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा- यूरिया की खपत काफी बढ़ा है। हमें केंद्र से कम यूरिया मिला है। पूरे देश में यूरिया की कमी है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा-जनता को आज राहत चाहिए। राजनीति नहीं चाहिए। **शेष पेज 11 पर**

### नुकसान का होगा आकलन : सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि इस साल बहुत ज्यादा बारिश हुई है। शुरू में ही तय हुआ था कि अतिवृष्टि पर चर्चा होनी चाहिए। आज इस पर चर्चा हुई। हमलोग की नजर राज्य के हालात पर है। विधानसभा के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। जगह-जगह की जानकारी विस्तृत रूप से प्राप्त हुई। जिन-जिन जगहों पर नुकसान हुआ है उन सभी का आकलन होगा। सीएम मंगलवार को सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# दिखावे और झूठी शान के लिए दहेज हत्या का दोषी कौन?

जब बेटी सदा के लिए घर छोड़ कर जाती है तो हर पिता उपहार अपनी लाडली को देता है इसे दहेज नहीं कह सकते। इस स्नेह भरी परंपरा को जब जबरिया वसूली या समाज में दिखावा या झूठी शान के लिए बोली लगाने जैसी परंपरा में बदला गया तो यह दूषित होती चली गई। अनेक तथाकथित सवर्ण यानी जो 500 से 1000 साल पहले संपन्न या विकसित राजा जमींदारों जैसे परिवारों से या उस जाति से आने वाले लोग हैं आज सबसे ज्यादा पीड़ित हैं क्योंकि आज उनको खाने के लाले पड़े हुए हैं और समाज लाखों रुपए के तिलक दहेज की मांग करता है जिस कारण अनेक योग्य या योग्यतम कन्याएं अयोग्य घरों में ब्याही जा रही हैं जिन घरों में निकम्मे लड़के दूसरों से बराबरी करने के लिए अपनी नववधुओं पर दहेज के लिए दबाव डालते हैं और विवाद बढ़ता हुआ उनकी हत्याओं तक पहुंच जाता है। दहेज उत्पीड़न में भी झारखंड पीछे नहीं है दहेज़ ना देने पर झारखंड में 2021 में दहेज हत्या के 208 मामले दर्ज किए गए थे जो साल 2022 में बढ़कर 214 हो गए नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के अनुसार, 2022 में दहेज हत्या के कुल 6450 मामले दर्ज हुए थे। इस आंकड़े के अनुसार बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और हरियाणा के 80% मामलों में हर तीन दिन में लगभग 54 महिलाएं दहेज प्रताड़ना और हत्या का शिकार होती रही हैं। झारखंड की कई बहू जलाने और नोएडा की हाल की घटना को इसी संदर्भ में जोड़कर देखना चाहिए । कड़े कानून बने हुए हैं पर सजा का प्रतिशत कम है इनका दुरुपयोग भी किया गया और विवाद बढ़ते बढ़ते इसकी धार कुछ कुंद हो गई। दहेज हत्याओं का क्रम अब दलितों से लेकर मुसलमानों तक पहुंच गया है इसके मूल में जाए तो कहीं ना कहीं दिखावे भरा जीवन और जल्दी अमीर बनने की अदम्य इच्छा है। धनाढ्य नेताओं से लेकर समाज सुधारकों का एक बहुत बड़ा वर्ग जब राजसी ठाठ बाट से विवाह करता है तो इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया उनकी प्रशंसा के गुण गाता है प्रिंट मीडिया के कुछ सजग पत्रकारों की आलोचना किनारे कर दी जाती है कि अगर इस प्रकार नेतृत्व करने वाले लोग दिखावा भरी शादियां करेंगे तो समाज में दिखावा बढ़ेगा ही। क्षेत्रवाद, भाषावाद और धार्मिक या जातीय आधार पर लड़ने वाले नेता से लेकर प्रबुद्ध लोग ऐसी शादियों को अनुचित नहीं बताते बल्कि एंजॉय करते हैं। भारत में विवाह एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है । यदि एक अध्ययन किया जाए की समाज में बेमेल विवाह और कुंवारी लड़कियों लड़कियों की संख्या और उनकी स्थिति क्या है तो चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। अनेक परिवारों में विवाद वैमनस्य और और हत्याओं तक के पीछे ऐसे बेमेल विवाह होते हैं जिससे परिवारों से लेकर समाज में बिखराव होता है। अंतरजातीय विवाह से इसके समाधान का प्रयोग भी असफल ही साबित हुआ है आजकल अंतरधार्मिक विवाह में भी विवाद हैं गहराई से अध्ययन किया जाए तो इसके मूल में भी दहेज के कारण विवाह का समय पर नहीं होना है। समय आ गया है कि अनाप-शनाप खर्च करने वाले लोगों पर लगाम लगाई जाए और जिस प्रकार भ्रष्ट लोगों पर केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई करती है वैसी कार्रवाई हो उनसे पूछा जाए कि यह पैसे कहां से और कैसे प्राप्त किए गए शायद इससे शादियों में सादगी दिखाई पड़े। समाज को भी मंदिरों गुरुद्वारों और चर्च जैसी संस्थाओं में विवाह को बढ़ावा देना चाहिए।


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



एआई जेनरेटेड

### 56 रिटायर्ड जजों की पूर्व न्यायाधीशों को नसीहत, कहा

# बयानबाजी से न्यायपालिका की गरिमा को पहुंच रहा नुकसान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश के पूर्व न्यायाधीशों के एक समूह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों द्वारा की गई टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक बयानों से न्यायपालिका की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। 56 रिटायर्ड जजों ने बयान जारी करते हुए कहा कि कुछ पूर्व न्यायाधीशों द्वारा बार-बार राजनीतिक बयान देना और न्यायिक स्वतंत्रता के नाम पर पक्षपातपूर्ण रुख अपनाना न्यायपालिका की गरिमा और निष्पक्षता को नुकसान पहुंचा रहा है।

देश के पूर्व न्यायाधीशों के एक समूह का यह बयान तब आया है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुदर्शन रेड्डी का जिक्र करते हुए सलवा जुडूम फैसले को लेकर टिप्पणी की थी। इसके बाद कुछ पूर्व जजों ने सुदर्शन रेड्डी पर टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। इसके जवाब में देश के 56 पूर्व न्यायाधीशों ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में उतरने वाले पूर्व न्यायाधीश को अन्य उम्मीदवारों की तरह ही **शेष पेज 11 पर**

# न्यायाधीश नवनीत ने विद्युत नियामक आयोग अध्यक्ष पद की ली शपथ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को राज भवन के दरबार हॉल में झारखंड उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायाधीश नवनीत कुमार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति संबंधी अधिसूचना का वाचन किया।

तत्पश्चात राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने उन्हें शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल ने नवनियुक्त अध्यक्ष को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड विधानसभा की सदस्य कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं पुलिस सेवा के पदाधिकारी, अतिथि व नवनियुक्त अध्यक्ष के परिजन उपस्थित थे।



- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ
- मौके पर मुख्यमंत्री व विधायक कल्पना सोरेन भी थी मौजूद

## कुरकुरे हत्याकांड : पूर्व पार्षद मो. असलम की जमानत याचिका खारिज

# दो और आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हिंदपीढ़ी निवासी साहिल गद्दी उर्फ कुरकुरे की 10 अगस्त 2025 को भट्टी चौक के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हाईप्रोफाइल हत्या कांड में कार्रवाई तेज़ हो गई है। हत्या मामले के मुख्य साजिशकर्ता आरोपी पूर्व पार्षद मो. असलम की जमानत याचिका रांची की सीजेएम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अविनाश कुमार ने बहस की थी। अदालत के फैसले के बाद असलम को न्यायिक हिरासत में जेल में ही रहना होगा। उसकी ओर से 22 अगस्त को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की गई थी। जमानत परअसलमरांची जेल से बाहर निकला ही था कि तभी उसे दोबारा 12 अगस्त कोगिरफ्तारकर लिया गया। असलमपर जेल में रहते हुए साहिल गद्दी उर्फकुरकुरे की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। इधर, फरार चल रहे आरोपी अमन राजा ने अदालत में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना के बाद से अमन राजा भूमिगत हो गया था, लेकिन लगातार पुलिस दबिश के बाद उसने अदालत का दरवाज़ा खटखटाया। वहीं, पुलिस ने एक अन्य आरोपी मो. फिरोज को चाईबासा से दबोच लिया। जांच में सामने आया है कि फिरोज ने घटना के बाद मुख्य आरोपी मो. अरमान और अन्य अपराधियों को अपने घर में शरण दी थी। पूछताछ में अरमान ने भी इस तथ्य की पुष्टि की थी। इससे पहले पुलिस मो. अरमान, मो. असलम और मो. आसिफ समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब अमन राजा और मो. फिरोज की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की जांच और तेज़ हो गई है।

# सूर्या की तुलना गुरुजी से करना भद्दा मजाक, माफी मांगें बाबूलाल : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तुलना सूर्या हांसदा से करने पर झामुमो ने भाजपा को कटघरे में खड़ा किया है।



पार्टी महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में कहा कि बाबूलाल मरांडी को शिबू सोरेन का अपमान करने पर राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने अपराधी सूर्या हांसदा से उनकी तुलना करने को भद्दा मजाक व भाजपा नेताओं के मानसिक रोग का लक्षण बताया। सुप्रियो ने कहा कि शिबू सोरेन एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संस्थान थे। उनके आंदोलनों पर देश-विदेश में शोध हो रहा है। सूर्या हांसदा को झाविमो का टिकट बाबूलाल ने ही दिया था और अब भाजपा में उनके प्रति प्रेम स्वाभाविक है। लेकिन झामुमो की राजनीतिक पाठशाला से निकले अर्जुन मुंडा जैसे नेता को गुरुजी का सम्मान करना चाहिए, जिनकी उंगली पकड़कर उन्होंने राजनीति सीखी। झामुमो ने मांग की कि जेएससीए स्टेडियम का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन क्रिकेट स्टेडियम किया जाए, क्योंकि शिबू सोरेन ने ही भूमि पूजन किया था। साथ ही, विधानसभा से प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजा जाए, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर शोध संस्थान गठित हो। इसके अलावा सुप्रियो ने एसआइआर, वोट चोरी और 130वें संविधान संशोधन पर विधानसभा से प्रस्ताव लाने की मांग की। कहा कि वोट चोरी का प्रमाण मिल चुका है। राज्य पिता घोषित करें दिशोम गुरु को झामुमो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को राज्य पिता घोषित करने की मांग उठाई है। मंगलवार को प्रवक्ता मनोज कुमार पांडेय ने इस संबंध में सीएम हेमंत को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि झारखंड का कण-कण दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन का ऋणी है। झारखंड निर्माण के लिए उन्होंने बचपन, जवानी और बुढ़ापा समर्पित किया। आंदोलन में उपहास, प्रताड़ना, जेल और यातनाएं सहीं, पर वे न रुके, न थके। उनके सपने से झारखंड बना। उनके निधन से राज्य शोकाकुल है। यह शून्यता कभी न भरेगी। जैसे भारत गांधीजी के प्रति कृतज्ञ है, वैसे ही गुरुजी के प्रति है। उन्हें राज्य पिता घोषित कर सरकारी कार्यालयों में उनकी तस्वीर अनिवार्य करें।

# राज्य की जनता को राहत चाहिए राजनीति नहीं : डॉ इरफान अंसारी

- हमारी तैयारी हर आपदा से बड़ी, जनता की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : आपदा मंत्री



- पिछले वर्ष (2024-25) 536 लोगों की मृत्यु 1,620 मकान क्षतिग्रस्त और 67,211 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में विशेष चर्चा के दौरान राज्य के आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारी वर्षा और अतिवृष्टि से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध है।

मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों (2023-24, 2024-25) में मई-जुलाई में बारिश सामान्य से कम थी, जबकि वर्तमान वर्ष (2025-26) में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है। मई में 107%, जून में 84% और जुलाई में 29% अधिक वर्षा हुई। वर्तमान समय में राज्य के कई जिलों में रेड, ऑरेंज और येलो जारी है।

वहीं राज्य में अब तक अतिवृष्टि व प्राकृतिक घटनाओं से अब तक 486 मौतें (09 अतिवृष्टि, 01 बाढ़, 188 वज्रपात, 192 डूबने से, 96 सर्पदंश) हुई है। 10,900 कच्चे मकान आंशिक रूप से, 474 कच्चे मकान पूरी तरह, 212 पक्के मकान आंशिक और 18 पक्के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा कृषि क्षति 23,886 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुई है। पिछले वर्ष (2024-25) 536 लोगों की मृत्यु, 1,620 मकान क्षतिग्रस्त और 67,211 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी।

उन्होंने कहा क सरकार आपदा से निपटने के लिए तत्पर है। इसके लिए आपदा प्रभावितों को मदद के लिए अब तक लगभग 48.15 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। चार माह में ही जिलों को 52.00 करोड़ की राशि राहत और पुनर्वास कार्यों हेतु उपलब्ध कराई जा चुकी है। अधियाचनाओं पर 24 घंटे के भीतर राशि जारी की जा रही है। वज्रपात की घटनाओं को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक फील्ड मिल योजना की शुरुआत की गई है। पहले चरण में रांची, जमशेदपुर, गुमला, बोकारो और पलामू जिलों के 25 पंचायतों में यह तकनीक लगाई जाएगी।

डॉ. अंसारी ने विपक्ष पर सीधा वार करते हुए कहा कि जहां हमारी सरकार संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है, वहीं विपक्ष सिर्फ बयानबाज़ी और अफवाह फैलाने में व्यस्त है। जनता को राहत चाहिए, राजनीति नहीं।

अंत में मंत्री ने जनता को आश्वस्त किया कि हमारा संकल्प साफ है – आपदा चाहे कितनी भी बड़ी हो, हमारी तैयारी उससे बड़ी होगी। हमारे लिए सत्ता नहीं, जनता पहले है।

## न्यूज बॉक्स

### छात्रवृत्ति को लेकर मंच के सदस्य आदिवासी कल्याण आयुक्त से मिले



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच का प्रतिनिधि मंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में झारखंड आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी से मुलाकात की। एंजेल नर्सिंग कॉलेज छात्रवृत्ति की समस्याओं अवगत कराया। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा कि कहा की सत्र 21–25 के छात्र छात्राओं का सत्र 23– 24 एवं 24 –25 का छात्रवृत्ति भुगतान अब तक नहीं हुआ है। शुक्ला ने कल्याण आयुक्त से कहा के जब इसकी मान्यता 2023 मे रद्द हुई तो सत्र 21– 25 के छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति को क्यों रोक दिया गया, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए झारखंड राज्य आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी ने तुरंत सिमडेगा डीसी को इस पर संज्ञान लेने को कहा। प्रत्यानिधि मंडल मे मुख्य रूप से अभिषेक शुक्ला, अंकेश कुमार, पप्पू रजक, अस्मिता एक्का, निक्की करकेट्टा, विजेता करकेट्टा, नीलम सोरेंग, प्रशता तिर्की, नीना स्वेता, अंशु, शशि निकिता, सोरेंग आदि शामिल थे।

### रांची के मेन रोड समेत कई इलाके में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली



**रांची।** रांची सेंट्रल विद्युत आपूर्ति प्रमंडल से संबद्ध पॉलिटेक्निक सब स्टेशन से जुड़े 11 केवी बसारटोली, मेन रोड, चर्च रोड, सुजाता और पत्थलकुदवा फीडर बुधवार को दिन के 12 से तीन बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर की देखरेख से संबंधित काम होगा। फीडरों के तीन घंटे तक बंद रहने के दौरान मेन रोड, सुजाता चौक, कर्बला चौक, गोस्सनर कॉलेज, सिरम टोली, डॉ फतेउल्लाह रोड, कडरू रोड, चर्च कॉम्प्लेक्स, सैनिक मार्केट, उर्दू लाइब्रेरी और इसके आसपास के इलाके में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।


### गांजा तस्करी मामले में मुन्ना बरनवाल को 15 साल की हुई सजा

**रांची।** गांजा तस्करी के आरोप में 8 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी रामनगर, न्यू मधुकम निवासी मुन्ना बरनवाल को अदालत ने 15 साल कैद की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने मंगलवार को सुनाई। साथ ही उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। मामले से जुड़े अन्य दो आरोपी जितेंद्र सिंह उर्फ मछली सिंह और हरेंद्र सिंह को सबूत के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया। विशेष लोक अभियोजक कुमार बशिष्ठ प्रसाद ने अदालत में सात गवाहों को प्रस्तुत किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 11 सितंबर 2017 की शाम 6 बजे नारकोटिक पदाधिकारी ने गुप्त सूचना के आधार पर मुन्ना बरनवाल के घर छापेमारी की थी। इस दौरान 22 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। मुन्ना बरनवाल के बेटे सूरज के बयान पर जितेंद्र सिंह और हरेंद्र सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। लेकिन, सुनवाई के दौरान उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत पेश नहीं हो सका। दस्तावेजी सबूत और गवाहों के आधार पर अदालत ने मुन्ना बरनवाल को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 25 के तहत दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

### घूस मामले के आरोपी राजस्वकर्मी की डिस्चार्ज याचिका पर नौ को सुनवाई

**रांची।** चान्हो अंचल के राजस्वकर्मी बेंजामिन कुजूर की डिस्चार्ज याचिका पर एसीबी की विशेष कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसीबी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख नौ सितंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। मामले में आरोप गठित होना है, इससे पहले उसने खुद पर लगे आरोप से मुक्त कराने के लिए डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला 1 मार्च 2024 का है, जब एसीबी ने बेंजामिन कुजूर को 7000 रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। पीड़िता सुनीता उरांव ने 6 फरवरी 2024 को 5 डिसमिल जमीन खरीदी थी और म्यूटेशन कराने के लिए चान्हो अंचल में ऑनलाइन आवेदन किया था। आरोप है कि राजस्वकर्मी ने इसके बदले 16 हजार रुपये की घूस मांगी। पीड़िता से 8500 रुपये ले लिए गए, बाकी 7500 रुपये देने पर काम करने की बात कही गई। शिकायत पर एसीबी ने सत्यापन के बाद कार्रवाई की थी।

### पिता से मिला संस्कार हमारी ताकत और संबल : मथुरा महतो



**रांची।** झारखंड विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो ने मंगलवार कोअपने पिता ऋषिकेश महतो की 91वीं जयंती मनाई। दीनदयाल नगर स्थित आवास पर आयोजित इस जयंती समारोह में सबसे पहले उन्होंने अपने पिता के तस्वीर पर श्रद्धा के फूल अर्पित किया और शीश झुकाकर नमन किया। तत्पश्चात जयंती समारोह में उन्होंने कहा कि पिताजी भले ही हमारे बीच नहीं है मगर उनके दिए गए संस्कार हमारी ताकत व संबल है। आज बतौर विधायक टुंडी विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य भर के लोगों की सेवा अपने पिताजी से मिले सद्गुणों व अच्छे आचरण की वजह कर रहा हूं। पिताजी हमेशा अन्याय व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ रहते थे। पिताजी से मिली प्रेरणा के दम पर हमारा सामाजिक सरोकार भी बना हुआ है। इस अवसर पर मनोज महतो, मदन महतो, दिनेश महतो, दिवाकर महतो, सुमित महतो विकास महतो, अर्जुन महतो ,राजेश महतो और ऋतिक महतो सहित कई लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का का बड़ा दावा

# भूख से बेहाल बच्चों को नशा देकर चुप कराते हैं मां-बाप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर हेमंत सोरेन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



उन्होंने दावा किया है कि पूर्वी सिंहभूम जिले के आदिवासी गांवों में लोग भूख से बेहाल अपने बच्चों को खाना खिलाने के बजाय नशा देकर चुप करा रहे हैं। मरांडी ने यह भी कहा कि यह दृश्य न केवल राजनीति बल्कि इंसानियत के लिए भी सवाल खड़े करता है। मरांडी ने सोशल मीडिया पर वीडियो के साथ लंबा पोस्ट भी शेयर किया। उनके मुताबिक, सबर और बिरहोर जनजाति भूख, कुपोषण और लाचारी के उस अंधेरे में धकेल दी गई है, जहां बच्चे शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा,जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए थे, उस उम्र में उन्हें नशे की लत में धकेला जा रहा है।

उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि उन जनजातियों की सुध ली जाए, जिनके नाम पर आपने वोट लिए थे। साथ ही जिला प्रशासन को भी अपने स्तर पर आदिवासी समाज को इस नशे की कुरीति से दूर कर जागरूक करना होगा, यह हमारी आदिवासी सभ्यता के सरंक्षण के लिए अति आवश्यक है।

**सरकार पर हमला :** मरांडी ने कहा कि खुद को आदिवासी हितैषी बताने वाली सरकार को आज शर्म से सिर झुका लेना चाहिए। जिन आदिवासियों की आवाज़ पर यह सत्ता में आई, उन्हीं को जीवन और शिक्षा से वंचित छोड़ दिया गया। सबर और बिरहोर जनजातियां हमारी पहचान और अस्मिता का हिस्सा हैं। लेकिन भूख और नशे ने उन्हें लुप्त होने की कगार पर पहुंचा दिया है।

**आवाज उठाने वालों का एनकाउंटर :** उन्होंने आगे कहा, झारखंड आज उस मुक़ाम पर है, जहां सत्ता में बैठे लोगों को आदिवासी बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। और जो कोई इन बच्चों की शिक्षा और भविष्य के लिए आवाज़ उठाना चाहता है, उसे एनकाउंटर में ख़ामोश कर दिया जाता है।

# नालसा योजना जागृति व संवाद से लाभांवित हों ग्रामीण : शिवानी सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में नालसा द्वारा संचालित योजना -'संवाद' एवं 'जागृति' पर मांडर प्रखंड के महुआजरी पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह, पीएलवी दानीश अंसारी, कालिंदर गोप, सोनी कुमारी, अफताब अंसारी, तालिब अंसारी, शामी अंसारी, राजा वर्मा एवं पंचायत भवन के कर्मचारी उपस्थित थे। शिवानी सिंह ने संविधान के अनुच्छेद-14,15 और अनुच्छेद 21 के बारे में लोगों को जागरूक किया तथा संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत सभी नागरिकों को विधिक सहायता दिये जाने के संबंध में गरीब, बेसहारा, जरूरतमंद लोगों को जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि वैसे व्यक्ति जो अपने बातों को न्यायालय में नहीं रख पाते हैं या न्याय पाने से वंचित रह जाते है, उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा सेवारत है। सुश्री सिंह ने नालसा के द्वारा संचालित योजना घर-घर न्याय की जागृति, जो नालसा जागृति योजना - 2025 तथा नालसा संवाद योजना - 2025 के दोनों योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इसी के साथ ही नालसा योजना संवाद एवं जागृति पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन का शुभारंभ बारीडीह पंचायत ओरमांझी से प्रारंभ किया गया। उक्त दोनों योजनाओं के तहत डालसा द्वारा पीएलवी के कार्यों के बारे में ग्रामीणों को बताया गया और उनकी समस्याओं का निदान किस प्रकार किया जाना है तथा सरकार द्वारा दी जानेवाली कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर चर्चा की गयी। 'जागृति' योजना के तहत बाल विवाह, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल श्रम, नशा, अनाथ बच्चों से संबंधित, स्पॉन्सरसीप योजना, सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, असंगठित मजदूर के सुरक्षा से संबंधित विधिक जानकारी दी गयी।

## ईस्ट टेक संगोष्ठी | "आत्मनिर्भर से संपूर्णता" पर संगोष्ठी का आयोजन, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा

# ईस्ट टेक के आयोजन से झारखंड की तकदीर बदलने का प्रयास

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि ईस्ट टेक 2025 के आयोजन से झारखंड की तकदीर बदलने का प्रयास है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी ईस्ट टेक 2025 में सहयोग करने की बात कही है। झारखंड की एक अच्छी इमेज देश में बनाने का एक मौका है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हमें यह एक मौका दिया है कि झारखंड के उद्यमियों, स्टार्टअप अपने कार्यक्षमता के बल पर आत्मनिर्भर भारत बनाने अपना योगदान दे सके। रक्षा सेक्टर में कई नये और बड़े काम हो रहे है। लेकिन अभी भी कई मामलों में पीछे है, यही कारण है कि रांची में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। श्री सेठ मंगलवार को दीपाटोली स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में ईस्ट टेक संगोष्ठी 2025 "आत्मनिर्भर से संपूर्णता" में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इसका आयोजन एसआइडीएम और सीआइआइ झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने ईस्ट टेक 2025 के "लोगों" का भी अनावरण किया गया।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर रक्षा मंत्रालय। इसी सपने को साकार करने के लिए झारखंड के उद्यमियों को एक मौका मिल रहा है कि वे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान दे सके। ईस्ट टेक के माध्यम से एक मौका मिला है, इसका लाभ जरूर उठाएं। रक्षा सेक्टर में पूरी संभावनाएं और मांग है। श्री सेठ ने कहा कि अभी हम 92 देशों को रक्षा सामाग्री को एक्पोर्ट कर रहे है। अभी तक 23 हजार करोड़ से अधिक रूपये का एक्सपोर्ट किया जा चुका है। अब इसका लक्ष्य 50 हजार करोड़ रूपये के एक्सपोर्ट करने का तय किया गया है। इय तय लक्ष्य को पूरा करने में झारखंड के उद्यमी सहयोग करें। संगोष्ठी में ईस्टर्न कमांडेड मेजर जेनरल मदनराज पांडे ने कहा कि ईस्ट टेक 2025 के आयोजन से रक्षा सेक्टर को बहुत लाभ मिलने वाला है। रक्षा सेक्टर की जरूरतों को पुरा करने में यह एक्सपो मददगार साबित होगा। मेजर जेनरल सज्जन सिंह मान ने कहा कि ईस्ट टेक के माध्यम के सेना और इंडस्ट्री के बीच एक सहयोग बढ़ेगा। रक्षा सेक्टर में नयी तकनीक, उपकरण और इनोवेशन की जरूरत है। साथ ही भविष्य की तकनीक पर भी काम कर रहे हैं। ईस्ट टेक का आयोजन झारखंड के एमएसएमई और उद्यमियों के लिए एक गोल्डेन चांस है। एसआइडीएम के अशोक कानोडिया ने कहा कि भारत रक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्रालय पीएम के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में लगा हुआ है। मेजर जेनरल ने भी रक्षा सेक्टर की संभावनाओं के बारे में पूरी जानाकरी दी। बिग्रेडियर आशीष भट्टाचार्य ने रक्षा के क्षेत्र में एमएसएमई के रोल की जानकारी दी। सीआइआइ पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन संजय सबरपाल ने भी अपने विचार रखे।

संगोष्ठी में पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि ईस्ट टेक के आयोजन से झारखंड के एमएसएमई सेक्टर के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे कई दरवाजे खुलेंगे। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, जेसिया के सचिव शिवम सिंह, लघु उद्योग भारती के सचिव विनोद कुमार अग्रवाल, सिंहभूम चैंबर के विजय आनंद समेत कई लोगों ने ईस्ट टेक के आयोजन को झारखंड के लिए फायदेमंद बताया। धन्यवाद ज्ञापन बिग्रेडियर राजकुमार ने दिया।

### लोक सेवा समिति के अध्यक्ष ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची।** लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें समिति की 34वीं वर्षगांठ पर आमंत्रित किया गया, जिसे सुनकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए। संजय सेठ ने समिति को शुभकामनाएं दीं और आश्वस्त किया कि वे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उनकी उपस्थिति से निश्चित रूप से समिति का यह महत्वपूर्ण अवसर और भी विशेष होगा। लोक सेवा समिति अपनी 34वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर समिति ने पद्मश्री से सम्मानित महानुभावों, समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ झारखंड राज्य एवं देश के मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है। यह आयोजन न केवल समिति के लिए बल्कि समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। समिति की ओर से सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया जाएगा। लोक सेवा समिति की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आभार व्यक्त किया जाता है कि उन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर हमें सम्मानित किया और हमारी वर्षगांठ में शामिल होने का वादा किया।

### पंचशील नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति की डीसी ने की समीक्षा, कहा

# राजस्व नक्शा के अनुसार जल स्त्रोतों के आसपास से अतिक्रमण को हटाया जाए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची जिला एवं शहर के जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। ऑनलाइन बैठक में उपायुक्त ने शहर के नदी, तालाब, डैम एवं विभिन्न जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। मौके पर डीसी ने पंचशील नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व नक्शा के अनुसार जल स्त्रोतों के आसपास से अतिक्रमण हटाया जाए। साथ ही सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का भी निर्देश दिया। डीसी ने अंचल अधिकारियों से कांके, हटिया एवं गेतलसूद डैम के आसपास से अतिक्रमण हटाने की प्रगति रिपोर्ट ली। वहीं निर्देश दिया कि जिन चिन्हित अतिक्रमकारियों को नोटिस जारी किया गया है, उन्हें शीघ्र हटाएं। हरमू, हिनू एवं भूसुर नदी के साथ शहर के प्रमुख तालाबों से भी अतिक्रमण हटाने का दिशा निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि शहरी क्षेत्र के सभी जल स्त्रोतों की उनके मूल नक्शा के आधार पर उनका आकार चिन्हित करते हुए जल क्षेत्र की भूमि तथा उसके आसपास की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाएं। साथ ही उन्होंने अपर समाहर्त्ता को रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिया, जिसके आधार पर सभी अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जल स्त्रोत हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि रांची के सभी जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षित किया जाए। नागरिकों से भी अपेक्षा है कि वे जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण न करें और जल संरक्षण की दिशा में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, नगर निगम रांची के संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, एवं अंचल अधिकारी कांके, ओरमांझी, अनगड़ा, बड़गाईं, शहर, अरगोड़ा, हेहल, रातू, नगड़ी एवं नामकुम उपस्थित थे।

- **पंचशील नगर में अतिक्रमण से जल भराव के मुद्दे को सिर्फ राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था**
- **जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण न करें व जल संरक्षण के लिए प्रशासन का सहयोग करें**
- **अपर समाहर्त्ता को रोस्टर तैयार करने का निर्देश**

## रांची जिला के सभी अंचलों में हर मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन



- **जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना है : डीसी**
- **जनता दरबार में कई मामलों का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिले के सभी अंचलों में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार* का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन उपायुक्त के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों और समस्याओं को सुनना, उनका त्वरित निवारण करना और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।जनता दरबार में मुख्य रूप से आवासीय, जाति, आय एवं स्थानीय प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन, दाखिल-खारिज एवं भूमि विवाद निवारण, पंजी-2 में सुधार एवं भूमि अभिलेख संबंधी कार्य, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आवेदन, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन से जुड़ी शिकायतें, मनरेगा एवं कृषि ऋण माफी, केसीसी से संबंधित मामले, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लंबित भुगतान आदि से संबंधित शिकायतें आयीं जिनमें कइयों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया जबकि जटिल मामलों को संबंधित विभाग/कार्यालय को अग्रसारित किया गया। जनता दरबार का आयोजन जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के लिए किया जा रहा है। इस मंच के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएँ, जैसे भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ, प्रमाण पत्रों से संबंधित मुद्दे, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ, और अन्य प्रशासनिक शिकायतें सीधे अधिकारियों के समक्ष रखा। यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-केंद्रित प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।आइए, मिलकर एक सशक्त और समाधान-उन्मुख रांची बनाएं। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार एक ऐसा मंच है, जहाँ हम आम लोगों की हर समस्या को सुनते हैं और तुरंत समाधान की दिशा में कदम उठाते हैं।

## महिलाओं ने की अखंड सौभाग्य की कामना...




अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने हरतालिका तीज का व्रत रखा। इस दौरान सुहागिनों ने पूरे दिन निर्जला उपवास रहकर पूजा की वहीं पति की लंबी आयु और सुख-सौभाग्य की कामना की। इस व्रत में सुहागिन महिलाएं मां पार्वती और शिवजी की पूजा करती हैं।

## बीआईटी मेसरा में 'एआई एंड इट्स डाइमेंशन्स' विषय पर सेमिनार



**रांची।** बीआईटी मेसरा में 'एआई एण्ड इट्स डाइमेंशन्स' विषय पर आयोजित सेमिनार में 62 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें छात्र, अकादमिक एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल रहे। एआईसीटीई वानी द्वारा स्पॉन्सर्ड इस कार्यक्रम ने वाइब्रेन्ट प्लेटफॉर्म की भूमिका निभाई, जहां समाज, शिक्षा एवं इनोवेशन पर एआई के प्रभाव पर रोशनी डाली गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में डॉ नारायण पानीग्रही, वैज्ञानिक एच, डीआरडीओ बैंगलोर, प्रोफेसर संजय कुमार मेहर, आईएसआई बैंगलोर, सिस्टम इंटेलीजेन्स युनिट उपस्थित थे। डॉ पानीग्रही ने भाषा- खासतौर पर मातृ भाषा के महत्व पर ज़ोर दिया, इसे युद्ध में रक्षा उपकरण बताया जो मानव एवं मशीन इंटेजेन्स के बीच तालमेल बनाने में सक्षम है। एक मां किस तरह अपने बच्चे को भाषा एवं अन्य ज्ञान देती है, इसका उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने एआई लर्निंग मॉडल को समझने के लिए आकर्षक ढांचा प्रस्तुत किया। जाने-माने संस्थानों जैसे आईआईटी मद्रास, एनआईटी राउरकेला, सीएसआईआर नई दिल्ली और बीआईटी मेसरा के विशेषज्ञों तथा उद्योग जगत के पेशेवरों ने आधुनिक अनुसंधान, केस स्टडीज़ एवं वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर रोशनी डाली।



## सीयूजे में सत्र 2025-26 के लिए 4-वर्षीय कार्यक्रमों में नामांकन शुरू

- नामांकन प्रक्रिया 26 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगी : प्रो. जीपी सिंह

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 4 वर्षीय एकीकृत बीए-बीएड एवं बी एससी-बीएड (आईटीईपी) कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की है। नामांकन के लिए कुल 100 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 50 सीटें बीए-बीएड तथा 50 सीटें बी एससी -बीएड कार्यक्रमों के लिए निर्धारित की गई हैं। प्रो. जीपी सिंह ने बताया कि नामांकन केवल आईटीईपी-एनसीईटी 2025 स्कोर के आधार पर होगा। बीए-बीएड में प्रवेश के लिए न्यूनतम 50% अंक 12वीं अथवा समकक्ष परीक्षा में आवश्यक हैं तथा बी.एससी.-बी.एड. हेतु विज्ञान संकाय से 12वीं में न्यूनतम 50% अंक अनिवार्य हैं। एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल, नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांग उम्मीदवारों को 5% अंकों की छूट दी जाएगी। प्रो. सिंह ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया 26 अगस्त से 6 सितम्बर तक ऑनलाइन होगी। पंजीकरण शुल्क सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस के लिए 800/-, एससी/एसटी हेतु 400/- तथा दिव्यांग/महिला अभ्यर्थियों के लिए 200/- निर्धारित है।

## योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए जागरुकता रथ रवाना




- **जागरुकता रथ से लोगों को खाद्यान्न एवं सामग्री की जानकारी दी जाएगी**

**रांची।** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ रवाना किया गया। अपर समाहर्त्ता राम नारायण सिंह एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया। जागरुकता रथ के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना -सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना एवं चीनी वितरण योजना अंतर्गत मिलने वाली खाद्यान्न एवं सामग्री की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। अंत्योदय अन्न योजना के (पीला कार्ड) लाभुकों को प्रति कार्ड 35 किलो अनाज नि:शुल्क, गुलाबी कार्डधारियों को प्रति सदस्य 5 किलो अनाज नि:शुल्क, हरा कार्डधारी को प्रति सदस्य 5 किलो अनाज नि:शुल्क, 10 रुपये में एक साड़ी एवं एक धोती/लुंगी (प्रति 6 माह में) सहित योजना अंतर्गत अन्य लाभ प्राप्त होता है।

## 168 वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 168 वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम रसायन तुम्हारे पासा सदा रहो रघुपति के दासा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया डॉ उषा डॉ प्रवीण नारसरिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की।

## चीनी दूतावास का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सीयूजे के दौरे पर पहुंचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारत में स्थित चीनी दूतावास का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के दौरे पर पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में यांग जियुहुआ (काउंसलर), झांग हैलिन (प्रथम सचिव), फांग बिन (तृतीय सचिव), डाई जेरुई (अटैशे) और ली किन्यान (अटैशे) शामिल थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान संकाय और विभाग के सदस्यों भी प्रशासनिक भवन में मौजूद थे।
प्रो. दास ने सभी का स्वागत करते हुए प्रतिनिधिमंडल के झारखंड और सीयूजे में आगमन पर धन्यवाद दिया और सीयूजे के सुदूर पूर्व भाषा विभाग में चीनी भाषा और संस्कृति की शिक्षा से अवगत कराया। उन्होंने विभाग के उत्तरोत्तर विकास पर जानकारी दी और भारत - चीन संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर जोर दिया। चर्चा के दौरान विश्वविद्यालय ने चीनी विभाग से आगे बढ़कर अन्य विषयों में भी शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रमों के विस्तार की इच्छा जताई। साथ ही सीयूजे के छात्रों के लिए चीनी भाषा और संस्कृति को जानने और पढ़ाई करने के लिए और अधिक स्कॉलरशिप प्रदान करने के लिए बात हुई। प्रतिनिधिमंडल के साथ पुस्तकालय और अनुसंधान क्षेत्र में सहयोग के लिए चीनी भाषा की पुस्तकों की उपलब्धता, सीएनकेआई सदस्यता और संयुक्त शोध परियोजनाओं की पहल पर भी बातचीत हुई। इसके अतिरिक्त, सीयूजे ने एक चीनी भाषा प्रयोगशाला की स्थापना और चीन में सीयूजे प्रतिनिधिमंडल की वार्षिक यात्राओं का प्रस्ताव भी रखा। भेंट के उपरांत प्रतिनिधिमंडल को परिसर का भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, संवाद सत्र आयोजित हुए और विभागों का दौरा भी किया गया। इस अवसर पर भाषा संकाय की प्रमुख प्रो. श्रेया भट्टाचार्जी, सीयूजे के डीन अकादमिक, प्रो. मनोज कुमार, कुलसचिव, के कोसल राव, वित्त अधिकारी, पीके पंडा, परीक्षा नियंत्रक, डॉ बीबी मिश्रा, सुदूर पूर्व भाषा विभाग के अध्यक्ष, प्रो. रबिंद्रनाथ सरमा, और विभाग के प्राध्यापक डॉ अर्पणा राज, डॉ संदीप बिस्वास, एवं श्री सुशांत कुमार भी मौजूद थे।

### आज / कल




## सीएमपीडीआई ने 'यथासंभव प्रयास संपूर्ण विकास' के साथ किया एमओयू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सीएमपीडीआई ने कांके प्रखंड के 5 सरकारी स्कूलों में ''पंच तत्व स्कूल परिवर्तन कार्यक्रम'' नामक एक सीएसआर परियोजना के कार्यान्वयन के लिए यथासंभव प्रयास सम्पूर्ण विकास (आईपीएसवी), रांची के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस परियोजना का उद्देश्य स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल, सौर ऊर्जा, मासिक धर्म स्वच्छता सहायता, पोषण पूरकता और स्मार्ट कक्षाओं जैसे पांच विषयगत क्षेत्रों में लगभग 1500 सरकारी स्कूली छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करना है। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) आरके महापात्रा की उपस्थिति में संस्थान के सीएसआर के नोडल अधिकारी संदीप कुमार भगत और वाईपीएसवी के सचिव इंद्रजीत कुमार ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के तहत सीएमपीडीआई पेयजल प्रणालियों की संस्थापना, सौर प्रकाश व्यवस्था, स्मार्ट कक्षाएं, सैनिटरी पैड डिस्पेंसर और बाजरा-आधारित पोषण पूरकों के वितरण के साथ-साथ स्वच्छता और डिजिटल शिक्षा पर जागरूकता सत्रों की सुविधा प्रदान करेगा। सीएमपीडीआई के सीएसआर निधि से चालू वित्त वर्ष में इस परियोजना के लिए 32.73 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना को आगामी छह महीनों में क्रियान्वित किया जाएगा और संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था के साथ स्कूलों को सौंप दिया जाएगा। यह पहल सीएमपीडीआई की सामाजिक निगमित दायित्व जनादेश के अंतर्गत समावेशी विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की दर्शाता है।



# यूरिया की कालाबाजारी से किसान हो रहे हैं परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**




**मांडर।** विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों किसान यूरिया की भारी कमी और कालाबाजारी से जूझ रहे हैं। आरोप है कि खुले बाजार में यूरिया तय कीमत से काफी अधिक दाम पर बिक रहा है, जबकि सरकारी केंद्रों पर यह उपलब्ध नहीं है। सन्नी टोप्पो ने दावा किया है कि राज्य भर में किसानों को यूरिया की एक बोरी 550 रुपये में बेची जा रही है, जबकि इसकी सरकारी कीमत बहुत कम है। यूरिया की कमी से परेशान किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई किसानों को मजबूरी में अधिक दाम पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। इस स्थिति से किसानों में आक्रोश है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर समय रहते सरकार ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया, तो इसका सीधा असर कृषि उत्पादन पर पड़ेगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होगा। यदि जल्द ही किसानों की इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे मांडर विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा और उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा किसानों के साथ खड़े हैं और उनकी लड़ाई में उनका साथ देंगे।

# पिठौरिया में गणेश चतुर्थी की तैयारी जोरों पर



**पिठौरिया।** गणेश चतुर्थी को लेकर पिठौरिया में उत्साह का माहौल है। पंडालों की सजावट और मूर्तियों की स्थापना का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मिलकर तैयारी में जुटे हुए हैं। विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्थानीय समिति ने बताया कि इस बार विशेष आकर्षण के लिए झांकियां और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। वहीं बच्चों और युवाओं में भी उत्साह देखा जा रहा है।

# लापुंग में करम पूर्व संध्या समारोह 30 को चल रही व्यापक तैयारियां

**लापुंग।** करमा पूजा आयोजन समिति सरना प्रार्थना सभा और पड़हा संचालन समिति के तत्वावधान में आगामी 30 अगस्त को लापुंग प्रखंड के कॉलेज मैदान में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए संजय उरांव ने कहा कि पारंपरिक आदिवासी व्यवस्था एवं परम्परा के अनुसार करमा पूजा को लेकर शनिवार को पड़हा स्तरीय करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया है। गाजा बाजा और पारम्परिक वेशभूषा में आदिवासियों का बडा.समूह करम पूर्व संध्या समारोह में हिस्सा लेगा।

# तमाड़ में नवपदस्थापित सीओ ने लिया पदभार



**तमाड़।** अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित सीओ समरेश प्रसाद भंडारी ने पदभार लिया। मौके पर तमाड़ प्रमुख अजय सिंह मुंडा, पूर्व सीओ हंस हेब्रम, बीडीओ सावित्री कुमारी, अंचल निरीक्षक बचुवा उरांव, नजीर डेबिड कुमार,कर्मचारी संदीप उरांव आदि ने पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर नए सीओ का स्वागत किया। प्रमुख अजय सिंह मुंडा ने पूर्व सीओ का कार्यकाल का प्रशंसा करते हुए कहा कि नए सीओ समरेश प्रसाद भंडारी को अंचल में चल रहे योजना, पंजी टू सुधार एवं प्राकृतिक आपदा पर विशेष जोर देने की बात कही।

### लापुंग प्रखंड के गांव गांव में हरितालिका तीज आस्था के साथ मनाया गया

# सुहागिनों ने निर्जला रखकर अपने अखंड सौभाग्य का मांगा वर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के गांव गांव में सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर निर्जला उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना के साथ हरितालिका तीज की विधिवत पूजा अर्चना की। लापुंग प्रखंड के फतेहपुर, कातिंगकेला, ककरिया, देवगांव, महुगांव, बड़काकुरा, सुकूरहुटू, दानेकेरा, लालगंज, सेमला, दोलैचा, नावाटोली, गुदगुद, हुलसू, जरिया जमाकेल सहित दर्जनों गांवों में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज का व्रत रखकर पूजा अर्चना की। इस दौरान पूरे लापुंग प्रखंड में तीज का त्यौहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सुहागिन महिलाओं को निर्जला उपवास कर सोलह श्रृंगार कर गहनों से सज धज कर व श्रृंगार कर दिन में शिव मंदिरों में बालू का शिवलिंग बनाकर और केला का पौधा रखकर विधि पूर्वक पूजा पाठ करते देखा गया। लापुंग के हनुमान मंदिर व शिव मंदिरों में तीज व्रतियों ने प्रसाद व फल का भोग लगाए। हनुमान मंदिर थाना गेट के सामने पुजारी राजकुमार पाठक, राजेश पाठक, ककरिया में सीताराम पाठक, गौरव पाठक, सुरेश देवघरिया सहित अन्य पुजारियों ने सुहागिन महिलाओं को कलश स्थापना, गणेश पूजन, नव ग्रह पूजन, के साथ विधिपूर्वक पूजा पाठ करवाया और पूरे विधि विधान के साथ तीज व्रत की कथा सुनाई। अपने अखंड सुहाग की कामना करते हुए सुहागिन महिलाओं ने परिवार में सुख शांति के अलावे अपने देश में अमन चैन और शांति का वरदान मांगा। बुधवार की सुबह पारण के साथ तीज व्रतियों के द्वारा अपना निर्जला उपवास तथा व्रत तोड़ा जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तर पर सोमवार के दिन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के बीच मेजर ध्यानचंद के जीवन विषय पर प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एस एस +2 विद्यालय सिल्ली के छात्र मंजीत कुमार ने प्रथम स्थान,वहीं बालिका वर्ग में छात्रा शगुन चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर विद्यालय के शिक्षक आनंद प्रसाद ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा जिला स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में सफल होने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

### मजदूरी करने तमिलनाडु गया युवक लापता परिजन परेशान सन्हा दर्ज



**बेड़ो।** रांची जिले के बेडो.प्रखंड व थाना अंतर्गत हरिहरपुर जामटोली का युवक तमिलनाडु के आनुर नामक जगह से लापता हो गया है। वह बेड़ो के अपने गांव हरिहरपुर जामटोली से मजदूरी करने 19 अगस्त को अपने साथी बोका उरांव के साथ तमिलनाडु गया था। लेकिन अचानक वह लापता हो गया। यह जानकारी बोका उरांव ने लापता दिनेश गोप की पत्नी गायत्री देवी को फोन से दिया। बोका उरांव ने गायत्री देवी को बताया कि उसने दिनेश गोप को आनुर में सभी जगह तलाश किया लेकिन वह नहीं मिला। इधर हरिहरपुर जामटोली में लापता दिनेश गोप की पत्नी और उसके पूरे परिवार को खबर मिलने पर परिवार में चिंता की लहर दौड़ गई है। इस संदर्भ में गायत्री देवी ने बेडो.थाना में मामला दर्ज कराते हुए अपने पति दिनेश गोप को खोज निकालने की गुहार लगाई है।

### ब्राम्बे निवासी शंकर साहू के खाते से ऑनलाइन फ्रॉड, 4985 रुपए की निकासी


**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे निवासी शंकर साहू ने अपने साथ हुए ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत साइबर क्राइम सेल रांची के प्रभारी अधिकारी को लिखित आवेदन देकर की है। साहू ने बताया कि उनके ब्राम्बे स्थित बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 20 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 3 बजे पांच अलग-अलग बार में कुल 4985 रुपये की निकासी कर ली गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन ट्रांजैक्शनों की जानकारी उन्हें बाद में हुई, जबकि न तो उन्होंने स्वयं कोई लेन-देन किया और न ही किसी को अधिकृत किया था। खाते से हुए इस अवैध लेन-देन के बाद वे मानसिक रूप से परेशान हैं। पीड़ित ने दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

### बेड़ो प्रखंड में हरितालिका तीज व्रत रख कर सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु की कामना की



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य के लिए मंगलवार को हरितालिका तीज व्रत पर 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर पति की लंबे आयु की कामना की। पति को किसी प्रकार की दुख तकलीफ न हो इसके लिए भगवान शिव व पार्वती से प्रार्थना की। भगवान शिव एवं मां पार्वती की हरितालिका की कथा सुनी। पूजा पाठ करने के बाद बुधवार की सुबह विसर्जन किया जाएगा। तीज को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह और उल्लास देखा गया। तीज व्रत को लेकर बेडो.के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी । यहां अशोक पंडा व मेघनाथ गिरी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। वहीं प्रखंड के बेडो, तुको, खत्री खटंगा, पाकलमेडी, पहाड़कंडरिया, खुखरा, नरकोपी, सेरो, टेरो, मुरतो, महुगांव, पुरियो-कठरटोली, केशा, जरिया, मासू, मुडामु,हुटार, जहानाबाज, बारीडीह, ईटाचिल्द्री, जमनी पंडरा सहित दर्जनों गांवों में आचार्य जितेन्द्र पाठक, सोनू पंडा, सहित अन्य पुजारियों के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर सुहागिन महिलाओं का उत्साह और उल्लास अपने चरम पर था। सज धज कर महिलाएं चहक रही थीं। पूजन के लिए सुहागिन महिलाओं की भी सहभागिता रही। सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों में भी पूजा को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर चल रहा था। जो देर शाम तक जारी रहा। पतियों ने भी पूजन-अनुष्ठान में सहयोग करते हुए पूजा की आवश्यक तैयारियों में हाथ बंटाया।

### एपिरॉक ने भारत में रखी नए प्रोडक्शन और आरएंडडी सुविधा की नींव




**रांची।** माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्रीज के लिए अग्रणी प्रोडक्टिविटी और सस्टेनेबिलिटी पार्टनर, एपिरॉक एबी ने आज भारत के नासिक में नए प्रोडक्शन और आरएंडडी सुविधा की नींव रखी है। यह नई सुविधा एपिरॉक की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी भारत और दुनिया भर के ग्राहकों को हाई-क्वालिटी प्रोडक्ट और समाधान उपलब्ध कराती है, जो सेफ्टी व प्रोडक्टिविटी को और मजबूत बनाते हैं। यह नई साइट माइनिंग और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र के ग्राहकों के लिए अंडरग्राउंड और सरफेस इक्विपमेंट को डेवेलोप, इनोवेट और प्रोड्यूस करेगी। इस सुविधा में प्रोडक्शन और प्रोटोटाइपिंग के लिए बिल्डिंग्स, एक आरएंडडी लैब, ऑफिसेस और आउटडोर इक्विपमेंट टेस्ट ट्रैक शामिल होंगे। इसके 2026 की तीसरी तिमाही में संचालन शुरू करने की उम्मीद है, और आने वाले वर्षों में इसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। यह सुविधा लगभग 1,75,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली होगी। एपिरॉक की प्रेसिडेंट और सीईओ हेलेना हेडब्लॉम ने कहा, "नासिक में नई सुविधा हमारे लिए तेजी से बढ़ते और बेहद महत्वपूर्ण भारतीय बाज़ार में अपनी मौजूदगी को और विस्तार देने की दिशा में एक अहम कदम है। यह हमारे वैश्विक ग्राहकों को भी सहयोग प्रदान करेगी।

### चान्हो में ग्रामीण पंचायत कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का संवाद सम्मेलन

# कांग्रेस पार्टी ने वोट के अधिकार के ताकत को लोगों को पूरे देश में बताया है : के राजू

**नवीन मेल संवाददाता**



**चान्हो।** कॉलेज मैदान में मंगलवार को ग्रामीण पंचायत कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू सहप्रभारी बेला प्रसाद कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की शहज़ादा अनवर मुख्य रूप से शामिल हुए। सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम में पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारी उपस्थित रहे। के राजू ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी ने वोट के अधिकार के ताक़त को लोगों को पूरे देश मे बताया है उसको समझने की जरूरत है। संविधान ने जो अधिकार लोगों को मिला है भाजपा उस वोट के अधिकार को छीनने की कोशिश कर रही है जिसके खिलाफ बिहार में हमारे नेता राहुल गांधी सहित पूरे महागठबंधन लड़ने में जुटी है। पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने सुझाव साझा किए। वही प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने कहा कि SIR के खिलाफ कल विधानसभा में भी हमारे विधायकों ने मोर्चा खोला है और इसकी लड़ाई प्रदेश सहित पूरे भारत में फैल रही है इसकी लड़ाई हम लोग प्रखण्ड जिला सहित सभी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे देश के सामने लेकर जाएंगे।साथ ही इसके खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाकर महामहीन राष्ट्रपति को भी कांग्रेस पार्टी सौंपने का काम करेगी।

### इंटर के अनुबंधकर्मियों के स्थाई नियोजन की मांग, 140 दिनों से हैं आंदोलनरत




**रांची।** झारखंड के विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों में वर्षों से अनुबंध पर कार्य कर रहे शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपनी सेवा स्थायी करने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और परिश्रम के साथ पुस्तकालयाध्यक्ष, कंप्यूटर ऑपरेटर, नामांकन सहायक, प्रयोगशाला सहायक, लेखपाल, सफाईकर्मी, माली और इलेक्ट्रीशियन जैसे विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं, इसको देखते हुए उनका स्थायी नियोजन होना चाहिए। इनका आरोप है कि नई शिक्षा नीति-2020 लागू होने के नाम पर उनकी सेवाओं को समाप्त किया जा रहा है। जबकि, पूर्व की शिक्षा नीतियों (1968 और 1986) में किसी भी कर्मचारी को बेरोजगार नहीं किया गया था। कई कर्मचारी 5 से 20 वर्षों से कॉलेजों में कार्यरत हैं। अनुबंधकर्मी कर्मचारियों ने बताया कि बार-बार अनुबंध नवीकरण, अल्प मानदेय और भविष्य की अनिश्चितता ने उनके जीवन को संकटपूर्ण बना दिया है। सेवा असुरक्षा के कारण कर्मचारी और उनके परिवार लगातार असुरक्षा और तनाव में जी रहे हैं।

### चिरंजी लाल खंडेलवाल के निधन पर शोकसभा का आयोजन



रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सह कोषाध्यक्ष चिरंजी लाल खंडेलवाल के आकस्मिक निधन पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं भक्तों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चिरंजी लाल खंडेलवाल न केवल ट्रस्ट के एक जिम्मेदार पदाधिकारी थे, बल्कि एक समर्पित सेवक, सरल स्वभाव के धनी और समाज के प्रति अत्यंत संवेदनशील व्यक्ति भी थे। उनका सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की। शोकसभा में-डूंगर मल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पवन पोद्दार, ज्ञानचंद शर्मा, सहित कई भक्तगण उपस्थित थे।

### भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की पर साधा निशाना, कहा

# मांडर विधानसभा क्षेत्र में हो रही है यूरिया की कालाबाजारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर।** भाजपा नेता सन्नी टोप्पे ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की पर साधा निशाना है। उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों किसान यूरिया की कमी और काला बाजारी से जूझ रहे हैं। वहीं खुले बाजार में यूरिया तय कीमत से काफी अधिक दाम पर बिक रहा है, जबकि सरकारी केंद्रों पर यह उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समस्या पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। कि राज्य भर में किसानों को यूरिया की एक बोरी 550 रुपये में बेची जा रही है, जबकि इसकी सरकारी कीमत बहुत कम है। उनका कहना है कि इस तरह की लूट से भोले-भाले किसान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन कृषि मंत्री इस पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का "हाथ किसानों के साथ" का नारा सिर्फ चुनावी वादा बनकर रह गया है, क्योंकि मौजूदा सरकार किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर कोई कदम नहीं उठा रही है। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के तीन महीने के कार्यकाल पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंत्री का कार्यकाल "शून्य" रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री केवल पोस्टर और बैनर लगाकर अपना चेहरा चमकाने में व्यस्त हैं, जबकि किसानों की मूल समस्याओं पर उनका ध्यान बिल्कुल नहीं है।

**ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई भी नहीं**

श्री टोप्पो ने यह भी उजागर किया कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ था, लेकिन सरकार ने अभी तक उन्हें कोई मुआवजा या क्षतिपूर्ति नहीं दी है। इस दोहरी मार से किसान परेशान हैं और उनके बीच रोष बढ़ रहा है। साथ ही किसानों की उम्मीदें और भी कमजोर होती जा रही हैं। उन्होंने झारखण्ड सरकार से कहा है की जल्द से जल्द किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। नहीं तो उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही किसानों की इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे मांडर विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा और उग्र आंदोलन करेंगे।

### श्री गणेश पूजन महोत्सव आज से

**रांची।** गोपाल मोहन गणेश पूजा समिति अरगोड़ा,अशोक नगर, रोड नंबर 5 के तत्वावधान में चार दिवसीयश्री गणेश पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी जो रांची के लिए एतिहासिक होगी। महोत्सव का आयोजन गोपाल मोहन मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स परिसर अशोक नगर मे होगी। इस पूजन महोत्सव मे अतिथि के रूप मे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश राज्य सभा सांसद महुआ माजी, झारखंड राज्य के मंत्री राधा कृष्ण किशोर,विधायक रांची सी.पी.सिंह,विधायक हटिया नवीन जायसवाल विधायक आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। सुप्रसिद्ध पुजारी शेखर पंडित अपने टीम के साथ पूजा अर्चना कराएंगें। पूजा समिति के संयोजक पंकज कुमार ने बताया अभय मुद्रा मे श्री गणेश जी के मूर्ति का प्रारूप होगा।

**आस्था का पर्व** | सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्पिक मैके की प्रस्तुति

# भारतीय शास्त्रीय धरोहर से रुबरु हुए विद्यार्थी

**नवीन मेल संवाददाता**

- विद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षकों ने इस आयोजन में बड़ी उत्सुकता और आनंद के साथ उपस्थित रहे




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल भारतीय शास्त्रीय कलाओं की सुगंध से महक उठा, जब विद्यालय में स्पिकमैके कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की सांस्कृतिक परंपराओं एवं मूल्यों से जोड़ना और उनमें सौंदर्य-बोध का विकास करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पल्लवी डे की अनुपम प्रस्तुति। वे महान कथक गुरु पंडित बिरजू महाराज की शिष्या हैं और संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित हैं। भारत तथा विदेशों में अनेक मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकीं श्रीमती डे ने अपने सधे हुए पदचाप, भावपूर्ण मुखाभिनय और सशक्त नृत्यकथन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ संगत कर रहे थे देश के जाने-माने कलाकार प्रतीक मुखर्जी (तबला), सुभाषिस भट्टाचार्य (गायन) और सुनंदो मुखर्जी (सरोद)। लय, स्वर और नृत्य का यह समन्वित संगम दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय परंपरा की गहराइयों में ले गया। विद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षकगण इस आयोजन में बड़ी उत्सुकता और आनंद के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कथक की भव्यता और भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई को प्रत्यक्ष अनुभव करने का यह दुर्लभ अवसर संजोया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सौंदर्य-बोध को पोषित करते हैं और उन्हें भारत की कालजयी धरोहर से जोड़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरला बिरला पब्लिक स्कूल सदैव समग्र शिक्षा पर बल देता है, जहां शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों का भी संतुलित समावेश किया जाता है।

# मनरेगा योजना की प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को मनरेगा योजना की प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जूरी सदस्य के रूप में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख धर्मधीर महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा एवं लोकपाल सिद्धेश्वर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने मनरेगा योजनाओं की प्रगति, पारदर्शिता एवं निष्पादन से जुड़ी अपनी समस्याओं और सुझावों को रखा। अधिकारियों ने धैर्यपूर्वक सभी शिकायतों एवं सुझावों को सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर वित्तीय वर्ष 2024-25 का सामाजिक अंकेक्षण भी संपन्न हुआ। सामाजिक अंकेक्षण के लिए जिला स्तर से गठित टीम की ओर से रोमा बारला एवं श्रीकांत महतो शामिल हुए। टीम द्वारा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की बारीकी से समीक्षा की गई। जिन योजनाओं का निष्पादन प्रखंड स्तर पर संभव पाया गया, उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया, वहीं जिन योजनाओं का निष्पादन प्रखंड स्तर पर संभव नहीं था, उन्हें आगे की कार्रवाई हेतु जिला स्तर पर भेजे जाने का निर्णय लिया गया। अंकेक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनी रहे और ग्रामीणों को समय पर मजदूरी का भुगतान हो। मनरेगा कर्मियों को कार्य निष्पादन में गति लाने तथा लाभुकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे। मौके पर बीपीओ विशाल कुमार, मुखिया रंजू देवी, जनप्रतिनिधि राजीव महतो सहित सभी रोज़गार सेवक उपस्थित थे।

## भैया-बहनों ने एक से बढ़कर एक मॉडल किया प्रस्तुत

**पतरातू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू थर्मल में सोमवार को विज्ञान - गणित मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के भैया बहनों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीवीयूएनएल के उप महाप्रबंधक समीर कुमार, अग्रोहब प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आलोक कुमार, पांजर रिन्यूएबल्स के संस्थापक आदित्य सिंह, सॉफ्टवेयर अभियंता रवि रंजन सिंह, विद्यालय के संरक्षक सिद्धिनाथ सिंह, दीपक कुमार, विद्यालय समिति के सदस्य शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## पूर्व में गठित दुर्गा पूजा समिति का विरोध कर ग्रामीणों ने बनाया दूसरी कमेटी कुंदन कुमार बने अध्यक्ष



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कलहाबाद में दुर्गा पूजा समिति गठन का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने दूसरी कमेटी बनाया है. सोमवार 25 अगस्त की रात को हुई बैठक की अध्यक्षता मोहन मुरारी प्रसाद ने की संचालन विजय चंद्रवंशी ने किया. बैठक में उपस्थित लोगों ने दूसरी पूजा समिति का गठन किया. जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष कुन्दन कुमार, उपाध्यक्ष देवानंद कुमार, संतोष कुमार, सचिव भीम कुमार, सहसचिव विजय चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, संरक्षक मोहन मुरारी प्रसाद का चयन किया गया. जबकि कार्यकारणी सदस्यों में विकास कुमार, नारायण प्रसाद, अशोक ठाकुर, अमित पांडेय, महेंद्र राम को रखा गया है. इस अवसर पर बैठक में मुकेश मेहता, उमेश कुमार, युवराज पांडेय, राजु प्रसाद, हीरालाल महतो, जगदीश प्रसाद, यमुना महतो, नारायण प्रसाद, अमित पांडेय, चौधरी प्रसाद, अशोक शर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## लगातार हो रही बारिश से खेत हुआ जलमग्न किसान हुए चिंतित



**बरही ।** बीते कई दिनों से लगातार हो रहे वारिस से किसान चिंतित है. अतिवृष्टि के कारण उनके खेतों के फसल के नुकसान होने का भय सता रहा है. इसी संदर्भ में कोल्हुआ कला पंचायत के करगईयो गांव के किसान मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाते हुए मुआवजे की मांग किया. किसानों ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से उन्हें अरहर का बीज उपलब्ध करवाया गया था. जिस किसी तरह से वेसभी अपने खेतों में बीच की बुआई किए थे. परंतु लगातार हो रहे वारिस से खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गया है और करीब 15 एकड़ क्षेत्र में लगा अरहर की खेती पूर्णतया बर्बाद हो चुका है. जिसमें किसानों का हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है. इस संबंध में किसानों ने सरकार से मुआवजा राशि की मांग की हैं. मांग करने वालों में किसान मित्र रघुवीर यादव, सुरेंद्र पंडित, गंगाधर यादव, कुलवंती देवी आदि सहित दर्जनों किसान मौजूद थे.

## अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने की हरितालिका व्रत, विधि विधान से की पूजा अर्चना



**बरकट्ठा।** सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य के लिए निर्जला उपवास रहकर हरितालिका वर्त कर पति के दीर्घायु की कामना को लेकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। प्रखंड क्षेत्र में सुहागिनों ने अपने घर में और शिवालयों में जाकर पूरे विधि विधान से भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने पुरोहित से भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की कथा सुनी। हरितालिका वर्त को लेकर सुहागिनों ने दो बार दिन और रात में भगवान शिव की पूजा आराधना की। वहीं शिव पार्वती से जुड़े भक्ति गीत गाकर भगवान शिव की स्तुति की। सुहागिन अखंड निर्जला रहकर पूजा करने दूसरे दिन बुधवार को पारण के वर्त तोड़ेंगी।

## टीपी रंजित नंदकिशोर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का जिप उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**बरही/चौपारण।** चौपारण प्रखंड के हजारीधमना खेल मैदान में टीपी रंजित नंदकिशोर मैमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ. जिसका शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने फीता काट कर व दिवंगत को श्रद्धांजलि देकर किया. टूर्नामेंट आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि अब हमारा गांव किसी भी मायने में पीछे नहीं रहा है. यहां की प्रतिभाएं देश व दुनिया में नाम रौशन कर रहा है. भारत की आत्मा गांवों में बसती है जैसे राष्ट्रपिता के वक्तव्य और सपने अब साकार हो रहे हैं. जिसे गांव के युवाओं व प्रबुद्धजनों के टोलियों का ग्रुप अपने बच्चों को एक सही मार्गदर्शन व प्लेटफार्म देकर कर रहा है. उन्होंने कहा कि उनका क्षेत्र चहुंमुखी विकास करे, हर क्षेत्र में अपने गांव व प्रदेश का परचम लहराए. यही उनकी शुभकामनाएं हैं. ग्रामीणों प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए वह हर कदम युवाओं के साथ हैं. कार्यक्रम में चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, पंसस सहदेव यादव, पंसस विकाश रजक, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा,सुधीर कौशल, समाजसेवी देवल यादव, दिनेश यादव उर्फ गांधी, महेंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, महावीर यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुजीत सिंह, उपाध्यक्ष सुनील यादव, सचिव संटू राणा, उप सचिव धीरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष शंकर यादव, उप कोषाध्यक्ष जितेंद्र राणा, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह, कप्तान विकाश सिंह इत्यादि सहित सैकड़ो दर्शक उपस्थित थे.

# नगर कीर्तन शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर



**हजारीबाग।** विश्वभर की सम्पूर्ण सिख संगत द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही भव्य नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) देशभर में धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का केंद्र बनी हुई है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर द्वारा आयोजित एवं संचालित यह शोभा यात्रा घुबड़ी साहिब, असम से प्रारंभ होकर 21 राज्यों से गुजरते हुए श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब पहुँचेगी ।यात्रा में शामिल लगभग 30 गाड़ियों का काफिला और 500 से अधिक श्रद्धालु संगत के साथ चल रहे हैं। यह यात्रा 28 अगस्त 2025 को दोपहर में रांची-रामगढ़ होते हुए हजारीबाग पहुंचेगी ।हजारीबाग गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक नगर कीर्तन के स्वागत की तैयारियां बड़े ही भावपूर्ण और श्रद्धापूर्वक की हैं। यात्रा बुढ़वा महादेव आनंदा चौक होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुँचेगी। यहाँ पर शबद-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया है। इसके बाद यात्रा आगे के लिए रवाना होगी ।गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर कीर्तन के स्वागत को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

समिति के प्रमुख पदाधिकारी -अध्यक्षः परमवीर सिंह कालरा,उपाध्यक्षः गुरप्रीत सिंह गांधी, नितिन बावा,सचिवः आनंद राज सिंह कालरा,कोषाध्यक्षः कुलतार सिंह लाम्बा,सह कोषाध्यक्षः जसमीत सिंह,मीडिया प्रभारीः रोहित बजाज !मीडिया प्रभारी रोहित बजाज ने बताया कि यह यात्रा गुरुद्वारा परिसर में पहुँचकर कीर्तन और अरदास से संगत को निहाल करेगी। इसके बाद यात्रा पुनः अपने अगले पड़ाव की ओर रवाना होगी ।यह शोभा यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में समानता, भाईचारे और बलिदान की महान परंपरा को याद दिलाने का एक अनुपम अवसर भी है।

## गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निषेधाज्ञा लगु

# किसी भी भड़काऊ गीत पर लगाई रोक



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में 27 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक गणेश चतुर्थी पर्व मनाया जाना है। किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न न हो व पूर्व की घटनाओं को देखते हुए तथा पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी एवं कार्यक्रमों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, सदर बैद्यनाथ कामती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत पूजा समितियों एवं आयोजकों को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी पूजा समितियों को अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है। विलम्ब से अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करने वाली समितियां जुलूस मार्ग/तिथि/समय का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेंगी। सभी समितियाँ सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करेंगी अथवा पंडालों की वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करेंगी। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग 70 डीबी तक सीमित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के भड़काऊ गीत नहीं बजाए जाएंगे। पंडालों में अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पंडाल परिसर की साफ-सफाई कराई जाएगी। यातायात बाधित न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा। 20 वॉलंटियर्स की सूची उनके सक्रिय मोबाइल नंबर सहित संबंधित थाना में जमा कराई जाएगी। महिला एवं पुरुष के लिए प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग होंगे। भवन प्रमंडल एवं विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा। मेला क्षेत्र में अस्त्र-शस्त्र, घातक हथियार, आग्नेयास्त्र, लाठी आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर से किसी भी प्रकार का उत्तेजक भाषण या वक्तव्य प्रसारित करने पर रोक रहेगी। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के जुलूस या प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम की स्थिति में आयोजक द्वारा उसकी अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (Whatsapp, Twitter, Facebook एवं अन्य) पर भड़काऊ, साम्प्रदायिक संदेश/ऑडियो/वीडियो/पोस्ट आदि प्रसारित करने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा आदेश 26 अगस्त 2025 की सुबह 6.00 बजे से 29 अगस्त 2025 की रात्रि तक हजारीबाग सदर अनुमंडल क्षेत्र में प्रभावी रहेगा।

## सुहागिनों ने श्रद्धा और आस्था के साथ किया हरितालिका तीज का व्रत



**बरही ।** मंगलवार को महिलाओं ने पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ हरितालिका तीज का निर्जला व्रत किया। तीज व्रत के दौरान महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही महिलाओं ने नदी-तालाब व घरों में स्नान कर व्रत का संकल्प लिया और दिनभर निर्जल रहकर पूजा-अर्चना में लीन रहीं। संध्या के समय व्रतधारिणी महिलाओं ने समूह बनाकर मंगल गीत गाए और पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न की। शिव-पार्वती की प्रतिमा को पुष्प, बेलपत्र और फलों से सजाकर व्रती महिलाओं ने विशेष आराधना की। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएँ दीं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। तीज के पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय रहा और व्रतधारिणी महिलाओं की आस्था देखने योग्य रही। हरितालिका तीज को लेकर गांव समेत बरही में उत्साह का वातावरण रहा और महिलाओं ने इसे अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व बताया।

# भराए गए ओल्ड जीटी रोड के गड्ढे, वर्षा के बाद होगा निर्माण



**बरही ।** रसोईया धमना बाईपास से कोनरा सामंता पंप स्थित ओल्ड जीटी रोड में उभरे बड़े और जानलेवा गड्ढे की मरम्मती करवाई गई. मरम्मती कार्य विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर की निगरानी में की गई. इससे तत्काल वाहन चालकों व राहगीरों को राहत मिली है. विदित हो कि ओल्ड जीटी रोड के निर्माण कार्य का टेंडर पूरा किया जा चुका है. इसकी घोषणा विधायक मनोज कुमार यादव ने स्वयं 15 अगस्त को प्रखंड मैदान में झंडोतोलन के बाद अपने संबोधन में कही थी. विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि निर्माण कार्य वर्षा के कारण बाधित है. इसके रुकते हीं निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जायेगा. विदित हो कि ओल्ड जीटी रोड पर बने गहरे गड्ढे से अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. दो दिन पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल के पास एक बुलेट सवार गड्ढे में गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया है. जिसका रांची के एक निजी अस्पताल में गंभीरावस्था में इलाज चल रहा है.

## कार्यपालक दंडाधिकारी ने किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

**गिद्दी।** हजारीबाग जिला के कार्यपालक दंडाधिकारी प्रेम कुमार ने मंगलवार को डाड़ी प्रखंड में विकास योजनाओं आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान डाड़ी प्रखंड के वरीय पदाधिकारी प्रेम कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी ने अंचल से दाखिल खारिज की स्थिति, लगान वसूली, परिशोधन पोर्टल, ई रेव्यन्यू कोर्ट, जमीन नापी, राजस्व संबंधी कार्यों के जानकारी ली। वरीय पदाधिकारी ने मनरेगा योजना, आवास योजना, 15 वीं वित, पंचायत सचिवालय, डीलर एवं स्वास्थ केंद्र की भी जांच की। पदाधिकारी ने सीडीपीओ कार्यालय से पोषण वाटिका, टीएचआर, आंगनवाड़ी केंद्रित का आधार भूत संरचना की जानकारी जैसे बिजली, पानी, साफ सफाई, की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डाड़ी बीडीओ, सीओ केके वर्मा, बीपीओ उज्ज्वल किशो मौजूद थे।

# कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग में धूमधाम से मनाई गई फ्रेशर्स पार्टी

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग में इस वर्ष की फ्रेशर्स पार्टी 2025 बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना और उन्हें कॉलेज जीवन की यादगार शुरुआत देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई, जहाँ सीनियर्स और जूनियर्स ने मिलकर शानदार डांस, सिंगिंग और फैशन शो प्रस्तुत किए। पूरे हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट और संगीत की धुनों ने एक उत्सव का माहौल बना दिया। विद्यार्थियों ने जमकर डांस किया और एक-दूसरे के साथ खुशनुमा पल साझा किए। पार्टी हँसी, मस्ती और सुनहरी यादों से भरी हुई रही। स्वागत भाषण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से क्लास करने के लिए प्रेरित किया और हार्दिक बधाई दिए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी नवागंतुक विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि कॉलेज जीवन के ये क्षण यादगार होते है- नया उत्साह ,नए अनुभव और नए सपनो के साथ ये यात्रा शुरू होती है और अनुभवों व उपलब्धियों के साथ नया मार्ग प्रशस्त होता है। धन्यवाद ज्ञापन विभाग के व्याख्याता विपुल कुमार ने दिया और उन्होंने सभी छात्रों से मिल-जुलकर आगे बढ़ने का संदेश साझा किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, विभिन्न विभागों के व्याख्यातागण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

**महत्वपूर्ण योगदान** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रशिक्षण केंद्र के भवन का हुआ उदघाटन

# जीएसआई ने भारत की खनिज संपदा की खोज में अतुलनीय योगदान दिया : सतीश

नवीन मेल संवादाता

- जीएसआई ने अपने 175 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में भारत की खनिज सम्पदा की खोज और वैज्ञानिक अध्ययन में अतुलनीय योगदान दिया है



**रामगढ़ ।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत के सैनिक पूरे विश्व में परचम लहराने के साथ भारत का डंका बजाया है, उसका मेटेरियल भारतीय भूवैज्ञानिक के खोज से ही पूरा हुआ है। उक्त बातें केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने कही। श्री दूबे मंगलवार को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) फील्ड प्रशिक्षण केंद्र, एफटीसी कुजू के नवपुनर्निर्मित भवन का उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे। इस दौरान उन्होंने फीता काटकर नव निर्मित भवन का उदघाटन किया। बाद में उन्होंने कहा कि आज के समय में कोयला हमारे जीवन में इतना महत्वर्पूण है कि पहले जहां हमलोग 2 घंटे सही से बिजली नहीं दे पाते थे, वहां आज 22 से 23 घंटा बिजली दिया जा रहा है। पहले हम गांव में बिजली नहीं दे पाते थे, लेकिन आज हम बिजली से खेती भी करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों और अधिकारियों को उनके समर्पण, परिश्रम और उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जीएसआई ने अपने 175 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में भारत की खनिज सम्पदा की खोज और वैज्ञानिक अध्ययन में अतुलनीय योगदान दिया है. चाहे कोयला, लौह, तांबा, सोना, बॉक्साइट जैसे स्थलीय खनिज हों या समुद्री तल से प्राप्त पॉलीमेटालिक नोड्यूल्स और गैस हाइड्रेट्स, जीएसआई ने हमेशा देश की ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की दिशा में हैदराबाद स्थित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान (जीएसआईटीआई) तथा इसके अंतर्गत कुजू जैसे फील्ड प्रशिक्षण केंद्रों ने नवाचार और गुणवत्ता में एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नवजीवित केंद्र देश की खनिज आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। वहीं विशिष्ट अतिथि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक श्री असित साहा ने कहा कि स्वतंत्रता पूर्व काल में प्रशिक्षण असंगठित रूप से होता था, और अधिकारियों को विदेशों में अध्ययन हेतु भेजा जाता था। लेकिन जैसे-जैसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का कार्यक्षेत्र विस्तृत हुआ, संगठित प्रशिक्षण की आवश्यकता अनुभव की गई।

## भारी बारिश से ट्रैफिक थाना की दीवार गिरी, बाल-बाल बचे कर्मी

हजारीबाग। पुराना समाहरणालय परिसर के अंदर स्थित ट्रैफिक थाना की भीतरी दीवार रविवार दोपहर भारी बारिश के कारण गिर गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, इस पुराने भवन में ट्रैफिक थाना, एसटी-एससी थाना और महिला थाना संचालित हो रहा था। अचानक दीवार गिरने से वहां मौजूद कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रैफिक थाना के जमादार और सिपाही भी हैरान रह गए। बताया जाता है कि दीवार को पास स्थित एक पेड़ की जड़ों ने पकड़े रखा था, जो कमजोर होकर टूट गया। अंग्रेजों के जमाने में बना यह भवन काफी जर्जर स्थिति में है। पहले यहां एसपी ऑफिस और पुलिस ऑफिस संचालित था। नया समाहरणालय बनने के बाद पुराने दफ्तर वहां शिफ्ट कर दिए गए थे और यह खाली पड़ा भवन थाना संचालन के लिए दिया गया था। तालाब में पानी भरने से उसका ओवरफ्लो पानी 'नो सिग्नल थाना परिसर में भी प्रवेश कर सड़क पर बह रहा था।

# एनएच-143 पर जर्जर पुल से जान जोखिम में, हादसे का खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड के सिमडेगा जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 143 (एनएच-143) पर स्थित पंडरीपानी पुलिया की स्थिति दिन-प्रतिदिन खतरनाक होती जा रही है। यह पुल सिमडेगा को ओडिशा के राउरकेला और आगे मुंबई जैसे बड़े शहरों से जोड़ता है। पुल के जर्जर हो चुके ढांचे और टूट-फूट के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों में गहरी चिंता बनी हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार पुल की सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। कई स्थानों पर लोहे के छड़ बाहर निकल आए हैं, जिससे गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए खतरा और भी बढ़ गया है। वहीं, लगातार हो रही बरसात ने पुल की स्थिति और भी दयनीय कर दी है। भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान पुल काफी हिलता है, जिससे इसके धंसने की आशंका बनी रहती है।वाहन चालकों ने बताया कि इस मार्ग से गुजरना बेहद खतरनाक हो गया है। चालक मो. फिरदौस और सरफराज अंसारी ने कहा कि पुल पार करते समय हमेशा डर बना रहता है। उनका कहना है कि यह मार्ग मुंबई और राउरकेला की ओर जाने वाला सबसे नजदीकी रास्ता है, जिस कारण भारी वाहनों की आवाजाही यहां से लगातार होती है। ऐसे में पुल की कमजोर हालत यात्रियों के लिए जिंदगी और मौत का सफर बन चुकी है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुल की मरम्मत और मजबूतीकरण की मांग कई बार उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लगातार बढ़ते खतरे के बावजूद विभागीय लापरवाही साफ नजर आ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते पुल की मरम्मत नहीं की गई तो किसी दिन यहां बड़ा हादसा घटित हो सकता है, जिससे भारी जनहानि की आशंका है।सिमडेगा-राउरकेला मार्ग पर इस पुल से गुजरने वाले वाहनों की संख्या काफी अधिक है। ऐसे में प्रशासन और सड़क निर्माण विभाग से अपेक्षा की जा रही है कि वे शीघ्र पहल कर पुल का सुदृढ़ीकरण कराएं, ताकि आमजन और वाहन चालकों की जान जोखिम में न पड़े।

# ऑपरेशन रेड हंट : सिमडेगा पुलिस ने पकड़े 10 स्थायी वारंटी

- **तीन से चार दशक से फरार चल रहे अभियुक्तों को दबोचने में मिली सफलता**

**नवीन मेल संवाददाता**



सिमडेगाः सिमडेगा पुलिस ने ऑपरेशन रेड हंट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों से लंबे समय से फरार चल रहे कुल 10 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी पिछले 12 वर्ष से लेकर 38 वर्ष तक फरार चल रहे थे और पुलिस व न्यायालय की पकड़ से बाहर थे। पुलिस की इस विशेष मुहिम से न केवल न्यायालय में लंबित मामलों को गति मिलेगी, बल्कि कानून-व्यवस्था को लेकर जनता का विश्वास भी मजबूत हुआ है।पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि सिमडेगा थाना क्षेत्र से तीन वारंटी पकड़े गए। इनमें अमित कुमार बाड़ा 14 वर्षों से छेड़छाड़ मामले में, लिबनुस सोरेंग 21 वर्षों से वाहन दुर्घटना मामले में और असारू सिंह 12 वर्षों से फरार था। तीनों को अलग-अलग छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।वही बानो थाना क्षेत्र से जुनुल कंडूलना को गैर-इरादतन हत्या मामले में 32 साल बाद पकड़ा गया। वहीं मुकुंद महतो उर्फ संजय महतो को 17 वर्ष बाद रंगदारी व लूट मामलों में गिरफ्तार किया गया। वह रांची जिले में नाम बदलकर रह रहा था और फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया था।इसके अलावा जलडेगा थाना क्षेत्र से कंदरू सिंह को हत्या मामले में 13 साल बाद और मो. नौसाद खां को आर्म्स एक्ट व मारपीट मामले में 21 साल बाद दबोचा गया। नौसाद खां रांची के डोरंडा क्षेत्र में रह रहा था।वही ठेठईटांगर थाना क्षेत्र से भीमसेन लोहरा को गृहभेदन मामले में 23 वर्ष बाद पकड़ा गया।तथा महाबुआंग थाना क्षेत्र से पावल गुड़िया को 29 वर्ष बाद गिरफ्तार किया गया। उस पर बलात्कार का मामला दर्ज था और वह रांची तुपुदाना में राजमिस्त्री का काम कर रहा था।एवं ओड़गा ओपी क्षेत्र से सबसे पुराने वारंटी जोहन मुण्डा उर्फ जोधा टोपनो को पकड़ा गया। वह 38 वर्षों से फरार था और लूट के मामले में वांछित था।सभी अभियुक्त सामान्य जीवन जीते हुए पुलिस की निगाहों से बचे हुए थे। कई ने अपनी पहचान तक बदल ली थी। विशेष छापामारी अभियान के बाद सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑपरेशन रेड हंट आगे भी जारी रहेगा। जिले में ऐसे और भी वारंटी चिह्नित हैं जिन्हें जल्द ही कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

## विस में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने उठाए गंभीर मुद्दे

**नवीन मेल संवाददाता**



- **सड़क निर्माण में घटिया कार्य, मनरेगा से पीसीसी निर्माण और फसल नुकसान पर की मांग**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने मंगलवार को विधानसभा सत्र में कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे उठाए। उन्होंने सदन के माध्यम से बांसजोर 143 सड़क पर पंडरीपानी के पास 100-100 मीटर पुल एवं पुलिया निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग और राशि के दुरुपयोग का मामला सामने रखा। विधायक ने पूछा कि क्या वास्तव में संवेदक द्वारा निम्न स्तरीय कार्य कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया था और यदि हां, तो इस कार्य की मरम्मत कब तक कराई जाएगी। इस पर एनएच विभाग का जवाब विधायक ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया।इसी क्रम में विधायक ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से यह भी जानकारी मांगी कि क्या मनरेगा योजना से पीसीसी सड़क का निर्माण संभव है और क्या सिमडेगा जिले में इस पर रोक लगाई गई है। विभाग की ओर से एक प्रश्न पर सकारात्मक और दूसरे पर नकारात्मक उत्तर दिया गया। विधायक ने कहा कि जबकि सिमडेगा में मनरेगा से पीसीसी निर्माण पर रोक लगाई गई थी, ऐसे में विभागीय जवाब विरोधाभासी है।शून्यकाल में विधायक कोलेबिरा ने टीटांगर प्रखंड में भारी वर्षा और ओलावृष्टि से किसानों की फसल को हुए भारी नुकसान का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि इसकी लिखित शिकायत पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित किसानों को अविलंब मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

## जनता दरबार में उमड़े ग्रामीण मौके पर सुलझाए गए कई मामले



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुंचे। इस दौरान सबसे अधिक मामले भूमि विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, बिजली, सड़क एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े रहे।प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया। वहीं, शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की शिकायतों का समयबद्ध निवारण करना और शासन को जनता की दहलीज तक पहुँचाना है।जनता दरबार में उपस्थित ग्रामीणों ने भी इसे सराहनीय पहल बताया। उनका कहना था कि इससे विभागीय दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलती है और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। मौके पर विभिन्न विभागों के कर्मी भी मौजूद रहे और उन्होंने शिकायतों को दर्ज कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की।

## जनजातीय सशक्तिकरण के लिए सिमडेगा में चला आदि कर्मयोगी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** जनजातीय विकास एवं परिवर्तन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी एवं उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।यह अभियान जनजातीय कार्य मंत्रालय के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर विकेन्द्रीकृत आदिवासी नेतृत्व और शासन पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। क्षमता निर्माण, अभिसरण और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से यह पहल देशभर के आदिवासी बहुल जिलों के 1 लाख गाँवों में 20 लाख आदिवासी परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाना और शासन को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जिले के गांवों का विकास मॉडल तैयार कर पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें।उन्होंने कहा कि जब तक सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन नहीं होगा, तब तक अभियान की सफलता अधूरी रहेगी। इसके लिए जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जो आगे प्रखंड स्तर पर ब्लॉक लेवल ट्रेनरों को प्रशिक्षित करेंगे। ये प्रशिक्षक जनजातीय समुदायों को उनके अधिकारों, संसाधनों और विकास योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।उपायुक्त ने यह भी कहा कि इस अभियान के माध्यम से सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति में सुधार, उत्तरदायित्व में वृद्धि तथा नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्यों की समयबद्ध मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंत में उपायुक्त ने इस अभियान को सफल बनाने हेतु शपथ भी दिलाई।इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक की मांग पर सरकार पंचायत भवनों में बनाएगी हेल्प डेस्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के दौरान पंचायत भवनों में जन शिकायत कोषांग सह नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की जोरदार तरीके से मांग की है। विधायक के माँग पर सरकार द्वारा बताया गया कि पंचायतों में शिकायत निवारण व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जाएगी। जिसकी जिम्मेवारी पंचायत सहायकों की दी जाएगी। इसे सशक्त बनाने की करवाई शीघ्र की जाएगी। विधायक ने कहा कि वर्तमान में पंचायत सचिवालयों में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता को अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पाने में भारी परेशानी होती है। विधायक ने सदन में सरकार से सवाल किया कि क्या यह सत्य है कि पंचायत सचिवालयों में जनता की शिकायतों को दर्ज और निपटाने के लिए कोई विशेष व्यवस्था मौजूद नहीं है? कोई विशेष व्यवस्था नहीं रहने से सचिवालयों में नियुक्त कर्मचारी जनता की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते। जिससे लोगों में असंतोष है। इस पर सरकार की ओर से पंचायती राज विभाग ने लिखित जवाब देते हुए कहा कि राज्य में ग्राम सचिवालय व्यवस्था को लागू करने की अधिसूचना वर्ष 2017 में जारी की गई थी। साथ सभी पंचायतों में शिकायत पेटी अधिष्ठापित करने का निर्देश प्राप्त है।

## केरसई दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन गौतम कुमार बने अध्यक्ष



**केरसई।** आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर केरसई दुर्गा मंडप परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। कलश स्थापना 22 सितंबर को होगी जबकि भव्य शोभायात्रा 3 अक्टूबर, दिन शुक्रवार को निकाली जाएगी।बैठक की अध्यक्षता गौतम कुमार ने की। इसी क्रम में समिति का पुनर्गठन और विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से गौतम कुमार (सोनू) को समिति का अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में महामंत्री प्रणव कुमार, मंत्री रवि गुप्ता, सचिव अवधेश कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, कामेश प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, विकास प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, सुरेश प्रसाद, जयंत प्रसाद, मुकेश कुमार और मनोहर कुमार चुने गए। उपसचिव के रूप में विष्णु कुमार, ओमप्रसाद, धीरज प्रसाद, अंकित कुमार, रोहित, सनी

**हरितालिका तीज** महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर सुनी कथा, पति की लंबी आयु की कामना की

# शिव-पार्वती की पूजा में डूबीं ग्रामीण महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड के ग्राम बरसलोया क्षेत्र में महिलाओं ने बड़े उत्साह और आस्था के साथ हरितालिका तीज का पर्व मनाया। हिंदू मान्यता के अनुसार यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु एवं सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। यह पर्व माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना को समर्पित माना जाता है।त्योहार को लेकर महिलाओं ने एक दिन पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी थी। सोमवार की दोपहर से ही सुहागिनों ने अपने हाथों में मेहंदी सजाना आरंभ कर दिया, जो मंगलवार की सुबह तक चलता रहा। तीज के दिन महिलाओं ने सज-धजकर निर्जला उपवास रखते हुए पूजा-अर्चना की और माता पार्वती के साथ भगवान शिव का आह्वान किया। इस दौरान पति की लंबी उम्र और परिवार के मंगल की कामना की गई।पूजा-अर्चना का आयोजन पंडित दिलीप पंडा की अगुवाई में संपन्न हुआ। मौके पर कीर्तन मंडली की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा और तीज पर्व उल्लास एवं आस्था के साथ संपन्न हुआ।

## केरसई में तीज व्रत रख सुहागिनों ने मांगा अखंड सुहाग

**केरसई।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को हरितालिका तीज का व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रख भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की।सुबह से ही महिलाएं सज-धजकर मंदिरों और शक्ति स्थलों पर पहुंचीं और भगवान शिव को बेलपत्र, पुष्प, फल एवं अक्षत अर्पित कर अखंड सुहाग की प्रार्थना की। पूजन-अर्चन के बाद सुहागिनों ने सामूहिक रूप से कथा भी सुनी और अपने पति एवं परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।केरसई स्थित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर में तीज व्रत का विशेष आयोजन हुआ, जहां पुरोहित नवीन मिश्रा ने कथा सुनाई।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया हरतालिका तीज पर्व

**कुरडेग ।** प्रखण्ड क्षेत्र में मंगलवार को महिलाओं ने हरतालिका तीज पर्व उत्साह और धुमधाम से मनाया। इस अवसर पर मन्दिरों व बाजारों में काफी रौनक देखी गई। बाजारों में पूजा व अन्य सामग्रियों की खरिदारी के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही ,विवाहित महिलाओं ने व्रत रख कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की साथ ही परिवार की सुख शांति और समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अधिकतर मंदिर महिलाओं की भीड़ से गुलजार रहा ,महिलाएं सोलह श्रृंगार से सज-धज कर मंदिरों में पूजा करने पहुंची थी । महिलाओं ने बताया कि इस पर्व का बड़ा महत्व है इस दिन गौरी शंकर भगवान की पूजा की जाती है 24 घंटे से भी अधिक समय तक निर्जला व्रत करना पड़ता है।

# न्यूज बॉक्स

## थाना में शांति समिति की बैठक, कर्मा व गणेश पूजा सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का आह्वान



**बानो।** आगामी करमा एवं गणेश पूजा को लेकर बानो थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य विरजो कडुंलना ने की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दोनों पर्व धूमधाम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे।बैठक में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले गणेश पूजा और करमा महोत्सव से जुड़े अखाड़ों की जानकारी ली गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत थाना को सूचित करें ताकि समय पर समाधान किया जा सके।इस अवसर पर एएसआई कुलदीप कुमार मेहता, सत्यनारायण कुमार, ललन सिंह, डॉ. मनोरंजन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, मुखिया सोमारी कैथवार, सीता कुमारी, कृपा हेमरोम, मो. फैज, विश्वभर सिंह, फिरु बड़ाइक, सामुएल बुढ़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने जिले में शांति और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया।

## अपर समाहर्ता ने किया नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण, दुकान से संबंधित ली जानकारी



**सिमडेगा।** उपायुक्त के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता ने मंगलवार को नगर परिषद सिमडेगा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद द्वारा मार्केट कॉम्प्लेक्स एवं कियोस्क दुकानों की लॉटरी प्रक्रिया से संबंधित प्राप्त अभ्यावेदन पर की गई कार्रवाई की जांच की गई।निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता ने नगर परिषद प्रशासक को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में मार्केट कॉम्प्लेक्स की लॉटरी प्रक्रिया पूरी की जाए। मौके पर नगर परिषद प्रशासक, सिटी मैनेजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।गौरतलब है कि नगर परिषद सिमडेगा द्वारा लंबे समय से लॉटरी प्रक्रिया पूरी नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया की तिथि कई बार बदली गई, यहां तक कि स्कूटी वितरण कार्यक्रम के नाम पर भी इसे टाल दिया गया। अब तक लॉटरी नहीं होने से नगर परिषद की कार्यशैली पर स्थानीय लोग सवाल खड़े कर रहे हैं।

## आलिंगुड़ में जंगली हाथी का आतंक, दो घर तोड़े ,फसल भी बर्बाद




**बोलबा।** प्रखंड क्षेत्र के आलिंगुड़ गांव में मंगलवार की देर रात जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने ग्रामीणों के दो घरों को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को खाकर व बर्बाद कर दिया। इसके अलावा खेतों में लगी धान की फसल को भी नुकसान पहुंचाया।ग्रामीणों ने बताया कि हाथी सबसे पहले अम्बा टोली निवासी सुचीता बिलुंग के घर में घुस आया और दीवार तोड़ते हुए घर में रखा अनाज खा लिया। इसके बाद वह जितिया टोली निवासी ग्राम प्रधान महावीर सिंह के घर पहुंचा और वहां भी तोड़फोड़ कर अनाज व सामान को बर्बाद कर दिया। अचानक हुए हमले से परिवार के सदस्य जान बचाकर किसी तरह घर से बाहर भाग निकले।इसी क्रम में हाथी ने अम्बा टोली निवासी सिलबिया टेटे के खेत में भी कहर बरपाया। उसने धान की फसल को खाकर और रौंदकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से हाथियों का झुंड क्षेत्र में घूम रहा है, जिससे गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है।घटना की सूचना वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए और हाथियों को आबादी वाले इलाकों से भगाने के लिए ठोस पहल की जाए।गौरतलब है कि सिमडेगा जिले के कई प्रखंडों में हर साल हाथियों का आतंक देखने को मिलता है, जिससे लोगों की जान-माल और फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

## विधायक ने खेल स्टेडियम की निविदा पर उठाए सवाल, सरकार से की कार्रवाई की मांग

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सदर प्रखंड के खेल स्टेडियम निर्माण कार्य से जुड़ी निविदा प्रक्रिया को लेकर विधानसभा सत्र में सवाल उठाए हैं। विधायक ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि स्टेडियम निर्माण की निविदा एडवांस स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. नामक कंपनी को गलत तरीके से आवंटित की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि निविदा निरस्त्रण के दौरान नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी की गई तथा एक ही कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा प्रस्तुत मॉडल को काउंसिल ऑफ आर्किटेक्ट्स से अनुमोदन भी प्राप्त नहीं है। इसके बावजूद निविदा दी गई। यह नियमों के विपरीत है और भ्रष्ट तरीके से ठेका देने का प्रयास प्रतीत होता है। विधायक ने सरकार से मांग की कि इस निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए तथा पुनः निष्पक्ष तरीके से निविदा प्रक्रिया चलाई जाए। साथ ही उन्होंने दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि जनता के हित से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कॉलेज ऑफ नर्सिंग में श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाई गई मदर टेरेसा की 115वीं जयंती



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बानो में मंगलवार को मानवता की प्रतिमूर्ति मानी जाने वाली मदर टेरेसा की 115वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और भावनात्मक माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा, प्राचार्या एरेन बेक, ट्यूटर निशि डुंगडुंग समेत सभी शिक्षकों एवं छात्राओं ने मदर टेरेसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने कहा कि मदर टेरेसा ममतामयी और करुणामयी व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने रोगियों की सेवा को ईश्वर की सेवा माना और पूरी निष्ठा से पीड़ित मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा हमें भी चाहिए कि हम अपने पेशे को केवल नौकरी न मानकर सेवा भाव से करें। जब हम रोगियों का इलाज करेंगे तो यह समझें कि हम ईश्वर की ही सेवा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मदर टेरेसा भले ही दूसरे देश से आई थीं, लेकिन उन्होंने भारत को अपना कर्मभूमि बनाकर प्रेम, त्याग और सेवा के माध्यम से पूरे विश्व में “मां” का दर्जा पाया।इस अवसर पर प्राचार्या एरेन बेक एवं ट्यूटर निशि डुंगडुंग ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मदर टेरेसा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज की सेवा करने का संकल्प लेना ही उनकी सच्ची जयंती है।

# गिरिडीह में पति ने की पत्नी की गला रेतकर हत्या थाने में समझौता के बाद दोनों साथ में लौट रहे थे घर

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** घरेलू विवाद में एक युवक ने अपनी पत्नी का गला रेत डाला. घटना मुफ्फसिल थाना इलाके के जोगीटांड 7 नंबर की हैं. घटना के बाद महिला को अस्पताल लाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं, पत्नी पर हमला करने के बाद फरार हुए पति को मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं. घटना सोमवार देर शाम की हैं. मृतक महिला की पहचान कंचन देवी और आरोपी पति की पहचान गोपी दास के रूप में हुई हैं. घटना को लेकर महिला की सास किरण देवी ने बताया कि घरेलू विवाद में उसकी बहू कंचन अपने बच्चों के साथ घर से निकल गई थी. सोमवार को थाना में कंचन को लाया गया फिर वह गोपी के साथ थाना गई और फैसला करने के बाद बहू व बेटे को लेकर वापस घर लौट रही थी. वह आगे-आगे थी. जबकि बहू और बेटा पीछे-पीछे. इस बीच पता चला कि उसकी बहू का गला रेत दिया गया है. इधर, स्थानीय प्रतिनिधि नुरुल ने बताया कि कंचन और गोपी ने प्रेम विवाह किया था. पिछले कुछ दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था. कंचन बच्चों के साथ कुछ दिनों पूर्व घर से निकल गई थी. मुफ्फसिल पुलिस ने कंचन को ढूंढा फिर सोमवार को समझौता हुआ. इसके बाद कंचन को लेकर गोपी वापस घर जा रहा था. इस दौरान रास्ते में उसने धारदार हथियार से अपनी पत्नी का गला रेत दिया. श्याम किशोर महतो, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर, मुफ्फसिल ने कहा कि कंचन और गोपी अपने परिवार के साथ घरेलू विवाद को लेकर थाने आए थे. दोनों के बीच समझौता हुआ और सभी घर चले गए. इसी बीच, गोपी ने अपनी पत्नी का गला रेत दिया और फरार हो गया. गोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया है. वहीं, महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई.

# घंटो जियो रहा फेल, एक दूसरे से मिलाते रहे फोन

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे अचानक मोबाईल से जियो का नेटवर्क गायब हो गया. नो सर्विस जैसे मैसेज आने लगे. जियो उपभोक्ता एक दूसरे को फोन मिलाने लगे. परंतु नेटवर्क नही होने से कई लोग इंटरनेट व मोबाइल की दुनिया से बिल्कुल अलग थलग हो गए. कई जरूरी कार्य बाधित हो गया और उपभोक्ता परेशान हो उठे. इस संबंध में पूछे जाने पर जियो प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि यह पैन इंडिया समस्या था. को कुछ देर के लिए बंद हुआ था. जिसे पूरी तरह रिकवर किया जा चुका है. जबकि उपभोक्ताओं का आरोप है कि देर संध्या तक नेटवर्क सही से काम नही कर रहे थे. उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि बीते कई महीनो से जियो को सर्विस खराब हुई है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है. अन्यथा को उपभोक्त पोर्ट करवाने या सिम बदलने के लिए मजबूर हो जाएंगे.


## न्यूज बॉक्स

### युवाओं को आर्थिक एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में सहयोग किया जाएगा : महाप्रबंधक



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजुनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रुडसेट संस्थान सिल्ली में केनरा बैंक सर्कल ऑफिस रांची के महाप्रबंधक सुजीत कुमार साहू ने रुडसेट संस्थान का दौरा किया और अपने दौरे के दौरान उन्होंने संस्थान की विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम,गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विशेष रूप से टू-व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षणार्थियों एवं पूर्व प्रशिक्षुओं से संवाद किया।संवाद के दौरान श्री साहू ने प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थी से उनकी प्रशिक्षण से संबंधित एवं व्यवहारिक अभ्यास और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पूर्व प्रशिक्षुओं से भी बातचीत की और उनसे प्रशिक्षण के बाद आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किए गए प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। श्री साहू ने कहा कि आज के समय में स्वरोजगार और कौशल विकास ही आत्मनिर्भरता की कुंजी है।उन्होंने प्रशिक्षुओं को भरोसा दिलाया कि केनरा बैंक और रुडसेट संस्थान सदैव उनके साथ खड़े हैं और युवाओं को आर्थिक एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि टू-व्हीलर मैकेनिक जैसे तकनीकी प्रशिक्षण से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों दोनों में रोजगार और उद्यमिता के बड़े अवसर मौजूद हैं।यदि युवा लगन और मेहनत के साथ काम करें तो वे न केवल खुद को आत्मनिर्भर बना सकते हैं बल्कि दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते है। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार और कर्मचारी ने सुजीत कुमार साहू का स्वागत किया और प्रशिक्षण गतिविधियों से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे संस्थान समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार के लिए तैयार कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षुओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा की।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन घायल, कंटेनर में लगी आग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड गोरहर के समीप मंगलवार दोपहर में बगोदर की ओर से आ रही अपाची बाइक पर सवार तीन लोग आ रहे थे। इस दौरान आगे चल रही कंटेनर वाहन संख्या युके 06 सीबी. 5185 से टकरा गए। जिसमें बाइक सवार तीनों को मामूली चोटे आई। लेकिन अपाची बाइक कंटेनर के चक्का में फंस जाने के कारण कंटेनर 200 मीटर तक बाइक को घसीट लिया , जिसे बाइक का पेट्रोल नीचे गिरने से कंटेनर गाड़ी में आग लग गई। वहीं घटना से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया। तत्पश्चात इसकी सूचना ग्रामीणों ने गोरहर पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस पहुंची और ग्रामीण एवं पुलिस के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया । वहीं घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट डॉक्टर के पास भेजा गया।

### गुमला में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** जिला समाहरणालय सभागार में मंगलवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में जिले की सभी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए।

# संस्कृत भाषा ज्ञान विज्ञान का भंडार है : डॉ सुनील कश्यप



**रामगढ़।** मंगलवार को राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृत दिवस संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव शंकर लाल अग्रवाल उपस्थित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता जबकि संस्कृत भारती के झारखंड प्रदेश विद्यालय प्रभारी सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्राचार्य मुख्य वक्ता और प्रशिक्षण देने का कार्य डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संस्कृत आचार्य कन्हैया जी ने किया। मुख्य अतिथि शंकर लाल अग्रवाल ने कहा कि संस्कृत के कारण हम भारतीय गौरव महसूस करते हैं । संस्कृत को आज विश्व का कई देश अपना रहे हैं ।कहा कि अमेरिका ,रूस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जापान में अच्छे अच्छे विद्वान संस्कृत का अध्ययन करके अपने परिवार के बच्चों को संस्कृत अध्ययन अध्यापन करा रहे हैं । उन्होंने विद्यालय के भैया बहनो से कहां कि आप लोग सभी सौभाग्यशाली है कि संस्कृत पढ़ने का मौका मिल रहा है । आप लोग निश्चित रूप से संस्कृत को अच्छे ढंग से पढ़ें और भारतीय ज्ञान विज्ञान की बातों को समझें तभी हमारा भारत का विकास होगा । मुख्य वक्ता डॉ कश्यप संस्कृत का प्रशिक्षण देते हुए संस्कृत के उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत भाषा प्रामाणिक और वैज्ञानिक भाषा है । संस्कृत के माध्यम से भारतीय ज्ञान विज्ञान की बातें आसानी से हम लोग समझ सकते हैं और जान सकते हैं ।

## आदि कर्मयोगी अभियान" के अंतर्गत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करें

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार जाजनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित ''आदि कर्मयोगी अभियान'' के अंतर्गत मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलितकर किया। "आदि कर्मयोगी अभियान" का उद्देश्य पूरे भारत में अनुसूचित जनजातीय आबादी का सर्वांगीण विकास एवं कल्याण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनजातीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु यह अभियान एक नई पहल है। इसके माध्यम से आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के कुल 76 गांवों के जनजातीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम में "आदि सेवा केन्द्र" का निर्माण किया जाएगा, जिसे "वन-स्टॉप सेवा केंद्र" के रूप में विकसित किया जाएगा। इन केन्द्रों पर विभागीय संपर्क विवरण, योजनाओं की जानकारी एवं शिकायत निवारण रजिस्टर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। साथ ही, ग्राम विकास, अधोसंरचना एवं बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति हेतु अभिसरण के माध्यम से ग्राम विकास योजना भी तैयार की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन तंत्र को मजबूत बनाना है। इसके लिए प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने प्रशिक्षण अनुभव को जमीनी स्तर तक पहुँचाकर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी की भूमिका के माध्यम से जनजातीय गांवों में विभिन्न योजनाओं में क्रिटिकल गैप को चिन्हांकित कर योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

# कच्चा घर गिरा, बाल बाल बचे बच्चे मवेशी दब गए



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** वर्षा ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बुरी तरह तबाही मचाई है. जिसमे विशेष रूप से कच्चे मकान में रहने वाले ग्रामीण पीड़ित हुए हैं. जानकारी के अनुसार बीते रात्रि करीब दो बजे दुलमहा गांव में रेवंती देवी पति उमेश भुइयां का कच्चा मकान गिर गया. मकान गिरने की आवाज से महिला व बच्चे किसी प्रकार भाग निकले परंतु घर में बंधा पशुधन बकरी, मुर्गा- मुर्गी, राशन सामग्री सहित अन्य समान मलवे में दब गए. इस घटना में पीड़ित परिवार पूरी तरह बेघर हो गए. उनके पास खाने और रहने के भी साधन नही रहा. उक्त जानकारी पंसस प्रतिनिधि जितेंद्र गिरी ने दी. श्री गिरी ने बताया की मामले की जानकारी एसडीओ को दूरभाष पर दी गई. एसडीओ ने अधिकारी भेजने और व्यवस्था करवाने की बात कही थी. समाचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी या सरकारी कर्मी घटना स्थल का मुआयना तक नही किए थे. इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जयपाल महतो व सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने अनभिज्ञता जताई. दोनो अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में कोई भी जनप्रतिनिधि या पीड़ित अथवा समाजसेवी ने उन्हे जानकारी नहीं दिया है. बीडीओ श्री महतो ने बताया कि वह तत्काल जानकारी लेते हुए उचित व्यवस्था करवाते हैं. उन्होंने आम लोगों व जनप्रतिनिधियों से अपील की है।

# दामोदर में डूबे हवलदार का शव 22 घंटे बाद बरामद

**धनबाद।** दामोदर नदी में डूबे अमलाबाद ओपी के हवलदार मधुसूदन यादव का शव करीब 22 घंटे बाद मंगलवार को बरामद किया गया. स्थानीय गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद शव को खोज निकाला. हवलदार मधुसूदन यादव सोमवार को दामोदर के धोबी घाट पर नहाने के दौरान नदी की तेज धारा में बह गए थे. उनका शव घटना स्थल से लगभग 2 किलोमीटर दूर शिवबाबूडीह घाट पर तैरता हुआ मिला. ग्रामीणों की सूचना पर अमलाबाद ओपी पुलिस के जवानों ने शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. इधर पुलिस का कहना है कि अभी कुछ भी नहीं कहा सकता है पोस्टर्माटम के बाद ही बताया जा सकता है।

# बहुत जल्द होंगे झारखंड में नगर निकाय चुनाव : विधायक



**रामगढ़।** मंगलवार को विधायक ममता देवी द्वारा विधानसभा में ताराअंकित प्रश्न के माध्यम से झारखंड राज्य में विगत दो वर्षो से नगर निकाय चुनाव नहीं कराए जाने के संदर्भ में सरकार से सवाल करते हुए कहा गया कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण नगर निकाय क्षेत्रों में विकास कार्य बिल्कुल धीमा हो गया है. साथ ही नगर निकायों में चुनाव नहीं होने के कारण नगर निकाय जनप्रतिनिधि विहीन हो गया है. आम लोगों की समस्याओं का निराकरण में समस्या उत्पन्न हो रहा है. उनकी समस्याएं नगर निगम कार्यालय तक नहीं पहुंच पा रही है एवं केंद्र से मिलने वाली अनुदान की राशि भी नहीं मिल पा रही है. जिस कारण विकास कार्य प्रभावित है. विधायक के इस सवाल पर सरकार ने स्वीकार किया कि केंद्र के द्वारा मिलने वाली अनुदान की राशि नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण नगर निकायों को नहीं मिल पा रही है. विधायक ममता देवी ने सरकार से पूछा की क्या सरकार नगर निकाय चुनाव करने की मनसा रखती है इस पर सरकार ने आश्वासन दिया है कि दिसंबर 2025 से पहले नगर निकाय चुनाव संपन्न कर लिया जाएगा.

# डीएवी के तैतीस विद्यालयों से आए चार सौ से अधिक खिलाड़ी खेल प्रतिभा का परिचय देंगे

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में डीएवी स्पोर्ट्स के तहत राज्य स्तरीय टेबल टेनिस और शतरंज प्रतियोगिता शुरु हुई। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में 33 विद्यालयों के चार सौ से अधिक विभिन्न आयुवर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। राँची शहर के अलावे रामगढ़, हजारीबाला, बोकारो, धनबाद, देवघर, भाइबासा, जमशेदपुर, लोहरदगा, गुमला, गिरिडीह आदि जिलों के 33. डीएवी स्कूलों के बालक एवं बालिका वर्ग अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देंगे| इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची रेल के डीआईजी प्रियदर्शी आलोक उपस्थित थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद भारत के एक महान पुरोधा ऋषि थे। उनका प्रादुर्भाव तक हुआ जब दासता,पाखंड और अन्धविश्वास से देश आक्रांत था। वैसी विषम परिस्थिति में उन्होंने भारत की संस्कृति और वैदिक ज्ञान को विश्व में फैलाने का कार्य किया। डी.ए.वी. सँस्थाएँ उनके विचारों एवं सिद्धांतों को क्रियान्वयन कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की संस्कृति और इतिहास के सत्य ज्ञान से राष्ट्र समृद्ध होता है। इतिहास और संस्कृति के बिना राष्ट्र अपनी पहचान खो देता है। डी.ए.वी. संस्थाएं वेदों के ज्ञान के साथ सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण भी कर रही है।

# भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ ने समस्याओं को लेकर दयाल स्टील लिमिटेड से की वार्ता

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ के बैनर तले दयाल स्टील लिमिटेड चाहा, जेल रोड, रामगढ़ में मजदूरों की समस्याओं को लेकर निर्धारित डेट के अनुसार मंगलवार को वार्ता का समय फैक्ट्री के प्रबंधक/ मैनेजमेंट द्वारा समय दिया गया था। मजदूरों द्वारा फैक्ट्री प्रबंधक से बुनियादी एवं मूलभूत मांगे मुख्य रूप से सभी कार्यरत मजदूरों को गेट पास और पहचान पत्र निर्गत करना, सभी नए एवं पुराने मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी देना सुनिश्चित करने और ओवर टाइम के लिए कंपनी प्रधानों के अनुसार मजदूरी देने की मांग की गई ।सभी मजदूरों को कंपनी सुरक्षा मापदंडों के आधार पर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की गई । नए मजदूरों को रविवार की छुट्टी आदि की मांग की गई। त्रिपक्षीय वार्ता (दयाल स्टील लिमिटेड,मजदूर एवं बीकेएमएस और जेएलकेएम) के लंबी बातचीत के दौरान दयाल स्टील लिमिटेड फैक्ट्री द्वारा सभी कामगारों का पहचान पत्र निगत करने का आश्वासन दिया गया। न्यूनतम मजदूरी एवं छुट्टी संबंधी बात को लेकर अपने उच्च अधिकारी के साथ वार्तालाप करके प्रबंधक के द्वारा सूचित करने की बात कही गई।

**IN THE COURT OF EXECUTIVE MAGISTRATE, SIMDEGA**

**Affidavit**

I, Brindawati Kumari Mani @ Brindawati Kumari Maini @ Brindawati Baraik, D/O Sheo Narayan Baraik, W/O- Shivnandan Baraik, Age about 47 years, R/O- Vill-Station Road Bano, P.O.- Bano, P.S.- Bano, Dist.- Simdega, (Jharkhand) do hereby solemn declare and affirm as follows:-
1. That, my name is Brindawati Kumari Mani, D/O- Sheo Narayan according to my Matric Certificates.
2. That, my name is Brindawati Kumari Maini according to Aadhar No.-9971 0530 9663 and PAN No.- EASPM9138M.
3. That, my name is Brindawati Baraik, W/O- Shivnandan Baraik according to TET-2016 level-1 and level-2 certificates.
4. That, my name is Brindawati Kumari mani according to (JPSTAACCE-2023) Assistant Acharya, Application No.- 145487103.
5. That, Brindawati Kumari Mani and Brindawati Kumari Maini and Brindawati Baraik all name is same women its myself.
6. That for any kind or wrong I shall be fully responsible for the same Sworn and signed on this the 20/06/2025, at SIMDEGA.

The deponent name above who has been dentified by Sri PREMANAD SHIL TOPNO Advocate, Simdega has solemnly affirmed and declare that the statement made herein above are true to the best of his/her knowledge and belief.

**10,364/CP No. 5/-, Date: 21/06/2025**

# धनबाद में पूर्व मुखिया पर चली ताबड़तोड़ गोलियां गंभीर रूप घायल जांच में जुटी पुलिस



**धनबाद।** जिले में अपराधियों ने कोयला कारोबारी को गोली मार दी. घटना बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्रीय कार्यालय के पास बाघमारा डुमरा रोड पर हुई. जिसे गोली लगी है, उनकी पहचान मंडरा के पूर्व मुखिया शंकर बेलदार के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबकि, तीन बाइक पर सवार अज्ञात अपराधियों ने शंकर बेलदार पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें शंकर बेलदार गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद उनके समर्थकों ने आनन-फानन में उन्हें धनबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. डॉक्टर के अनुसार, बेलदार को पैर में दो और कमर में एक गोली लगी है. उनकी हालत गंभीर है. शंकर बेलदार का नाम कोयला कारोबार से भी जुड़ा रहा है. घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समर्थक अस्पताल पहुंच गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया. मामले की सूचना मिलते ही बरोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. मौके से कई खोखे बरामद किए गए हैं. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है. स्थानीय लोगों के अनुसार, शंकर बेलदार श्रवण राय के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे. अचानक तीन बाइक पर सवार अपराधियों ने तीन गोलियां चलाईं. जिसमें एक गोली कमर और दो गोलियां पैर में लगीं. इसी घटना की जांच के लिए पहुंचे बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने मुखिया के पति, पूर्व मुखिया पर गोलीबारी की है. मुखिया के पति को दो गोलिया लगीं. घटना की जांच की जा रही है. घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया गया है. उन्होंने बताया कि अपराधी तीन बाइकों पर सवार होकर आए थे. कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली गई है.

# श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के पूजा पंडाल में गणपति बप्पा की विशेष पूजा आज

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक विनय बगीचा स्थित पौराणिक द्वारशिनी गणेश मंदिर में बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस शुभ अवसर की तैयारी के लिए मंगलवार को कैलाश कुमार की देखरेख एवं नेतृत्व में मंदिर परिसर में साफ-सफाई और सजावट की गई। डीएवी विवेकानंद स्कूल के बच्चों एवं स्थानीय निवासियों ने मिलकर परिसर की साफ़ सफाई कर पूरे जोश के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दिया। पूजा का समयः सुबह 10 बजे से पूजा आरंभ होगी और पूजा के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर के संरक्षक कैलाश कुमार एवं पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने सभी ग्राम वासियों को इस पावन अवसर पर सादर आमंत्रित किया है।

**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**

**Quotation Notice**

**Short e-Quotation Reference No. WRD/MID/RANCHI- 01/2025-26**

**Letter No. --------------Date-----------------**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Quotation for Purchase of Different items under e-Governance for the offices under Water Resources Department (Minor Irrigation) |
| 2. | Date of Publication of Quotation | 06.09.2025at 2.00 pm |
| 3. | Last date/Time for submission of Quotation | 12.09.2025 up to 4:00 pm |
| 4. | Date of Opening Quotation | 13.09.2025 at 5:00 pm |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, AbhiyantranBhawan, KutcheryChowk, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 9835451527 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID-eemidran-cemr-jhr@nic.in |

6. The Department will not be responsible for any delay in online submission due to any reason what so ever.
i.GST Registration
ii.PAN Card

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division**
**Ranchi**

PR 360548 Minor Irrigation(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खाईं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - प्रेमचंद

## संपादकीय

### जेल से सरकार पर सवाल

नेताओं की आपराधिक कृत्यों में संलिप्तता के आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव सुधार के लिए ऐसी विसंगतियां दूर करने की मांग उठती रही है, जिनके चलते दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों के आरोपियों को चुनाव लड़ने के अधिकार के साथ, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए जेल से सरकार चलाने का अधिकार भी मिला हुआ है। शायद संविधान निर्माताओं ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि जेल से सरकार चलाने वाले प्रसंग भारत में आएंगे पर अब सरकार तीन संविधान संशोधन विधेयकों के माध्यम इन विरोधाभासी कानूनों को बदलने की तैयारी में है। पहला, संविधान में 130वां संशोधन विधेयक-2025 है, जिसके तहत 30 दिन तक जेल में रहकर पद पर बने रहने वाले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को हटाने का प्रावधान है। दूसरा विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इन्हीं प्रावधान के साथ लागू होगा। तीसरा विधेयक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। अतएव धारा-54 में संशोधन करके आपराधिक छवि वाले मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को 30 दिन में हटाने का प्रावधान किया जाएगा। देश में जाति और संप्रदाय आधारित विडंबना इस हद तक हैं कि अनेक दागी चुनाव जीत भी जाते हैं। यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और आतंकी फंडिग में तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने पिछले साल लोकसभा चुनाव जीता।

*शायद संविधान निर्माताओं ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि जेल से सरकार चलाने वाले प्रसंग भारत में आएंगे पर अब सरकार तीन संविधान संशोधन विधेयकों के माध्यम इन विरोधाभासी कानूनों को बदलने की तैयारी में है।*

विचारणीय बिंदु यह भी है कि हत्या, दुष्कर्म, आतंक, अलगाव और हिंसा भड़काने वाले लोग यदि जीतकर संसद और विधानसभा में पहुंच जाते हैं, तब क्या इन सदनों की गरिमा या संविधान की महिमा बढ़ जाती है? यदि नहीं बढ़ती, तो राजनीतिक दल इन्हें टिकट क्यों देते हैं? क्या उन्हें देश की अखंडता की चिंता नहीं है? सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 10 जुलाई, 2013 को दिए एक फैसले के अनुसार, किसी आपराधिक मामले में दो वर्ष की सजा पाए दोषी सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। अदालत ने इस फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रद्द कर दिया था। लेकिन, इस फैसले के विरुद्ध केंद्र सरकार ने संसद में सर्वसम्मति से संशोधन विधेयक लाकर शीर्ष अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस बिल में धारा 8 की उपधारा 4 में एक प्रावधान जोड़ा, ताकि दागी नेताओं की कुर्सी बची रहे और वे सदन की कार्यवाही में भागीदारी करते रहें, लेकिन अदालत ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि उपधारा 4 भेदभावपूर्ण है, क्योंकि यह दोषी ठहराए गए आमजन को तो चुनाव लड़ने से रोकती है, लेकिन जनप्रतिनिधि को सुरक्षा मुहैया कराती है। दरअसल, दागियों के कंधे पर टिका विपक्ष ऐसे कानूनों का पक्षकार इसलिए है, ताकि वह संप्रदाय और जाति के ध्रुवीकरण के आधार पर जीते प्रतिनिधियों के बूते अपना वर्चस्व संसद में बनाए रखे। संविधान के अनुच्छेद 173 और 326 में प्रावधान है कि न्यायालय द्वारा दोषी-करार दिए लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जा सकते हैं।

# मार्केटिंग के मायाजाल का आकर्षण और भीतर की पुकार के बीच फंसी युवा पीढ़ी

बाहर से सब ठीक दिखता है, पर भीतर-ही-भीतर एक बेचैनी रहती है। प्रायोरिटीज सेट करते हैं, पर वो पूरी नहीं हो पातीं। एक गिल्ट महसूस होता है। आखिर यह बेचैनी है क्या? क्या यह सिर्फ हमारे मन का भ्रम है?"

यह लेख आज की पूरी युवा पीढ़ी की मानसिक स्थिति का एक गहन विश्लेषण है।

### सब कुछ है, फिर भी कुछ नहीं है

आज के युवाओं के पास पहले से कहीं ज़्यादा पैसा, टेक्नोलॉजी और विकल्प हैं। फिर भी, एंग्जाइटी, डिप्रेशन और ओवरथिंकिंग की समस्याएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। यह विरोधाभास क्यों?

जवानी का एक खास और शक्तिशाली समय होता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा अपने चरम पर होती है। हम दुनिया को समझने लगते हैं और महसूस करते हैं कि पूरी दुनिया हमारी पहुंच में है। भीतर एक तड़प होती है कि इस जीवन में कुछ अलग, कुछ बड़ा करना है। पर समस्या यह है कि वह 'कुछ' क्या है, यह स्पष्ट नहीं होता।

इसी अनिश्चितता और तड़प का फायदा उठाता है आज का विशाल बाज़ार। इतिहास में कभी भी बाज़ार इतने आकर्षक और विशाल नहीं रहे। यह बाज़ार आपके सामने एक के बाद एक 'माल' खड़ा करता जाता है: नया फोन, नई नौकरी, नया कोर्स, नया वीकेंड गेटवे, नया रिश्ता ,और समाज की वही परम्परा में फंसते जाते हैं।

इनमें से किसी एक से यदि निराशा मिलती भी है, तो बाज़ार तुरंत चार नए विकल्प आपके सामने रख देता है। कोई बात नहीं, यहां असफलता मिली तो अब ये कर लो। यहां तक कि दिल टूटने का दुख महसूस होने से पहले ही, आपके सामने नई लुभावनी चीजें आ जाती हैं और नये लोग मिल जाते हैं बहलाने के लिए।

इसका परिणाम यह होता है कि युवा अपनी अनंत महसूस होने वाली ऊर्जा को इन्हीं सतही विकल्पों में बिखेर देता है। वह सोचता है, "शायद यही वह चीज है जो मुझे चाहिए।" लेकिन हर नई प्राप्त वस्तु के बाद भीतर की खालीपन और बढ़ता जाता है।

### सबसे बड़ी हार: 'जीत' में छिपी हार

सबसे बड़ी समस्या तब आती है जब आपको इनमें से कोई चीज मिल भी जाती है। आपको लगता है कि आप जीत गए। एक डिग्री, एक नौकरी, एक नया फोन—ये सब आपको हासिल हो जाते हैं। यही सबसे बुरी हार है, क्योंकि इस 'जीत' ने आपको यह आश्वासन दे दिया होता है कि आप सही रास्ते पर हैं। जबकि असलियत यह है कि आपने अपनी कीमती ऊर्जा और समय किसी ऐसी चीज पर लगा दिया, जो आपके भीतर की असली पुकार नहीं थी।

यही कारण है कि बाहर से सब कुछ पा लेने के बाद भी भीतर एक बेचैनी बनी रहती है। एक आवाज़ चिल्लाती रहती है, "नहीं! यह नहीं चाहिए था मुझे। यह भी नहीं, यह भी नहीं।"

### सवाल जो बुढ़ापे में कचोटते हैं




इस चक्र में फंसकर जवानी का कीमती समय बीत जाता है। पैसा, समय और ऊर्जा—ये तीनों अनंत नहीं हैं। ये जल्दी खत्म हो जाते हैं। एक दिन आप आईने के सामने खड़े होते हैं और सफेद बालों को देखकर पूछते हैं, "यह कैसे हो गया? मेरा सारा समय कहाँ चला गया? मेरी सारी ऊर्जा कहाँ बर्बाद हो गई?"40 की उम्र पार करने के बाद जब लोग अपनी जवानी के दो दशकों को याद करते हैं, तो उन्हें ठीक से याद ही नहीं आता कि वह समय कहाँ गया। जैसे पानी की तेज धारा बह गई हो।

### 'कुछ और' की तलाश

समाधान इस बात में है कि हम उस 'कुछ और' को पहचानें, जिसके लिए हमारा जन्म हुआ है। यह 'कुछ और' कोई बाहरी वस्तु नहीं, बल्कि एक आंतरिक पूर्णता है। इसे पाने के लिए जरूरी नहीं कि आप दुनिया छोड़ दें, बल्कि यह जरूरी है कि आप बाजार, समाज और शरीर द्वारा परोसे गए सस्ते विकल्पों के प्रति विवेक रखें।

इसका मतलब है ठुकराना सीखना। उन रास्तों पर चलने से इनकार करना, जहाँ सभी भीड़ दौड़ रही है। उन सामाजिक व्यवस्था से बाहर निकलना, जैसे शादी करना वो भी समाज चाहता है इसलिए, घिसी-पिटी नौकरी करना,झुठी खुशी परिवार और समाज को लिए.इसका मतलब है बाहरी असुविधा और संघर्ष को स्वीकार करना, ताकि भीतरी शांति मिल सके।

आज की बात



वीणा देवांगन

### आपके सामने दो रास्ते हैं

1. बाहर का चैन और भीतर की बेचैनी: बाजार के हर नए माल को खरीदते रहें, वो हर काम जो समाज आपसे कराती है करते रहिए,हर नए ट्रेंड को फॉलो करते रहें। बाहर से आप सुखी और संतुष्ट दिखेंगे, लेकिन भीतर एक गहरी बेचैनी और खालीपन बना रहेगा।

2. बाहर का संघर्ष और भीतर का चैन: बाजार के आकर्षण को 'ना' कहना शुरू करें। अपने भीतर की आवाज सुनें, चाहे इसके लिए बाहरी दुनिया से संघर्ष करना पड़े। इस रास्ते पर आप अकेले हो सकते हैं, लेकिन अंततः आपको भीतर एक गहरी शांति और सार्थकता का अनुभव होगा।

जवानी की ऊर्जा इसीलिए है ताकि आप दुनिया में कुछ बदल सकें, कुछ रच सकें। इसे सिर्फ भोग में नष्ट मत कर दीजिए। अपने भीतर के 'कुछ और' की खोज कीजिए। यही आपकी बेचैनी का एकमात्र स्थायी समाधान है। (veenavlogs@gmail.com)

### हाल सरकारी नौकरी का

एक बात मन के अंदर ऐसी,
आई विपदा कैसी-कैसी ?
जो कह ना सके, और सह ना सके ।।
मैं आई शहर अकेली थी,
खुद ही अपनी सहेली थी ,
बांट सकूं ना दुख अपना,
ना काट सकूं जीवनअपना।
किताबों संग ही रहती थी,
किताबों संग ही सोती थी
आज मैंने खूब पढ़ाई की,
यह सोच सोच खुश होती थी।
जीवन जीना भी सीखा था,
कई कला हाथ को आती थी
लगता था एक मुकाम मिलेगा,
मेरे हाथों को काम मिलेगा, सरकारें जब-जब
आती थीं, पद बड़े-बड़े गिनवाती थी,
कई फार्म भराई जाती थी,
परीक्षा की तिथि भी आती थी ।
जग जग रातों को पढ़ती थी ,
मन ही मन फिर उसे गुनती थी,
फिर एक दिन ऐसा आया,
अपना रोल नंबर मिलाया।
रोल नंबर देख मन झूमा था
मैंने पेपर को चूमा था,
कल से हम अधिकारी होंगे
कुछ और नहीं सरकारी होंगे।
काउंसलिंग की अब बारी थी, करली तैयारी
सारी थी,
धक-धक धड़कन
थी बढ़ी हुई, कल क्या
होगा सोचकर डरी हुई
जब अधिकारी टेबल
पर आए, जरूरी सारे
निर्देश सुनाए। जो जो
हमें आदेश मिले सब
पूरे किए हम बिना
हिले। पूरी ईमानदारी
से काम करेंगे,
रोशन कस्बे का नाम
करेंगे, मन सपनों में
झूल रहा था, सोच
सोच यह फूल रहा था
गांव अपने अब जाएंगे, कुछ शहरी ठाठ
दिखाएंगे झुक पैर बड़ों के छुएंगे,
छोटों को गुर बतलाएंगे।
चौपाल बिछी थी बाहर में ,
पर बात पहुंची थी घर-घर में,
बेटी अब अधिकारी होगी
गांव की सबला नारी होगी।
सूरज में लाली थी सुंदर, कल से लगती थी
आज सुघड़ मैं मन ही मन कुछ सोच रही थी,
तब तक छोटू फेंका पेपर।
मैंने पेपर लपक उठाया, क्या कोई फरमान है
आया बड़े-बड़े काले अक्षर में, विज्ञापन का था
नाम लिखाया आगे कुछ-कुछ और लिखा था,
वैसे मन धक धक धड़क रहा था, लिखा था
मामला कोर्ट गया है,
विज्ञापन में कुछ खोट नया है।।
अगले महीने सुनवाई है।
इतने में चाचा गुजर रहे थे
बोले बेटी वाह बधाई है, क्या किस्मत तूने पाई है?

आपकी बात




रमावती पांडेय

# गणेशोत्सव : आस्था, संस्कृति और जीवन का संदेश

भारतीय संस्कृति में पर्व-त्योहारों का अत्यंत महत्त्व है। ये केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक भी होते हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख पर्व है गणेशोत्सव, जिसे "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष के साथ पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशजी को विघ्नहर्ता और सिद्धिदाता माना जाता है। यही कारण है कि हर शुभ कार्य का प्रारंभ उनके पूजन से किया जाता है।

भाद्रपद मास की चतुर्थी से शुरू होकर दस दिनों तक गणेशोत्सव बड़े उत्साह से मनाया जाता है। महीनों पहले से कारीगर प्रतिमाएँ बनाना आरंभ कर देते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन घरों व पंडालों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। दस दिनों तक भक्ति, आरती, भोग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। गणेशजी को लड्डू और मोदक प्रिय हैं, इसलिए भोग में इन्हीं का विशेष स्थान रहता है।

अध्यात्म की बात



महेन्द्र तिवारी

इतिहास गवाह है कि मराठा वीर छत्रपति शिवाजी महाराज गणेशजी के अनन्य भक्त थे। उन्होंने इस उत्सव को सामाजिक संगठन और सांस्कृतिक जागरण का साधन बनाया। उनके बाद पेशवाओं ने भी इस परंपरा को और अधिक भव्य बनाया। ब्रिटिश शासन में सार्वजनिक आयोजनों पर रोक लगी हुई थी। ऐसे समय में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक स्वरूप देकर इसे राष्ट्रीय एकता का आधार बनाया। पंडालों में एकत्र होकर लोग राष्ट्रभक्ति के गीत गाते और स्वतंत्रता संग्राम का संदेश फैलाते। इस प्रकार धार्मिक पर्व ने राजनीतिक आंदोलन को नई दिशा दी।

अनंत चतुर्दशी के दिन गाजे-बाजे और शोभायात्राओं के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। भक्त जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर देते हैं। प्रतिमा का मिट्टी में मिल जाना हमें यह गहन संदेश देता है कि जीवन नश्वर है। जैसे मूर्ति मिट्टी में लौट जाती है, वैसे ही मानव शरीर भी अंततः पंचतत्वों में




विलीन हो जाता है। यह परंपरा त्याग और वैराग्य की शिक्षा देती है।

आज गणेशोत्सव केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत, गुजरात, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश तथा विदेशों में भी भारतीय समुदाय इसे धूमधाम से मनाता है। यह पर्व सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन चुका है।

गणेशोत्सव केवल पूजा और अनुष्ठान का पर्व नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और जीवन-दर्शन का संगम है। यह हमें सिखाता है कि भक्ति, त्याग और एकता के बिना जीवन अधूरा है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक समाज तक इस पर्व ने लोगों को जोड़ने का कार्य किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

तसवीरें पलटीं कई, सब पर धब्बे दाग।
ज्यों चंदन की डाल पर, लिपट गये हों नाग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# नेत्रदान : अंधेरे को हराने का सबसे पवित्र हथियार

ष्टि मानव जीवन की सबसे अनमोल देन है। आँखों के बिना यह रंग-बिरंगा संसार केवल अंधेरे, ध्वनियों और स्पर्श की दुनिया बनकर रह जाता है। खिलखिलाते बच्चों की मुस्कान, सूर्योदय की सुनहरी किरणें, माँ का स्नेहिल चेहरा—ये सभी अनुभव आँखों के बिना अधूरे हैं। इसीलिए भारत में हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है, जो समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने और लाखों लोगों को इस पुण्य कार्य के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त मंच है। यह पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आह्वान है, जो हमें सिखाता है कि मृत्यु के बाद भी हम किसी के जीवन में उजाला बिखेर सकते हैं। भारत में दृष्टिहीनता एक गंभीर चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आँकड़ों के अनुसार, देश में करीब 1.2 करोड़ लोग दृष्टिहीनता से जूझ रहे हैं, जिनमें 25-30 लाख कॉर्नियल अंधत्व से पीड़ित हैं। नेत्र प्रत्यारोपण के जरिए इनकी दृष्टि बहाल की जा सकती है, लेकिन कमी है तो बस जागरूकता और इच्छाशक्ति की। हर साल केवल 55,000-60,000 कॉर्निया ही एकत्र हो पाते हैं, जबकि आवश्यकता 2 लाख से अधिक की है। यह अंतर सामाजिक भ्रांतियों, जानकारी के अभाव और संगठित प्रयासों की कमी के कारण है। नेत्रदान एक ऐसा कार्य है, जो न केवल किसी की जिंदगी को रोशनी देता है, बल्कि मानवता और परोपकार का संदेश भी प्रसारित करता है। नेत्रदान को लेकर समाज में कई भ्रांतियाँ फैली हुई हैं, जो इस पुण्य कार्य में बाधा बनती हैं। कुछ लोग मानते हैं कि नेत्रदान से मृतक का शरीर अपूर्ण हो जाता है या चेहरा विकृत हो जाता है। यह सरासर गलतफहमी है। नेत्रदान में केवल कॉर्निया, आँख का पारदर्शी हिस्सा, निकाला जाता है। यह प्रक्रिया वैज्ञानिक, दर्दरहित और पूरी तरह गरिमामय है, जो मृतक के चेहरे की सुंदरता और पहचान पर कोई प्रभाव नहीं डालती। एक और भ्रांति यह है कि नेत्रदान से अगले जन्म पर असर पड़ता है। यह धारणा भी निराधार है। सभी प्रमुख धर्म—हिंदू, इस्लाम, ईसाई, सिख, बौद्ध—परोपकार और दान को सर्वोच्च स्थान देते हैं। हिंदू धर्म में तो 'दान' को मोक्ष का मार्ग माना गया है, और नेत्रदान से बड़ा दान भला क्या हो सकता है, जो किसी के जीवन में उजाला लाता है? राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर) इन भ्रांतियों को तोड़ने और लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त मंच है।



भारत में नेत्रदान की शुरुआत 1945 में चेन्नई में पहले नेत्र बैंक की स्थापना के साथ हुई थी। आज देश में 700 से अधिक नेत्र बैंक हैं, लेकिन दुखद यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई नेत्र बैंक निष्क्रिय हैं। ग्रामीण भारत में जागरूकता और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण कॉर्नियल अंधत्व की समस्या गंभीर बनी हुई है। ग्रामीण लोग अक्सर नेत्रदान की प्रक्रिया, इसके लाभों और उपलब्ध सुविधाओं से अनजान रहते हैं। इसलिए, इस पखवाड़े के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, नेत्रदान में समय सबसे बड़ा कारक है। मृत्यु के बाद 6 से 8 घंटे के भीतर कॉर्निया निकालना जरूरी है, वरना वह उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है। इस प्रक्रिया में परिवार की सहमति और अस्पतालों व नेत्र बैंकों के बीच त्वरित समन्वय की आवश्यकता होती है। कई बार भावनात्मक उथल-पुथल में परिवार तुरंत निर्णय नहीं ले पाता, और यह अनमोल अवसर खो जाता है। इसलिए, जीवनकाल में ही नेत्रदान की शपथ लेना और परिवार को इसकी जानकारी देना महत्वपूर्ण है। भारत में दृष्टि नेत्र बैंक और आर.पी. सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज जैसे संगठन नेत्रदान शपथ पत्र प्रदान करते हैं, जिससे आप अपने संकल्प को औपचारिक रूप दे सकते हैं। नेत्र प्रत्यारोपण विज्ञान का एक चमत्कार है। दाता से प्राप्त कॉर्निया को विशेष तकनीकों से संरक्षित कर जरूरतमंद व्यक्ति में प्रत्यारोपित किया जाता है। इसकी सफलता दर 90% से अधिक है। एक बच्चा जो जन्म से दृष्टिहीन है, जब पहली बार अपनी माँ की मुस्कान देखता है, तो वह क्षण केवल चिकित्सा की जीत नहीं, बल्कि मानवता का उत्सव है। आधुनिक चिकित्सा में स्टेम सेल थेरेपी और कृत्रिम कॉर्निया जैसे नवाचार इस क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं, लेकिन इनका आधार नेत्रदान ही है। बिना दान के कोई तकनीक सार्थक नहीं हो सकती। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



प्रो. आरके जैन

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर तक)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नटराज क्लब ने गोल्डन जुबली पर सेब से बनाई 26 फुट ऊंची गणेश मूर्ति

**एजेंसी। संबलपुर**

ओडिशा के संबलपुर में नटराज क्लब की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में 26 फुट ऊंची गणेश मूर्ति तैयार की गई है। खास बात यह है कि गणेश जी की मूर्ति सेब से तैयार की गई है। संबलपुर के क्षेत्र रायपुर स्थित नटराज क्लब हर साल अनोखी गणेश मूर्तियां बनाने के लिए जाना जाता है। क्लब ने एक बार फिर पूरी तरह से सेब से बनी 26 फुट ऊंची गणेश मूर्ति बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। यह काम वर्तमान में बड़े उत्साह के साथ चल रहा है। यह वर्ष क्लब के लिए इसलिए भी खास है क्योंकि क्लब अपनी गणेश पूजा के 50वें वर्ष का जश्न मना रहा है। स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में, सदस्यों ने भगवान गणेश के सबसे लोकप्रिय फल, सेब का उपयोग करके एक विशिष्ट मूर्ति बनाने का निर्णय लिया। मूर्ति को डिजाइन करने के लिए विभिन्न रंगों के लगभग 1,500 किलोग्राम सेबों का इस्तेमाल



किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस काम के लिए किसी पेशेवर कारीगर की जरूरत नहीं है। बल्कि, क्लब के सदस्य इस विशाल सेब की मूर्ति को आकार देने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। क्लब के वरिष्ठ सदस्य गोपाल पंसारी ने आईएएनएस को बताया, "इसकी तैयारी दो महीने पहले शुरू हो गई थी, हालांकि इस मूर्ति का विचार तीन साल पहले आया था।" उन्होंने आगे बताया, "क्लब इस उत्सव के लिए न तो कोई दान इकट्ठा करता है और न ही कोई बजट तैयार करता है। मूर्ति और उत्सव की व्यवस्था का सारा खर्च सदस्य स्वयं स्वेच्छा से वहन करते हैं।" नटराज क्लब के एक अन्य सदस्य शिव कुमार राठी ने बताया, "इस बार क्लब की गोल्डन जुबली है, इसलिए हमने कुछ नया करने का सोचा। सेब से भगवान गणेश की मूर्ति तैयार करने में हमें ढाई महीने का समय लगा है। हमने तीन साल पहले ही सोच लिया था कि गोल्डन जुबली में सेब से भगवान की मूर्ति तैयार करेंगे। मूर्ति तैयार करने में करीब 1,500 किलो

## विनायक चतुर्थी पर 7,400 से अधिक छात्रों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

विजयवाड़ा। विनायक चतुर्थी की पूर्व संध्या पर आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बना है। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव ने पत्रकारों से बातचीत में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7,400 से अधिक छात्रों और युवाओं ने एक साथ मिट्टी की मूर्तियां बनाकर यह कीर्तिमान स्थापित किया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल उत्सव में जनभागीदारी बढ़ाना था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी था।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह आयोजन पर्यावरण के प्रति लोगों की सोच को बदलने में कारगर साबित हुआ है। खासकर स्कूली बच्चों और युवाओं में मिट्टी की मूर्तियों के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि बढ़ते कैंसर मामलों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण आज समय की जरूरत है। वायु प्रदूषण, अस्वास्थ्यकर खानपान और मिलावटी खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य समस्याओं के प्रमुख कारण हैं। इस कार्यक्रम के जरिए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आयोजन न सिर्फ एक विश्व रिकॉर्ड है, बल्कि समाज को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की प्रेरणा भी देता है। मिट्टी की मूर्तियां बनाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्रियों का उपयोग कम होगा, जिससे नदियों और जलाशयों का प्रदूषण रोका जा सकता है। मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं और बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगी। इसके अलावा, उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएं, जैसे मिट्टी की मूर्तियों का उपयोग और प्लास्टिक से बचाव। इस आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना करते हुए उन्होंने इसे सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। बता दें कि गणेश चतुर्थी हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जो भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को शुरू होता है और 10 दिनों तक चलता है।

# योगासन खेल के विकास में योगदान के लिए योगाचार्य महेश पाल का भोपाल में हुआ सम्मान

**एजेंसी। मध्यप्रदेश**

योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राष्ट्रीय योगासना जज योगाचार्य महेश पाल को भोपाल में योगासन प्रतियोगिता में मुख्य जज की भूमिका निभाने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा भोपाल में आयोजित योग कार्यक्रम योगासना खेल के अवसर पर भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मप्र योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त और योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश शर्मा सचिव दिनेश ठाकुर, प्रोफेसर डॉ अजय दुबे ने योगाचार्य महेश पाल को योग में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। योगाचार्य महेश पाल ने योग विषय में शोध कार्य, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर योगासन खेलों में नेशनल योगासन जज के रूप में योगदान और योग जागरूकता के विविध कार्यों से समाज को लाभान्वित किया है। इससे पहले भी उन्हें नेशनल योगासन जज सम्मान, पतंजलि योग रत्न अवॉर्ड, स्वामी विवेकानंद योग यूथ आइकन अवॉर्ड जैसे कई राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। उनके द्वारा बच्चों और युवाओं को योग से जोड़ने, लेख लेखन के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवन की प्रेरणा



देने का उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के समापन अवसर पर सचिव दिनेश ठाकुर, सह सचिव सचिन तिवारी, टेक्निकल जॉइंट सेक्रेटरी डॉ वरुण कुशवाह महिला पतंजलि राज्य प्रभारी पुष्पांजलि शर्मा, विधायक ऊषा ठाकुर ट्रेनिंग एंड एजुकेशन डायरेक्टर दीपक जैन,और टीएस बावल जैसे गणमान्य जन उपस्थित रहे। योगाचार्य महेश पाल का यह सम्मान गौरव की बात है, जिन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने में अपना जीवन समर्पित किया है।योगाचार्य महेश पाल पिछले कई वर्षों से योग के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने 21 हजार सूर्य नमस्कार पूर्ण कर एक कीर्तिमान स्थापित किया और निरंतर बच्चों, युवाओं को योग से जोड़ने में लगे हैं। लेखन, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और मार्गदर्शन के माध्यम से वे समाज को योग से जोड़ने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने का कार्य कर रहे हैं। उनका यह सम्मान योग की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।

### दुनिया में दौड़ेगी 'मेड इन इंडिया' ईवी पीएम मोदी बोले-

# भारत 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है

**एजेंसी। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद के हंसलपुर में सुजुकी के पहले वैश्विक रणनीतिक बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) 'ई-विटारा' को झंडी दिखाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब दुनिया के दर्जनों देशों में जो ईवी चलेगी, उसमें 'मेड इन इंडिया' लिखा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि अब भारत में बनी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड मैन्युफैक्चरिंग की भी शुरुआत हो गई है।

पीएम मोदी ने याद दिलाया कि भारत की सफलता की कहानी के बीज करीब 13 साल पहले बोए गए थे। 2012 में जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने मारुति सुज़ुकी को हंसलपुर में जमीन अलॉट की थी। उन्होंने कहा, "विजन तब भी आत्मनिर्भर भारत का था और मेक इन इंडिया का था। हमारे तब के प्रयास आज देश के संकल्पों को पूरा करने में इतनी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।"

## ईवी इकोसिस्टम में बड़ा कदम, देश में शुरू हुआ बैटरी निर्माण

प्रधानमंत्री ने कहा, "इलेक्ट्रिक वाहनों के इकोसिस्टम में बैटरी सबसे महत्वपूर्ण घटक है। कुछ साल



पहले तक भारत पूरी तरह से बैटरियों के लिए आयात पर निर्भर था। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण को मजबूत करने के लिए भारत में भी बैटरी उत्पादन शुरू करना जरूरी था। इसी दृष्टिकोण के साथ हमने 2017 में टीडीएसजी बैटरी प्लांट की नींव रखी। इस कारखाने में, तीन जापानी कंपनियां मिलकर बैटरी सेल का निर्माण करेंगी। यह स्थानीयकरण हमारे आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को नई ताकत देगा।" प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से आग्रह किया कि वे इस मौके का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा, "मैं सभी राज्यों को निमंत्रण देता हूं। आइए, रिफॉर्म की स्पर्धा करें, प्रो-डेवलपमेंट पॉलिसी की स्पर्धा करें, गुड गवर्नेंस की स्पर्धा करें।" इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बने।

# राहुल-प्रियंका के बिहार दौरे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा : रविशंकर

**एजेंसी। पटना**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में चल रही इंडिया ब्लॉक की 'वोटर अधिकार यात्रा' में मंगलवार को सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हुईं। उनकी मौजूदगी से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि, प्रियंका गांधी वाड्रा के शामिल होने पर भाजपा ने कड़ा प्रहार किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भाई आए, बहन आईं, दौरे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। फिर से वही गलत बयानबाजी करेंगे। पत्रकारों से खास बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एफिडेविट क्यों नहीं फाइल किया? क्योंकि उन्हें पता था कि झूठ बोलने पर कार्रवाई होगी। पेगासस और राफेल मामले में भी वही रवैया अपनाया। मीडिया, सीबीएसई, कैग और अब चुनाव आयोग तक को गाली देना राहुल गांधी की आदत बन गई है। उनका एक ही मंत्र है, 'ना कायदा सही, ना कानून सही, जो राहुल कहे वही सही।' लेकिन, देश ऐसे नहीं चलेगा। रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार की जनता इनकी झूठी बातों का करारा जवाब देगी। वहीं, उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के उस बयान पर भी नाराजगी जताई, जिसमें बिहार के डीएनए पर सवाल उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि बिहार के डीएनए में सम्राट अशोक की विरासत है। बिहार के डीएनए में महात्मा गांधी की प्रेरणा है। गांधी जब महात्मा बने तो वह चंपारण आए थे और यहीं से सत्याग्रह शुरू किया था। मैं रेवंत रेड्डी से आग्रह करूंगा कि थोड़ा बिहार को जान लें। बता दें कि बिहार में इंडिया ब्लॉक ने 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली है। इसमें राजद के नेता तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेता शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को यात्रा के दसवें दिन की शुरुआत सुपौल जिले से हुई। सोमवार को इस यात्रा को ब्रेक दिया गया था।

### नीतीश कुमार ने लागू किया इंडस्ट्रियल पैकेज

# उद्योगों को मिलेगी 40 करोड़ तक की ब्याज सब्सिडी

**बिहार**। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार में उद्योग क्रांति लाने को लेकर बड़ा ऐलान किया गया है। नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि बिहार में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के बाद अब नया बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 लागू किया है। इसके तहत 40 करोड़ रूपए तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। नई इकाइयों को स्वीकृत परियोजना लागत का 300 प्रतिशत तक शुद्ध SGST की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों के लिए की जाएगी। 30 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि निर्यात प्रोत्साहन की सीमा 14 वर्ष की अवधि के लए 40 लाख रूपए प्रतिवर्ष होगी। इसके अतिरिक्त कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग, स्टाम्प ड्यूटी एवं भूमि रूपांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति, निजी औद्योगिक पार्कों को सहयोग, पेटेंट पंजीकरण एवं गुणवत्ता प्रमाणन हेतु सहायता दी जाएगी।

## सरकार ध्यान भटकाने के लिए कर रही फर्जी कार्रवाई

**नई दिल्ली**। दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के घर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने इस कार्रवाई को पूरी तरह फर्जी, निराधार और राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार आम आदमी पार्टी को टारगेट कर रही है, क्योंकि देश की गलत नीतियों और भ्रष्ट कामों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज 'आप' की है। उन्होंने कहा, "इतिहास में किसी पार्टी को इतनी बुरी तरह से निशाना नहीं बनाया गया।

# सीबीआई ने हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। सीबीआई को हेड कांस्टेबल के रिश्वत लेने की जानकारी मिली थी। इसी क्रम में सीबीआई ने आरोपी पुलिसकर्मी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। सीबीआई ने 25 अगस्त को थाना अशोक विहार में तैनात दिल्ली पुलिस के आरोपी हेड कांस्टेबल और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि एक सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और आरोपी हेड कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के लिए 3 लाख रुपए की मांग की थी। बातचीत के बाद, आरोपी हेड कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित शिकायत को बंद करने के लिए 2 लाख रुपए की रिश्वत लेने पर सहमति जताई। आरोपी हेड कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता को 25 अगस्त को ही 1 लाख रुपए का आंशिक भुगतान करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपए की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायतकर्ता से आंशिक भुगतान के रूप में एक लाख रुपए वसूले गए। फिलहाल, सीबीआई ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आज का राशिफल

मेष : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी नए वाहन को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, जिससे घर में उत्साह का माहौल बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ बैठकर किसी मुद्दे को सुलझाने में सफल रहेंगे। आज आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, तो आपको अच्छा लाभ अवश्य मिलेगा।

वृष : आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। आज आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको खुशी होगी। इस राशि के विदेश जाने की इच्छा रख रहे व्यक्तियों को अच्छा मौका मिल सकता है, आपकी फैमली आपको पूरा सपोर्ट करेगी। इसलिए बेहतर होगा आप अपने सामान की लिस्ट पहले से बना लें।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगें, जिससे आपके काम की तारीफ होगी। आज आप थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे, आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज शाम को आप माता जी से भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

कर्क : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज किसी की मदद से आपके सरकारी कार्य बनेगें। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आपके नए व्यक्तियों के साथ सम्पर्क बनेगें, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक साबित होंगें।

सिंह : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकतें हैं। आज आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। इस राशि के जो छात्र घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

कन्या : आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है | आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, आपके किसी काम से बॉस आपसे खुश रहेंगें। आज आपके कॉलेज का मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

तुला : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, जिससे आपको खुशी मिलेगी | आज आप अपने खर्चों को नियंत्रित करें, जिससे आपको धन संचय करने में आसानी रहे। आज आपको किसी व्यक्ति से जीवन का अहम् सबक सीखने को मिलेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में आपके लिए नए रास्ते खुलेंगें, जिनका लाभ लेकर आप अपनी मंजिल तक पहुँच सकतें हैं। आज ऑफिस में आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगें। आज पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा।

धनु : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखेंगें, तो इससे आपके काम जल्दी निपट जायेंगें। आज आप किसी काम को करने में सफल रहेंगें, जिससे आपको तारीफ मिलेगी।

मकर : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पेंडिंग पड़े कार्यों को पूरा करने का दिन है, इसलिए आप दिन भर का शेड्यूल तैयार कर लें। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगें।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपको संतान से खुशखबरी प्राप्त होगी, ये उनके करियर को लेकर भी हो सकती है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

मीन : आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज व्यापारिक से दृष्टि आपका दिन अच्छा है, आज आप बड़ा धन लाभ कमायेंगें। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े व्यक्तियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें।

### राहुल-तेजस्वी के बिहार दौरे पर गिरिराज सिंह ने साधा निशाना, बोले-

# झूठ को सच नहीं बनाया जा सकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को बिहार में कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' की आलोचना की और कहा कि विपक्ष झूठ को सच नहीं बना सकता। पत्रकारों से बात करते हुए, गिरिराज सिंह ने वोट चोरी के आरोपों को झूठा बताया। उन्होंने कहा कि वे बिहार के दौरे पर हैं, तो उन्हें दौरा करने दीजिए, यह उनका काम है, लेकिन वे झूठ को सच नहीं बना सकते। 'वोट चोरी' एक झूठ है। आज 26 अगस्त है, वे एक भी मतदाता का पंजीकरण क्यों नहीं करा पाए? इससे साबित होता है कि वे झूठ को सच बनाना चाहते हैं।

विपक्ष पर वार करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि क्या वे (विपक्ष) चाहते हैं कि बांग्लादेशी यहां वोट दें? क्या ये लोग बिहार को भोला समझते हैं? क्या वे बिहार की जनता को गुमराह करना चाहते हैं? तंज भरे लहजे में भाजपा नेता ने कहा कि जो दो लोग (राहुल गांधी और तेजस्वी यादव) बिहार की सड़कों पर घूम रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने दशकों तक गरीबों को वोट नहीं डालने दिया। क्या बिहार उन्हें नहीं जानता... उनके पास कोई जनसमर्थन नहीं बचा है और बार-बार हार की हताशा में वे भारत की संवैधानिक व्यवस्था को तोड़ने में लगे हैं। बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची पर लगाए गए।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, 500 करोड़ के विदेशी निवेश मामले में कई जगह छापे

**गुरुग्राम**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपए से अधिक के विदेशी निवेश मामले में एक कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मंगलवार को दिल्ली और नोएडा में कई ठिकानों पर छापे मारे। ईडी, गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, बिजनेस पार्क्स टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीपीटीपी) एक रियल एस्टेट कंपनी है, जो हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित है। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर काबुल चावला हैं, जबकि सुधांशु त्रिपाठी इसके व्होल टाइम डायरेक्टर हैं। ईडी ने मंगलवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम-1999 (फेमा) के प्रावधानों के तहत दिल्ली और नोएडा के कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।

# 26 दिन में सिर्फ एक पार्टी ने उठाई आपत्ति, अब भी 6 दिन बाकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया के संबंध में दैनिक बुलेटिन जारी किया है। ईसीआई ने बताया कि 26 दिन बाद सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) की ओर से 10 आपत्तियां मिली हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, 1 अगस्त 2025 (दोपहर 3 बजे) से 26 अगस्त (सुबह 10 बजे) तक की अवधि में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए अब केवल 6 दिन शेष हैं और इन 26 दिनों के दौरान सिर्फ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) की तरफ से आपत्तियां मिली हैं, जिनका निपटारा 7 दिन में किया जाएगा। ईसीआई ने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से फॉर्म 6 (घोषणा-पत्र सहित) के तहत कुल 4,33,214 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका निस्तारण अभी शेष है। साथ ही, योग्य मतदाताओं को शामिल करने और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के लिए ईआरओ द्वारा अब तक कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा, मतदाताओं से सीधे प्राप्त दावों और आपत्तियों की संख्या 1,62,453 है, जिनमें से 17,516 का निस्तारण 7 दिनों के बाद किया गया है।

### 'मेक इन इंडिया' सेल की आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि के निर्माण में बड़ी भूमिका

# फ्रिगेटों को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया

- **ग्रेड स्टील की आपूर्ति कर देश की रक्षा क्षेत्र के साथ अपनी साझेदारी जारी रखी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन संचालित, भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील उत्पादक और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), ने भारतीय नौसेना के दो उन्नत फ्रंटलाइन युद्धपोतों, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8,000 टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील



की आपूर्ति करके देश के रक्षा क्षेत्र के साथ अपनी महत्वपूर्ण साझेदारी जारी रखी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में, विशाखापत्तनम में, आयोजित एक समारोह के दौरान, इन दोनों फ्रिगेटों को मंगलवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने भारतीय नौसेना के इन दोनों उन्नत युद्धपोतों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के साथ साझेदारी करते हुए, अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्टील प्लांट्स से क्रिटिकल ग्रेड की हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट्स की आपूर्ति की। भारतीय नौसेना के लिए क्रिटिकल -ग्रेड स्टील के विकास और आपूर्ति के जरिये, सेल ने आयात प्रतिस्थापन और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सीधे तौर पर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहलों से जुड़ा हुआ है और रक्षा ज़रूरतों के लिए विशेष गुणवत्ता वाले स्टील उपलब्ध करने की दिशा में भारत की आयात पर निर्भरता को घटाता है। अकेले राउरकेला स्टील प्लांट के 'स्पेशल प्लेट प्लांट" ने टैंक, युद्धपोतों और मिसाइलों जैसे रक्षा अनुप्रयोगों के लिए एक लाख टन से भी अधिक क्रिटिकल - ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि जैसे जहाजों को नौसेना में शामिल करना, यह दिखाता है कि भारत अब देश में ही अपने जहाजों के लिए बुनियादी स्टील से लेकर इनके जटिल डिजाइन बनाने और कुशल चालक दल तक को विकसित करने में सक्षम है, जो हमारे देश की रक्षा प्रणाली की ताकत और मज़बूत नींव को प्रदर्शित करता है। भारत के रक्षा क्षेत्र के साथ सेल की स्थायी साझेदारी अच्छी तरह से स्थापित है, जिसमें आईएनएस विक्रांत, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार, आईएनएस अर्णाला, आईएनएस विंध्यगिरि और आईएनएस सूरत जैसे प्रतिष्ठित जहाजों के लिए महत्वपूर्ण-ग्रेड स्टील की आपूर्ति का एक गौरवपूर्ण इतिहास है। यह अटूट प्रतिबद्धता एक विश्वसनीय राष्ट्रीय निर्माता और देश के चल रहे नौसैनिक आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में सेल की स्थिति को मजबूत करता है।

## ओमान ने किया टीम का ऐलान चार नए खिलाड़ियों को मौका



नई दिल्ली, 26 अगस्त (आईएएनएस)। ओमान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 के लिए ओमान क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। जतिंदर सिंह की कप्तानी में 17 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया है। एशिया के इस सबसे बड़े और प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चुनी गई ओमान टीम में 4 नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। सुफियान यूसुफ, जिकरिया इस्लाम, फैसल शाह और नदीम खान को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। ओमान की टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलन है। टीम की घोषणा के बाद मुख्य कोच दलीप मेंडिस ने कहा, "हम एशिया कप में हिस्सा ले रहे हैं। यह एक बड़ा टूर्नामेंट है, जो हमारे खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का शानदार अवसर देगा। टी20 मैच में कुछ भी हो सकता है। एक ओवर का शानदार खेल सबकुछ बदल सकता है।" उन्होंने कहा, "हमारी तैयारी मजबूत रही है। एशिया कप ने हमें प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन का मौका दिया है।

## आईसीसी महिला विश्व कप 2025 ट्रॉफी दौरे ने इंदौर में उत्साह बढ़ाया



**इंदौर।** बीसीसीआई महिला विश्व कप 2025 का सह आयोजक है। विश्व कप ट्रॉफी टूर देश के प्रमुख शहरों में कराया जा रहा है। इसी सिलसिले में ट्रॉफी टूर इंदौर के प्रमुख स्थानों से गुजरा। इस दौरान क्रिकेट फैंस के बीच उत्साह देखा गया। इंदौर क्रिकेट के प्रति अपने जुनून के लिए जाना जाता है। शहर में विश्व कप ट्रॉफी का उत्साह के साथ स्वागत किया गया। ट्रॉफी को शहर के राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत जैसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों पर ले जाया गया। पांच दिवसीय दौरे में मुख्य आकर्षण इंदौर के स्कूलों का दौरा था। इसमें द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, निरंजना गर्ल्स स्कूल, एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल, श्री सत्य साईं विद्या विहार, भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल और सन्मति हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल थे। छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने क्रिकेट-थीम वाले खेलों और क्विज में भाग लिया और विशेष आईसीसी मर्चेंडाइज और उपहार जीते। भारत की अंडर-19 क्रिकेटर आयुषी शुक्ला डीपी वर्ल्ड के साथ भवंस प्रॉमिनेंट इंटरनेशनल स्कूल में ट्रॉफी टूर में शामिल हुईं। उन्होंने बतौर क्रिकेटर अपनी अब तक की यात्रा को युवा क्रिकेटरों के साथ साझा किया और उन्हें इस खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।




### शूटिंग एशियन चैंपियनशिप

# सिफत कौर सामरा, अंजुम मुद्गिल आशी चौकसे की तिकड़ी ने जीता गोल्ड

**एजेंसी। शिमकेंट (कजाखस्तान)**

ओलंपियन सिफत कौर सामरा , अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सामरा और आशी क्वालीफिकेशन में क्रमशः दूसरे और पांचवें स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी पहुंचे। भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी, लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिए खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैंपियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था।

### कजाखस्तान में छा गईं भारत की बेटियां

- 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता
- विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा
- तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया
- दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही
- जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए टीम गोल्ड मेडल सिफत कौर सामरा कौन हैं?

*सिफत कौर सामरा ने 2022 एशियाई खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वह 2024 के पेयर्स ओलंपिक में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं।*

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए टीम गोल्ड मेडल जीतने वाली अंजुम कौन हैं?

*5 जनवरी, 1994 को जन्मी अंजुम मुद्गिल भारतीय शूटर हैं। वह 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में भारत के लिए कई इंडिविजुअल और टीम मेडल जीत चुकी हैं। 2019 में वह अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित की गई थीं।*

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए टीम गोल्ड मेडल आशी कौन हैं?

*आशी चौकसे भारत की सबसे उभरती हुई शूटरों में शामिल हैं। 2022 में चौकसे ने बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि इसी साल उन्होंने चांगवोन में आयोजित ISSF विश्व कप में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता।*


## प्रशासंको के लिए खुशखबरी, हॉकी इंडिया ने मुफ्त टिकटों की घोषणा की

**एजेंसी। राजगीर**



एशिया कप हॉकी का आगाज 29 अगस्त से बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में हो रहा है। प्रशंसकों के लिए हॉकी इंडिया ने एक बड़ी सौगात दी है। हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि मैचों के लिए प्रशंसकों को निशुल्क प्रवेश टिकट दिया जाएगा। फैंस हॉकी इंडिया ऐप पर जाकर मुफ्त टिकट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। उन्हें वर्चुअल टिकट दिया जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, "राजगीर में पुरुष एशिया कप की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, और हम चाहते हैं कि हर प्रशंसक इस यात्रा का हिस्सा बने। प्रवेश निःशुल्क रखकर, हमारा उद्देश्य खेल को और अधिक सुलभ बनाना और परिवारों, छात्रों और युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय हॉकी देखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## कैरोलिना मुचोवा से हारकर वीनस विलियम्स का सफर समाप्त



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स का यूएस ओपन 2025 का सफर निराशाजनक तरीके से समाप्त हो गया। वीनस को कैरोलिना मुचोवा के खिलाफ तीन लगातार सेटों में हार का सामना करना पड़ा। 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने वीनस विलियम्स को 6-3, 2-6, 6-1 से हराया। सात बार की ग्रैंड स्लैम विजेता वीनस विलियम्स के सामने 2 घंटे तक चले मुकाबले में कमजोर साबित हुईं। शुरुआती गेम में वीनस की सर्विस टूट गई और वह जल्दी ही 0-2 से पीछे हो गईं। उन्हें अपने दूसरे सर्विस गेम में तीन ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा, जिससे शुरुआत में ही डबल ब्रेक से पिछड़ने का खतरा था। लेकिन उन्होंने तीनों बचा लिए और लगातार तीन गेम जीतकर 3-2 की बढ़त बना ली, लेकिन अगले चार गेम हारकर पहला सेट हार गईं। उन्होंने पहले गेम में सात डबल फॉल्ट किए। दूसरे सेट में उन्होंने शुरुआती गेम में मुचोवा की सर्विस तोड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए नीदरलैंड ने 17 साल के खिलाड़ी को दिया मौका

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड की टीम तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश के दौरे पर आने वाली है। इस सीरीज के लिए नीदरलैंड ने 17 साल के खिलाड़ी सेड्रिक डी लांगे को मौका दिया है। डी लांगे ने क्लब और अंडर-19 दोनों स्तरों पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ हाल ही में प्रो सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर अपनी जगह बनाई है। सेड्रिक डी लांगे को टीम में मौका दिए जाने पर कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने प्रसन्नता जताई। स्कॉट एडवर्ड्स ने कहा, "किसी युवा खिलाड़ी को टीम में शामिल करना हमेशा रोमांचक होता है। सेड्रिक ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। इसी आधार पर उन्हें मौका दिया गया है। हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह इस दौरे पर और अपने करियर में हमें क्या दे पाते हैं।" दाएं हाथ के तेज गेंदबाज सेबेस्टियन ब्राट और ऑलराउंडर सिकंदर जुल्फिकार को भी टीम में जगह दी गई है। ब्राट 2021 में नेपाल में डच टीम के साथ अपने पिछले दौरे के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। उनका चयन प्रो सीरीज और घरेलू क्लब क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में 70,000 करोड़ का निवेश करेगी सुजुकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर जापानी कंपनी सुजुकी के ग्लोबल प्रेसिडेंट तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि कंपनी अगले पांच से छह साल में भारत में 70,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी यह पैसा प्रोडक्शन बढ़ाने, नए मॉडल लॉन्च करने और भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगाएगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है।

मोदी ने हंसलपुर प्लांट में पहली ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। सुजुकी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपनी हाइब्रिड कारों के लिए लिथियम-आयन बैटरी सेल का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। यह बैटरी कारों को चलाने में मदद करेगी। मारुति सुजुकी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को गुजरात प्लांट से 100 देशों में एक्सपोर्ट करेगी।

### शेयरों में उछाल

मारुति सुजुकी के शेयर की बात करें तो बाजार में गिरावट के बावजूद कंपनी का शेयर आज 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1.82% तेजी के साथ 14721.30 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। कारोबार के दौरान यह 14721.30 रुपये तक गया जो इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 10,725 रुपये है।




## एप्पल पुणे में 4 सितंबर को खोलेगा अपना चौथा रिटेल स्टोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल ने मंगलवार को कहा कि वह 4 सितंबर को पुणे में अपना पहला स्टोर खोलने जा रही है। यह कंपनी का देश में चौथा रिटेल स्टोर होगा। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, यह एप्पल स्टोर पुणे के कोरेगांव पार्क में होगा। आईफोन बनाने वाली कंपनी की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि यह उद्घाटन देश में एप्पल के लिए एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है, जो पुणे में ग्राहकों को एप्पल उत्पादों को जानने और खरीदने के नए तरीके प्रदान करता है, और व्यक्तिगत रूप से एप्पल की असाधारण सेवा का अनुभव करता है। इससे पहले कंपनी दिल्ली और मुंबई में रिटेल स्टोर खोल चुकी है। वहीं, बेंगलुरु के हेब्बल में



2 सितंबर को नया रिटेल स्टोर खोलने का ऐलान किया है। अमेरिकी कंपनी ने कहा, "हेब्बल और कोरेगांव पार्क में खुलने जा रहे एप्पल रिटेल स्टोर्स में ग्राहक नई प्रोडक्ट लाइनअप के बारे में जानकारी प्राप्त करने, नई सुविधाओं का अनुभव करने और विशेषज्ञों, क्रिएटिव, जीनियस और समर्पित बिजनेस टीमों से विशेषज्ञ सहायता प्राप्त करने में सक्षम होंगे।"

## भारतीय उद्योगों को वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में 5-6 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि की उम्मीद: आईसीआरए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय उद्योग जगत को वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 5-6 प्रतिशत की मामूली राजस्व वृद्धि की उम्मीद है, जबकि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत पर था। यह जानकारी मंगलवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वृद्धि को ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी मांग, प्रीमियमाइजेशन और संगठित क्षेत्र की कंपनियों की ओर बढ़ते रुझान से समर्थन मिलने की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस दौरान देश के क्रेडिट मेट्रिक्स भी स्थिर रहने की उम्मीद है, ब्याज कवरेज अनुपात 4.9 से 5.1 गुना के बीच अनुमानित है, जबकि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में यह 4.9 गुना था। रिपोर्ट में कहा गया, "कमोडिटी की कीमतों में सालाना आधार पर नरमी आने से परिचालन लाभ मार्जिन में मजबूती दिखने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन से मांग में तेजी और नीतिगत दरों में कटौती का असर उधारी दरों पर पड़ने से वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में ब्याज कवरेज अनुपात में थोड़ा सुधार हो सकता है।"



## अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स एक प्रतिशत फिसला


**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली हुई। दिन के अंत में सेंसेक्स 849.37 अंक या 1.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 80,786.54 और निफ्टी 255.70 अंक या 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,712.05 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 935.30 अंक या 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,766.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 362.95 अंक या 2.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,548.60 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा लाल निशान में बंद हुआ। केवल एफएमसीजी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, टाइटन, बीईएल, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड टॉप लूजर्स थे। व्यापक बाजार का रुझान भी नकारात्मक था। 728 शेयर हरे निशान में, 2,280 शेयर लाल निशान में और 78 शेयरों में बिना किसी बदलाव के कारोबार हो रहा है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी टैरिफ की समय सीमा कल समाप्त होने के कारण घरेलू बाजार में सतर्कता का माहौल है। रुपए में लगातार गिरावट से दबाव बढ़ रहा है और विदेशी संस्थागत निवेश पर और असर पड़ सकता है। निवेशक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के प्रयासों पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जिसमें प्रस्तावित जीएसटी दरों में संशोधन और उच्च शुल्कों से प्रभावित उद्योगों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट राहत उपाय शामिल हैं। एफएमसीजी को छोड़कर, सभी क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली देखी गई, जिसमें खपत बढ़ने की उम्मीदों के चलते तेजी आई है।"

## फोनपे से लें होम इंश्योरेंस प्लान, 181 की प्रीमियम पर 12.5 करोड़ रुपए के कवरेज की सुविधा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फिनटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फोनपे ने घरों की सुरक्षा के लिए एक सरल और किफायती समाधान खोज निकाला है। कंपनी ने आपके घरों और उसमें रखे कीमती सामान को आग, बाढ़, भूकंप, दंगे और चोरी जैसे गंभीर जोखिमों से बचाने के लिए नया होम इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती कीमत सिर्फ 181 रुपए है।

आपको 10 लाख से लेकर 12.5 करोड़ रुपए तक के कवरेज के लिए 181 रुपए (जीएसटी सहित) का प्रीमियम देना होगा। फोनपे ऐप पर इस किफायती प्लान के जरिए कस्टमर अपने घर और उसमें रखे फर्नीचर समेत कीमती वस्तुओं, दोनों का बीमा करा सकते हैं। फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के सीईओ विशाल गुप्ता ने कहा, "हमारा मानना है कि भारत में घर खरीदने की आकांक्षाएं पहले से कहीं अधिक हैं और फोनपे अपनी विशेषज्ञता के साथ इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है। हम हर भारतीय के लिए बीमा को सुलभ और किफायती बनाने के लिए




प्रतिबद्ध हैं।"

उन्होंने कहा, "हमारी नई गृह बीमा पेशकश का शुभारंभ इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो घर के मालिकों को अपनी सबसे प्रिय संपत्ति की आसानी से सुरक्षा करने में सक्षम बनाता है। हमारा विश्वसनीय समाधान सुरक्षा के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। फोनपे ऐप व्यापक और किफायती कवरेज के साथ मिनटों में डिजिटल रूप से बीमा मुहैया कराता है।" विशाल गुप्ता ने कहा कि हमने इसे देश की महत्वाकांक्षाओं के साथ विकसित करने के लिए बनाया है, जिससे ग्राहकों को ऑनलाइन सही पॉलिसी तलाशने और चुनने की सुविधा मिलती है।

# भीमचूल्हा में हरितालिका तीज पर व्रतधारी सुहागिनों का लगा जमावड़ा

● कथा श्रवण और पूजा-पाठ से भक्तिमय वातावरण बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में हरितालिका तीज पर कथा श्रवण व पूजा-पाठ को लेकर मंगलवार को व्रतधारी सुहागिनों का जमावड़ा लगा। इस पर्व पर मान्यतानुसार भगवान शिव और माता पार्वती के प्रसंग पर आधारित कथा श्रवण के साथ ही मंदिर में पूजा-पाठ और जलाभिषेक से भक्तिमय वातावरण बना रहा। पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने अनुष्ठान पूर्वक नवपरिधान और सोलहो श्रृंगार से सजी-धजी सुहागिनों के बड़े समूह के बीच मान्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ कथा वाचन किया। उन्होंने बताया कि सुहागिनें ने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखा। इस पर्व पर कोयल नदी के पवित्र-पावन तट पर स्थित इस ऐतिहासिक महत्व के इस स्थल पर इसका सिलसिला इस स्थल को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित किए जाने के बाद से शुरू हुआ है। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष में तृतीया तिथि को हस्त नक्षत्र में सुहागिनें ने सौभाग्य को अखंड व सुखी दांपत्य जीवन को बनाए रखने की कामना को लेकर शिव-पार्वती की उपासना के साथ कथा का रसपान किया। इस बार की तीज पर कई शुभ संयोग में व्रत व पूजन से पति की दीर्घायु के साथ ही सभी मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सुख-समृद्धि और निरोगी काया बनी रहेगी। इस पर्व के धार्मिक और पौराणिक मान्यतानुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए बगैर अन्न-जल ग्रहण किए वन में वर्षो तपस्या की थी। तब इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में अपनाया था। इसके लिए माता पार्वती ने हिमालय पर्वत पर इसी मास में उक्त तिथि और नक्षत्र में बालूकारूपी शिवलिंग स्थापित कर उसकी पूजा और रात्रि जागरण किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव साक्षात प्रकट हुए और माता पार्वती की इच्छानुसार उन्हें अर्धांगिनी के रूप में अपना लिया था। इसी मान्यतानुसार आज भी मान्य धार्मिक अनुष्ठान के अनुरूप इस मास, तिथि और नक्षत्र में सुहागिनें हरितालिका तीज व्रत करती हैं।



## निर्जला उपवास रखकर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए कि भगवान शंकर व पार्वती की पूजा



**मेराल।** भाद्र मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि मंगलवार को शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागन महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य, पति के दीर्घायु तथा सुखद दांपत्य जीवन की कामना को लेकर हरितालिका अर्थात तीज व्रत किया गया। नव विवाहित महिला से लेकर सुहागन बुजुर्ग महिलाओं ने भी 24 घंटे के निर्जला उपवास रखकर पूरे विधि विधान,श्रृंगार एवं साज सज्जा कर भगवान शंकर एवं पार्वती जी की पूजा की। मंगलवार के सुबह नौ दस बजे से ही महिलाओं ने शिवालय, सार्वजनिक स्थल तथा घर में ब्राह्मण को बुलाकर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की तथा दान दक्षिणा किया। एक दशक पूर्व तक यह पर्व शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के किसी-किसी घर में की जाती थी लेकिन विगत कुछ वर्षों से विशेष कर सोशल मीडिया का प्रचलन बढ़ने के बाद शहर, गांव,गरीब अमीर हर घर की सुहागन महिलाएं पूरे समर्पण भाव के साथ यथा सामर्थ्य नया वस्त्र धारण कर श्रृंगार के साथ हाथ एवं पांव में मेहंदी रचाकर पूजा करने लगी हैं। तीज व्रत को लेकर दो दिन पूर्व से ही बाजारों में कपड़ा तथा श्रृंगार प्रसाधन की जमकर खरीद बिक्री की गई। लोगों ने इस त्यौहार के विशेष प्रसाद पेड़किया का प्रसाद चढ़ाने के बाद ब्राह्मणों को दान कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए भगवान शंकर एवं पार्वती से कामना की।

## पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागिनों ने रखा उपवास व्रत


**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत रखा। पूरे दिन उपवास रखकर शाम में भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की लम्बी आयु और सुखमय जीवन की कामना की इसके बाद महिलाओं ने कथा का श्रवण किया तीज व्रत को लेकर प्रखंड के कई मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया था। कई महिलाओं ने अपने घरों में ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। तीज व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं में खास उत्साह देखा गया। हरितालिका तीज व्रत भादो मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया को रखा जाता है। इस दिन केले के पत्ते से मंडप तैयार कर मिट्टी के भगवान शिव - पार्वती की मूर्ति बनाकर फूल, माला, चंदन, फल चढ़ाकर पूजा की जाती है। साथ ही हरितालिका तीज व्रत कथा का पाठ या श्रवण किया जाता है। पंडित ओमनारायण ने बताया की शास्त्रों में हरितालिका तीज व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। इस तप-तपस्या को देखकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए और माता पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। तभी से मनचाहे पति और लंबी आयु के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखा जाता है।

# भौंराहा पर्वत की तलहटी में निर्झर बह रहा मनोरम झरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बरसात के चालू मौसम ने इस बार जंगलों-पहाडों को प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज कर दिया है। इसके साथ ही चहूंओर हरियाली की चादर भी फैल गई है। वहीं, प्रकृति प्रदत्त कुदरत का करिश्मा भी देखने को मिला है। ऐसा ही करिश्मा भौंराहा पर्वत की तलहटी में निर्झर बहता झरना साकार रूप में देखने को मिला है। इसका अवलोकन शिलापर गांव निवासी प्रकृति प्रेमी रौशन कुमार और उनके साथियों अभिषेक, पुष्पम, और कमलेश्वर कुमार ने किया है। उन्होंने इसकी मनमोहक तस्वीर को साझा कर बताया कि प्रखंड मुख्यालय से करीब एक किमी पर दक्षिणी दिशा में पर्वतीय निरीक्षण के बगल में झरना स्थित है। इसका उद्‌गम स्थल तो खोज का विषय है। मगर जहां झरना बहता और गिरता है, वहां पथरीला तालाब में जमा होकर इसका अधिक पानी ढलता हुआ कोयल नदी में चली जाती है।

● पिकनिक स्पॉट के रूप हो सकता है उपयोगी



इस प्रकार यह कोयल के सहायक नाला के रूप में भनु ढोढा के नाम से मानचित्र पर भी दर्शाया गया है। जिसकी गहराई 3 फीट और चौड़ाई 5×5 फीट है। जो किसी भी दृष्टिकोण से खतरनाक नहीं है। कोई भी झरना की धारा और तालाबनुमा ढोढा के निर्मल जल में स्नान का आनंद उठा सकता है। आसपास में पेड़ों की बहुत सुंदर और सुकूनदायक छांव भी है। जहां वनभोज का भी लुत्फ उठाया जा सकता है।

## प्रखंड के सभी पैक्स को उपलब्ध कराए गए 560 बैग उर्वरक

**मोहम्मदगंज।** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने जिला कृषि पदाधिकारी के पत्र के आलोक में इस प्रखंड के पैक्स को उपलब्ध कराए गए इफको यूरिया के आवंटन के संबंध में जाकारी देते हुए किसानों को इसकी खरीदारी करने की सलाह दी है। उन्होंने उक्त पदाधिकारी के हवाले से पत्र में दी गई सूचना के अनुसार बताया कि इस प्रखंड के रामबांध, भजनियां, कोल्हुआ-सोनबरसा और मोहम्मदगंज पैक्स को 140-140 कुल 560 बैग इफको यूरिया आवंटित किए गए हैं। इसमें से संबंधित पंचायत के अतिरिक्त क्रमशः पंसा, लटपौरी,गोड़ाडीह और कादलकुर्मी पंचायत के किसानों का भी कोटा निर्धारित है। उन्होंने किसानों को संबंधित पैक्स से यूरिया की खरीदारी कर उपयोग में लाने की सलाह दी है। उन्होंने अध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के आधार बताया कि गुरुवार तक सभी पैक्स में उर्वरक उपलब्ध हो जाएंगे।

# सगमा ग्राम में 3.80 करोड़ की लागत वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

## विधायक अनंत प्रताप देव ने भेजा संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सगमा ग्राम में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 3.80 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क मुख्य पथ सगमा से विक्रमा पासवान के घर होते हुए विगवा खाड़ तक बनाई जाएगी, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी विकास योजना हैं। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के वरिष्ठ नागरिक मोती राम द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर की गई। इस अवसर पर रूप झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी भोजपुर गढ़ प्रमुख व झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय प्रखंड अध्यक्ष हरिदास यादव मौजूद थे।इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव अस्वस्थ होने के कारण स्वयं उपस्थित नहीं हो



सके, लेकिन उन्होंने संदेश भेजा है कि वे जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि, "चुनाव के दौरान आपलोग से किए गए वादे अब धरातल पर उतर रहा हैं।" उन्होंने ने पूर्व विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा, "अब कुछ लोग सड़क निर्माण का श्रेय लेने के लिए लेटर पेड पत्र जारी कर कहेंगे कि हम इस योजना स्वीकृत करवाया था। मगर आज वे जमीनी राजनीति से दूर होकर फेसबुक की राजनीति कर रहे हैं।" झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने कहा, तबीयत खराब होने के कारण विधायक अनन्त प्रताप देव अनुपस्थित जरूर खल रही है लेकिन यह विकास कार्य उनके संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा में युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आगे कहा, आप लोगों ने पांच साल के लिए वोट देकर अनंत प्रताप देव को विधायक बनाया है। लेकिन अभी सिर्फ नौ महीने हुए हैं और पूर्व विधायक का पेट में दर्द होने लगा है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि यह सड़क इस क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जो आज पूरी हो रही है।

# दस लाख का इनामी माओवादी मनोहर गंझू के घर कुंदा थाना पुलिस ने इश्तिहार चिपकया

● लातेहार, चतरा आदि जिला के विभिन्न थानों में मनोहर पर कई अपराधिक मामले हैं दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत टेमराबर ग्राम स्थित 10 लाख का इनामी माओवादी मनोहर गंझू पिता बृहस्पति गंझू के घर चतरा जिला के कुंडा थाना पुलिस ने बालूमाथ थाना पुलिस के साथ इश्तिहार चस्पा किया है.इस संदर्भ में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बतलाया कि चतरा जिला के कुंदा थाना में मनोहर गझू के खिलाफ कई अपराधिक कांड दर्ज हैं जो वर्षों से फरार है. चतरा न्यायालय ने प्राप्त इस्तिहार को अभियुक्त मनोहर




के घर विधिवत चस्पा किया गया है अगर अभियुक्त एक महीने के भीतर न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो न्यायालय के निर्देशानुसार घर का कुर्की जब्ती कर ली जाएगी। बता दें कि माओवादी मनोहर का लातेहार एवं चतरा आदि जिला के विभिन्न थानों में कई आपराधिक कांड दर्ज हैं पहले भी कई बार माओवादी मनोहर के घर की कुर्की जब्ती हो चुकी है और दर्जनों बार न्यायालय का वारंट एवं कुर्की का इतिहास चस्पा किया गया है। अगर लातेहार जिला में नक्सली माओवादियों का वर्तमान स्थिति देखी जाए तो बूढ़ा पहाड़ का नक्सली मुक्त होने के बाद एवं कई बड़े नक्सली नेता का मारे जाने, गिरफ्तार एवं आत्मसमर्पण के बाद इस क्षेत्र में नक्सली बहुत कमजोर हो चुकी है। बहुत कम गिने चुने नक्सली एवं माओवादी ही बचे हुए हैं जिसे पुलिस ढूंढ रही है। वहीं इस इस्तेहार चस्पा अभियान में कुंडा थाना पुलिस के साथ-साथ बालूमाथ थाना पुलिस शामिल रहे।

# चंदवा पुलिस ने पकड़ी 80 किलो डोडा की खेप

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने पुनि सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार के नेतृत्व में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष जांच अभियान के दौरान करीब 80 किलो ग्राम डोडा की खेप पकड़ी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के रास्ते एक पिकअप वैन के जरिए डोडा की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने रणनीति बनाते हुए अरुण ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप के पीछे स्थित एक गैराज के समीप छापेमारी की, जहां से 80 किलो ग्राम डोडा बरामद किया गया। पुलिसिया जांच में यह भी सामने आया कि बरामद पिकअप वैन का नंबर फर्जी



है, जो तस्करी को छुपाने के लिए लगाया गया था। फिलहाल वाहन को जब्त कर लिया गया है और डोडा को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में चंदवा थाना कांड संख्या 194/25 के तहत एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस वाहन चालक और मालिक की तलाश में जुटी हुई है और तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

**दहशत** तसरार पंचायत में हाथियों के डर से रतजगा कर रहे धोबी टोला के ग्रामीण

# रात्रि के समय जंगली हाथियों के झुंड मचा रहा उत्पाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** डंडई प्रखंड के तसरार गांव के धोबी टोला में पिछले एक सप्ताह से लगातार जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं। इससे ग्रामीणों का रात में सोना मुश्किल हो रहा है। शाम होते ही ग्रामीण अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। हाथी शाम होते ही जंगलों से निकलकर गांवों की ओर कूच कर जाते हैं। कभी इस गांव में तो कभी उस गांव में उत्पाद मचाते हुए घरों को तोड़ रहे हैं और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसको लेकर मंगलवार को टोले के ग्रामीणों ने टोले में ही एकत्रित होकर वन विभाग के खिलाफ विरोध



जताया किया है। विरोध प्रदर्शन कर रहें ग्रामीण बुधनी देवी सावित्री देवी ममता देवी प्रमिला कुँवर लखपतिया कुंवर कमोड़ा कुँवर बुधनी देवी यशोदा देवी फुलमनी देवी कौशल्या देवी राधिका देवी कृष्ण बैठा मोतीलाल साव छठु बैठा सरवन बैठा उपेंद्र कुमार रजक जितेंद्र कुमार रजक संजय सिंह राकेश सिंह जगदीश सिंह योगेंद्र कुमार रजक धनराज साव आदि लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से हम लोग हाथियों के आतंक से काफी परेशान है और रातभर रतजाग कर रात बिता रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार क्षेत्र में हाथियों का झुंड रात्रि के समय आता है और हमारी फसलों को रौंद कर नष्ट कर दे रहा है। साथ ही बताया कि घर को तोड़फोड़ करते हुए विविध प्रकार के सामग्रियों को नुकसान पहुंचा रहा है। लोगों को सबसे ज्यादा जान की खतरा हैं। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि हम लोग रात में नहीं सोते हैं। घर के अंदर दुबक जाते हैं। जब हाथियों की चिंघाड़ सुनाई देता है तो हमलोग टीना बजा बजा कर हाथियों को भागते हैं कहा कि हाथी के डर से बच्चों को किसी के पक्का मकान में रात को रखते हैं और हम लोग कच्चे घरों में दुबक कर रहते हैं। एकजुट हुए ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारी से सुरक्षा व्यवस्था देने की मांग करते हुए नष्ट हुई फसलों की मुआवजा की मांग किया है साथ ही ग्रामीणों ने हाथी भगाने के लिए टॉर्च पटाखा और संबंधित सामग्री उपलब्ध कराने को कहा है।

मामले में वन विभाग के रेंजर गोपाल चंद्रा ने कहा कि हाथियों के द्वारा जो भी ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाया गया है उसकी भरपाई के लिए फंड की राशि आते ही मुआवजा दिलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने हाथी को भगाने के लिए टॉर्च वगैरह भी देने की बात कही है।

## भारी बारिश से कई लोगों के घर गिरे

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से खेत, तालाब, कुआं,नदी सहित पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। अत्यधिक बारिश सभी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सोमवार दोपहर बाद से बारिश रुकी तो लोगों ने राहत महसूस की। सभी अपने जरूरी कार्यों को निबटाने में व्यस्त दिखे। उधर मूसलधार बारिश से राजेश सिंह,पिता जतरु सिंह (हुटाप) और रामचंद्र ठाकुर पिता स्व सुखु ठाकुर (महुआमिलान, जमीरा) का घर गिर गया। घर में रखे बर्तन,खाद्यान्न सहित अन्य जरूरी सामान दब गये। जब घर गिरा उस समय दोनों परिवार के लोग किसी तरह अपनी जान बचा पाए। भुक्तभोगियों ने बताया कि इस बारिश के मौसम में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## पेज एक के शेष

### अर्धकुंवारी में भूस्खलन...

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश के कारण रियासी जिले के त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले रास्ते पर मंगलवार दोपहर लैंडस्लाइड हुआ है। जिला प्रशासन और पुलिस लगातार हालात पर नजर बनाए है। मौसम विभाग के अनुसार, हाल के दिनों में हुई भारी बारिश की वजह से पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की संभावना पहले से बनी हुई थी। प्रशासन ने पहले ही तीर्थयात्रियों को सावधानी बरतने और मौसम की जानकारी के साथ यात्रा करने की सलाह दी थी। फिलहाल, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। दूसरी ओर मंगलवार को ही जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी बारिश में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण जम्मू संभाग में बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई। अधिकारियों ने बताया कि डोडा जिले में लगातार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य की मौत की जानकारी भी मिली है।

### हजारीबाग भूमि घोटाला...

उन्होंने श्री झा को खास महल पदाधिकारी का भी प्रभार दिया था। आरोप है कि उसी दौरान खासमहल जमीन में कथित घोटाला हुआ। इस घोटाले को लेकर एसीबी, हजारीबाग ने करीब 18 साल बाद प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एसीबी ने शराब घोटाले में गिरफ्तार विनय चौबे को इस मामले में भी गिरफ्तार किया था। शराब घोटाले में जमानत मिलने के बाद एसीबी ने विनय चौबे को इसी मामले में रिमांड किया है। इस कारण वह जेल से बाहर नहीं निकल सके हैं।

### ट्रंप के 50%...

के लिए एक बड़ी व्यापारिक चुनौती है। जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिकी शुल्क से भारत की ओर से अमेरिका को होने वाले 86.5 अरब डॉलर के निर्यात में से 66 % पर असर पड़ेगा। इस स्थिति में भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ को बनाए रखने के लिए बेहतर रणनीति की जरूरत है. साथ ही रोजगार और इंडस्ट्रियल कम्पटीशन पर पड़ने वाले प्रभाव को भी नियंत्रित करना होगा. चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान अमेरिका को भारत से कुल निर्यात 21.64 फीसदी बढ़कर 33.53 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 12.33 फीसदी बढ़कर 17.41 अरब डॉलर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की ओर से अमेरिका को निर्यात करने में भारी कमी का सामना करना पड़ेगा। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 में 86.5 बिलियन डॉलर से घटकर वित्त वर्ष 2026 में यह 49.6 बिलियन डॉलर हो जाएगा। जीटीआरआई के अनुसार 30 % निर्यात (27.6 बिलियन डॉलर) शुल्क मुक्त रहेगा। ऑटो पार्ट्स में 4 % (3.4 बिलियन डॉलर) पर 25 %टैरिफ लगेगा, जबकि टेक्सटाइल, ज्वेलरी, सी फूड, कालीन व फर्नीचर पर 66 % (60.2 बिलियन डॉलर) पर 50 % टैरिफ लगेगा। यह जितने माह व वर्ष चलेगा उतना ही ज्यादा भारत को नुकसान होगा।

### फॉरेस्ट गार्ड नियुक्ति...

इस पर कोर्ट ने जेपीएससी और जेएसएससी से जानकारी मांगी। जेपीएससी की ओर से बताया गया कि रेंज फॉरेस्ट अफसर और असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट अफसर के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी माह में पीटी ली गयी है। शीघ्र ही नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। कर्मचारी चयन आयोग की ओर से बताया गया कि फॉरेस्ट गार्ड के लिए सरकार से अधियाचना आने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। इसके बाद कोर्ट ने सरकार को तीन माह का समय दिया। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई। बता दें कि लातेहार में हाथियों की मौत की खबरें प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। पिछली सुनवाई में अदालत ने सरकार से यह बताने को कहा था कि राज्य में रेंजर और फॉरेस्टर के कितने पद रिक्त हैं। यह पद कब से रिक्त हैं और रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं।

### भारत में बनेंगे...

युद्धपोतों की त्वरित तैनाती और क्रियान्वयन के संदर्भ में भारतीय नौसेना द्वारा दिखाई गई योजना बहुत प्रभावी रही है। अगर नौसेना को मौका दिया गया होता, तो भेजा गया संदेश पूरी तरह से अलग होता। हिंद महासागर में चल रहा शक्ति प्रदर्शन हमें बार-बार सचेत करता है। यहां कई देशों के हित टकराते हैं। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हमारी समुद्री तैयारी मजबूत बनी रहे।

**रक्षा मंत्री ने आईएनएस हिमगिरि और उदयगिरि की बताई ताकत :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस उदयगिरि दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं जिनका निर्माण स्वदेशी तौर पर किया गया है। मुझे बताया गया है कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं। इनमें लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर, टारपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे।

### कार्यवाही शुरू होते...

अतिवृष्टि में कई लोगों की मौत हुई है। सरकार उनके परिवारों को जो सहयोग देती है, उसमें काफी समय लगता है। पीड़ित परिजनों को एक माह के अंदर वह मिलना चाहिए। लोग मुआवजे के लिए परेशान हो जाते हैं। वज्रपात में जानवरों की भी मौत हुई। इसमें भी पैसे मिलने में देरी होती है। ऐसे में मृत जानवर का मूल्य बिना विलंब किए एक सप्ताह में यह उपलब्ध करा देना चाहिए। इस अतिवृष्टि के कारण भदई फसल खत्म हो गई। किसानों को नुकसान की भरपाई जरूर करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। महंगे में मिल रहा है। कालाबजारी हो रही है। इसे भी ठीक करना चाहिए। अस्पताल के नाम पर किसानों की जमीन छिनी जा रही है। नगड़ी के लोग अपनी जमीन बचाने में लड़ेंगे तो खेती कब करेंगे। आदिवासी ही उजाड़ दिए जाएंगे तो फिर वह कहां जाएंगे। आदिवासियों की जमीन को ना उजाड़े।

### एसआईआर के विरोध...

सदन की भावना को देखते हुए मैंने कहा था कि सदन के नेता हेमंत सोरेन से बात करके सरकार का पक्ष और सदन की भावना के अनुरूप इसकी व्याख्या मैं करूंगा। भारत का चुनाव आयोग मतदाताओं की पहचान सत्यापित करने हेतु चुनाव के दौरान निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन नियमावली का विशेष गहन पुनरीक्षण करा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर मतदाताओं की पहचान के लिए ऐसे शर्त रखे जा रहे हैं जिससे एक बड़ी संख्या में विशेषकर गरीब, शोषित, वंचित, अशिक्षित वर्ग के लोग मतदान से वंचित हो जाएंगे। ऐसा सत्ता के केंद्र में रहने वाले दल को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत वर्तमान में अपनाई गई पद्धति से भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अतः मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सभा भारत के चुनाव आयोग के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए वर्तमान में अपनाई गई पद्धति का विरोध करती है। सत्ता पक्ष के विधायकों ने मेज थपथपा कर इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

### केंद्र से कम...

सभी जिलों के डीसी को निर्देश दिया गया है कि पूरे नुकसान का आंकड़ा पहुंचाइए। हमलोग मुआवजा देंगे। आपदा से निबटने के लिए हमने कई तैयारी की है।

### नुकसान का होगा...

उन्होंने कहा कि बारिश से किसान, सड़क, पुल पुलिया, बिजली के खंभों को नुकसान हुआ है। जानें भी गई हैं। सरकार सभी का ध्यान रखकर उन तक राहत पहुंचाएगी। इस पर विभाग तेजी से काम कर रहा है। जल्द से जल्द लोगों को मदद पहुंचे ये हमारा प्रयास है।

### बयानबाजी से न्यायपालिका...

राजनीतिक बहस में अपनी स्थिति का बचाव करना चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे मामलों में न्यायिक स्वतंत्रता का हवाला देकर लोकतांत्रिक चर्चा को दबाना अनुचित है। बयान में कहा गया है कि एक पूर्व न्यायाधीश ने स्वेच्छा से भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया है और विपक्ष के समर्थन से उम्मीदवार बने हैं। उन्हें अपनी उम्मीदवारी को अन्य उम्मीदवारों की तरह राजनीतिक बहस में बचाव करना चाहिए। इसे न्यायिक स्वतंत्रता का मुद्दा बनाना लोकतांत्रिक चर्चा को दबाने और राजनीतिक सुविधा के लिए न्यायपालिका का दुरुपयोग करने जैसा है। न्यायिक स्वतंत्रता किसी राजनीतिक उम्मीदवार की आलोचना से खतरे में नहीं पड़ती। असल में, जब पूर्व न्यायाधीश बार-बार पक्षपातपूर्ण बयान देते हैं, तो इससे यह धारणा बनती है कि न्यायपालिका राजनीतिक लड़ाइयों से जुड़ी है। इससे पूरी न्यायिक बिरादरी को पक्षपातपूर्ण माना जाने लगता है, जो न तो उचित है और न ही भारत की न्यायपालिका और लोकतंत्र के लिए स्वस्थ। उन्होंने कहा, "इस तरह के पक्षपातपूर्ण बयान देने से पूरी न्यायपालिका को राजनीतिक गुट के रूप में देखे जाने का खतरा है, जो भारत के लोकतंत्र और न्यायिक संस्थान के लिए हानिकारक है। पूर्व न्यायाधीशों ने अपने सहयोगी न्यायाधीशों से अपील की है कि वे राजनीति से प्रेरित बयानों से दूर रहें और न्यायपालिका को राजनीतिक उलझनों से अलग रखें। उन्होंने कहा, "हम अपने पूर्व न्यायाधीश भाइयों से आग्रह करते हैं कि वे राजनीतिक रूप से प्रेरित बयानों से दूर रहें। जो लोग राजनीति में उतरे हैं, उन्हें उसी क्षेत्र में अपनी बात रखनी चाहिए। न्यायपालिका को ऐसे विवादों से अलग और ऊपर रखा जाना चाहिए। इस बयान पर देश के 56 पूर्व न्यायाधीशों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी...


## कहा- मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा

**एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा,' अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वॉशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है।

ट्रंप ने कहा, 'चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता। अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा।' ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की। ट्रंप ने आगे कहा कि उन्होंने हाल ही में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं।' उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है।

**अमेरिका ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ 90 दिन टाला था :** इससे पहले ट्रंप ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवंबर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किया है।



### ट्रंप का एक और अल्टीमेटम!

### 'गुल्लक नहीं अमेरिकी टेक कंपनियां' डिजिटल टैक्स पर होगी कार्रवाई...

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने डिजिटल टैक्स लगाने वाले देशों को चेताया
- **कहा– ऐसे देशों को अपने निर्यात पर "अतिरिक्त शुल्क" झेलना पड़ेगा**
- ट्रंप के अनुसार, गूगल, फेसबुक, एप्पल, अमेज़न जैसी अमेरिकी कंपनियां निशाना बनीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर डिजिटल कर लगाने वाले देशों को अमेरिका को अपने निर्यात पर "अतिरिक्त शुल्क" का सामना करना पड़ेगा, जब तक कि ये उपाय वापस नहीं लिए जाते। अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक लंबी पोस्ट में, ट्रंप ने कहा कि ये नीतियाँ अल्फाबेट की गूगल, मेटा की फेसबुक, एप्पल और अमेज़न जैसी अमेरिकी कंपनियों को अनुचित तरीके से निशाना बनाती हैं, जबकि चीनी तकनीकी दिग्गजों को छूट दी गई है। उन्होंने लिखा, "अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में, मैं उन देशों के खिलाफ खड़ा रहूँगा जो हमारी अद्भुत अमेरिकी तकनीकी कंपनियों पर हमला करते हैं।" "डिजिटल कर, डिजिटल सेवा कानून और डिजिटल बाज़ार नियमन, सभी अमेरिकी प्रौद्योगिकी को नुकसान पहुँचाने या उसके साथ भेदभाव करने के लिए बनाए गए हैं। ये अपमानजनक रूप से चीन की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों को पूरी छूट भी देते हैं। यह सब खत्म होना चाहिए, और अभी खत्म होना चाहिए! राष्ट्रपति ने आगे कहा कि जब तक ये देश ऐसे कानूनों को वापस नहीं लेते, वह उनके उत्पादों पर "काफी अतिरिक्त शुल्क" और उन्हें मिलने वाली अमेरिकी तकनीक व चिप्स पर "निर्यात प्रतिबंध" लगा देंगे।

ट्रंप ने कहा, "अमेरिका और अमेरिकी तकनीकी कंपनियाँ अब दुनिया के लिए न तो 'गुल्लक' हैं और न ही 'दहलीज़'। अमेरिका और हमारी अद्भुत तकनीकी कंपनियों का सम्मान करें, वरना इसके परिणाम भुगतने होंगे!

## भारत का अमेरिकी कंपनी जीई से 8,300 करोड़ रू. का फाइटर जेट इंजन सौदा


***इसके लिए कहा जा रहा है :** 'यह सौदा वायुसेना की ताकत को बढ़ाने वाला, मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए मील का पत्थर साबित होगा'*

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उधर अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ़ लगा दिया , इधर भारत, अमेरिकी कंपनी जीई से 1 बिलियन डॉलर का फाइटर जेट इंजन सौदा कर रहा है। जिसके बारे में कहा गया है कि यह सौदा वायुसेना की ताकत तो बढ़ाने वाला है ही , 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। आने वाले दशक में भारत न सिर्फ लड़ाकू विमान बना सकेगा, बल्कि उनकी तकनीक में भी आत्मनिर्भर हो जाएगा। सो इस तरह भारत अपनी वायुसेना की ताकत को और मजबूत करने के लिए जल्द ही एक और बड़ा रक्षा सौदा अमेरिका से करने जा रहा है। इसी तरह के और भी कई सौदे पाइप लाइन में लाने की बात चल रही है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भारत व अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के बीच लगभग 1 बिलियन डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपये) का समझौता सितंबर तक हो जाने की बात है।इस समझौते के तहत जीई, भारतीय लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-1ए के लिए 113 नए जीई-404 इंजन उपलब्ध कराएगी। हाल ही में केंद्र सरकार ने 97 और एलसीए तेजस मार्क-1ए विमान खरीदने की मंजूरी दी थी। इससे पहले, 83 विमानों के लिए 99 जीई-404 इंजन का सौदा हो चुका है। अब जो 113 इंजन खरीदे जाएंगे, वे 97 नए विमानों में लगाए जाएंगे। इस तरह, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कुल मिलाकर 212 इंजन लगातार सप्लाई मिल जाएंगे।

## ओपन एआई ने आईआईटी मद्रास के साथ लॉन्च किया लर्निंग एक्सेलरेटर

**ब्यूरो**





- ओपन एआई 5 लाख भारतीय छात्रों को मुफ्त में चैटजीपीटी का लाइसेंस व प्रशिक्षण देगा
- **भारत के कुल चैटजीपीटी यूज़र में से 50 % यूज़र की उम्र 24 साल से कम है , भारत में चैटजीपीटी के यूजर में छात्र ज्यादा हैं**
- भारत में लगभग 30 करोड़ छात्र हैं , इससे ज़्यादा चीन में हैं

**नई दिल्ली।** ओपन एआई की शिक्षा विभाग की प्रमुख लेह बेलस्की कहती हैं कि चैटजीपीटी जल्द ही भारतीय शैक्षणिक पाठ्यक्रमो से जुड़े जटिल सवालों के उच्च गुणवत्ता वाले जवाब भारतीय भाषाओं में देगा। भारत-प्रथम दृष्टि से लॉन्च किये गये ओपनएआई लर्निंग एक्सेलरेटर प्लेटफार्म और आईआईटी मद्रास के बीच एक नए साझा रिसर्च प्रोजेक्ट की भी घोषणा की। ओपेनएआई इस प्रोजेक्ट के लिए 5 लाख अमेरिकी डॉलर का अनुदान देगा। इस ग्रांट के तहत एआई से जुड़ी लम्बी अवधि का शोध होगा जिसमें इस बात का परीक्षण किया जाएगा कि एआई के प्रयोग से किस तरह सीखने की क्षमता बढ़ाई जा सकती है, शिक्षण के नए तरीके विकसित किये जा सकते हैं और इसमें कॉग्निनेटिव न्यूरोसाइंस से मिली अंतर्दृष्टि का उपयोग किया जा सकता है। लेह बेलस्की ने बताया कि अगले छह महीने में ओपनएआई 5 लाख भारतीय छात्रों को मुफ्त में चैटजीपीटी का लाइसेंस देगा व उन्हें इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिन लोगों को यह लाइसेंस मिलेगा उनमें छात्र व शिक्षक दोनों शामिल होंगे। ओपनएआई भारत के शिक्षा मंत्रालय व अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा एराइज के सहयोग छात्रों व शिक्षकों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। लेह बेलस्की ने कहा "एआई आजीवन मदद करने वाला निजी ट्यूशन टीचर बन सकता है। अध्यापकों के लिए एआई शिक्षण के मुख्य विषयों पर ज्यादा समय देने का अवसर उपलब्ध करा सकता है।" बेलस्की ने बताया, "हम ये इसलिए कर रहे हैं क्योंकि शिक्षा हमारे अभियान के केन्द्र में है। हमें सचमुच यकीन है कि एआई छात्रों के लिए शिक्षा का मतलब बदल सकता है। यह उनका आजीवन साथ रहने वाले निजी ट्यूटर बन सकता है। शिक्षकों के लिए एआई समय बचाने का माध्यम बन सकता है ताकि वो अपने विषय के मूल चीजों पर ध्यान दे सकें। संस्थानों के लिए एआई एक ऐसा मूलभूत ढाँचा बन सकता है जो उन्हें संस्थान के प्रबंधन में मदद कर सकता है साथ ही शिक्षण और शोध में भी सहायक हो सकता है।" भारत के लगभग 30 करोड़ छात्रों के बारे में टिप्पणी करते हुए बेलस्की ने कहा, "ओपनएआई भारत के शैक्षणिक परिदृश्य को सर्वाधिक विविधतापूर्ण मानता है। यहाँ आईआईटी जैसे विश्वस्तरीय संस्थानों से लेकर सीमित शैक्षणिक पहुँच वाले ग्रामीण स्कूल तक हैं जहाँ कम क्षमता वाले शिक्षक पढ़ाते हैं।" बेलस्की ने बताया कि चैटजीपीटी अब धरती का सबसे बड़ा लर्निंग प्लेटफार्म है। भारत के कुल चैटजीपीटी यूजर में से 50 % यूजर की उम्र 24 साल से कम है यानी भारत में छात्र चैटजीपीटी के यूजरों में छात्र ज्यादा हैं। हमारी टीम भारत में हफ्तों तक रहकर यह जानने का प्रयास किया कि यहां के छात्र और अभिभावक चैटजीपीटी का कैसे प्रयोग करते हैं। एक बात यह उभरकर आयी कि यहां अभिभावक चाहते हैं कि चैटजीपीटी बच्चों के लिए ट्यूटर की तरह काम करे न कि हर सवाल का जवाब देने वाली किसी मशीन की तरह।" बेलस्की ने बताया कि चैटजीपीटी को आईआईटी से लेकर सीबीएसई तक, विभिन्न भारतीय पाठ्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### वाजपेयी की 100वीं जयंती समिति में 128 नेता और प्रसिद्ध हस्तियां हुईं शामिल


## गडकरी का नाम नहीं होना संघ को खटक रहा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा के पहले नेता जो भारत के प्रधानमंत्री बने थे वह थे अटल बिहारी वाजपेयी। उनका जन्म 25 अगस्त 2024 को ग्वालियर में हुआ था। भारत सरकार उनकी 100वीं जयंती को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू की है। उनकी 100वीं जयंती के लिए 128 सत्ताधारी व पूर्व पदाधिकारी नेताओं , राज्यपालों व प्रसिद्ध लोगों की एक समिति बनाई गई है। जिसका अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी को बनाया गया है।इसके लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए नोटिस में कहा गया है- "स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में, सक्षम प्राधिकारी ने एक उच्च स्तरीय समिति के गठन को अनुमोदित किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की समिति का अधिदेश निम्नानुसार होगा -

1. स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के स्मरणोत्सव के लिए प्रारंभिक कार्यकलापों सहित नीतियां/योजनाएं, कार्यक्रम अनुमोदित करना तथा इनका पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन करना।

2. समारोह के विस्तृत कार्यक्रम के लिए सामान्य तारीखों पर निर्णय लेना। समिति की सिफारिशों पर सरकार द्वारा कार्यान्वयन हेतु विचार किया जाएगा जो वर्तमान नियमों, निर्देशों एवं प्रक्रियाओं के अध्यधीन होगा। संस्कृति मंत्रालय की तरफ से जारी की गई लिस्ट में समिति में भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, समेत कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, कई पत्रकारों व अन्य महानुभावों के नाम हैं , लेकिन इसमें भाजपा के पूर्व अध्यक्ष तथा केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का नाम नहीं है। जिसको संघ के मुख्यालय नागपुर ने संज्ञान लिया है । इस लंबी -चौड़ी सूची में पूर्व भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम नहीं होना संघ को खटक रहा है और इसे जानबूझकर किये जाने के तौर पर लिया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि अमूमन इस तरह की सूची केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा देखी जाती है , जो फिर संबंधित मंत्रालय द्वारा आगे आता है।फिलहाल इस सूची को लेकर कई तरह के निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।



## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का भारत दौरा रद्द



**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की इस सप्ताह प्रस्तावित भारत यात्रा रद्द हो गई है। काबुल स्थित सूत्रों ने आईएएनएस से मंगलवार को इसकी पुष्टि की। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच रिश्तों में नया बदलाव देखने को मिला है। ऐसे में मुत्ताकी की दिल्ली यात्रा दोनों देशों के संबंधों के लिए अहम साबित हो सकती थी। यात्रा रद्द होने की वजह यह रही कि मुत्ताकी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से यात्रा प्रतिबंध (ट्रैवल बैन) में छूट की मंजूरी नहीं मिली। एक सूत्र ने बताया, "भारत के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को दिल्ली आने का निमंत्रण दिया था। सभी तैयारियां हो चुकी थीं, लेकिन अंतिम समय में यूएनएससी से अनुमति न मिलने के कारण यह दौरा रद्द करना पड़ा।

### कानपुर में नकली दवा के सबसे बड़े मार्केट पर छापा

## व्यापारी ने एसटीएफ औषधि विभाग की टीम को कार्रवाई रोकने के एवज में एक करोड़ रुपए रिश्वत पेशकश की

**संवाददाता**



**लखनऊ।** बिहार ,झारखंड , मध्य व पूर्वी उप्र में नकली दवाओं के तथाकथित बड़े सप्लायर सहित 6 लोगों को कानपुर में पकड़ा गया। इसमें नामजद मां मेडिकल एजेंसी का संचालक हिमांशु अग्रवाल ने एसटीएफ व औषधि विभाग की टीम को कार्रवाई रोकने के एवज में एक करोड़ रुपये रिश्वत की पेशकश की थी। टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में पहले ही केस दर्ज कराया। फिर उसे मेरठ की एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं अवैध कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। टीम की जांच चौथे दिन भी जारी रही । एसटीएफ व औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने 22 अगस्त की शाम को सैय्यद गली, मोती कटरा स्थित 'हे मां मेडिको' पर छापा मारा था। उसके कार्यालय, प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल पर टीम पहुंची थी। गोदाम पर सीजीएसटी की टीम पहले से कार्रवाई कर रही थी। इस कारण एसटीएफ की कार्रवाई नहीं हो सकी थी। तभी नकली दवाओं से भरे टेंपो को पकड़ा था। इसमें 87 लाख की दवाएं बरामद की गई थीं। इन दवाओं को 10 लाख के बिल पर लखनऊ भेजा जाना था। चालक आकिर मलिक ने बताया था कि वह कैंट स्टेशन से पार्सल लेकर आया है। टेंपो बरामद कर दवाओं की जांच दवा कंपनी ने की थी। इसमें दवाओं के नकली होने की पुष्टि की थी। अलेग्रा की टेबलेट बरामद हुई थीं। इस मामले में सोमवार को थाना कोतवाली में सहायक आयुक्त औषधि नरेश मोहन दीपक ने केस दर्ज कराया है। इसमें एमएस लॉजिस्टिक के संचालक यूनिस उस्मानी व वारिस, दवा कारोबारी हिमांशु अग्रवाल, फरहान, लखनऊ की फर्म के संचालक विक्की और सुभाष कुमार को नामजद किया है। आरोपी कुरियर कंपनी के संचालक फरार हैं। वहीं टीम लखनऊ की फर्मों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की टीम को एक करोड़ रुपये की रिश्वत ऑफर करने के आरोपी दवा कारोबारी हिमांशु अग्रवाल को सोमवार को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अभिषेक उपाध्याय ने उसे 14 दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी से बरामद एक करोड़ रुपये आगरा कोषागार में जमा कराने के आदेश दिए गए। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि बस्ती मंडल के एसएफडीए में सहायक आयुक्त नरेश मोहन दीपक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि आगरा के कमला नगर निवासी हिमांशु अग्रवाल बड़े पैमाने पर नकली दवाओं का कारोबार कर रहा है। वह अपनी टीम और एसटीएफ के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को आरोपी की हे मां मेडिको एजेंसी पर जांच के लिए पहुंचे थे। जांच के दौरान पता चला कि फर्म पर करोड़ों की जीएसटी चोरी और नकली दवाई का भंडारण किया जा रहा है। जांच के दौरान आरोपी एक करोड़ रुपये लेकर पहुंचा और टीम में शामिल अधिकारियों को रिश्वत लेकर उसे छोड़ने और किसी दूसरे का माल पकड़वाने की पेशकश की थी। एसटीएफ ने रिश्वत की रकम जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। एफएसडीए टीम ने भी बड़ी मात्रा में दवा जब्त की थी। दवा कारोबारी हिमांशु अग्रवाल को सोमवार को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अभिषेक उपाध्याय ने उसे 14 दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। आरोपी से बरामद एक करोड़ रुपये कोषागार में जमा कराने के आदेश दिए हैं। वहीं एसटीएफ का कहना है कि आरोपी नकली दवाओं के मामले में दर्ज मुकदमे में नामजद किया है। इसमें भी उसकी रिमांड ली जाएगी।

## 'वह जो अपने मार्ग पर चलने में विश्वास रखता है व अलग-अलग मान्यताओं वाले लोगों का भी सम्मान करता है वह हिन्दू है' : भागवत



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने '100 वर्ष की संघ यात्राः नए क्षितिज' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सार हमारी प्रार्थना की अंतिम पंक्ति में निहित है, जिसे हम प्रतिदिन दोहराते हैं, 'भारत माता की जय'। मोहन भागवत ने कहा कि यह हमारा देश है और हमें इसकी प्रशंसा करनी चाहिए और इसे दुनिया में नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा, "दुनिया करीब आ गई है, और इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर सोचना होगा। स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था प्रत्येक राष्ट्र का एक मिशन होता है जिसे पूरा करना होता है। भारत का भी अपना योगदान है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का उद्देश्य भारत के लिए है, इसका कार्य भारत के लिए है, और इसका महत्व भारत के 'विश्वगुरु' बनने में निहित है। विश्व में भारत के योगदान का समय आ गया है।" हिंदू की परिभाषा बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख ने कहा, "हिंदू कौन है? वह जो अपने मार्ग पर चलने में विश्वास रखता है और अलग-अलग मान्यताओं वाले लोगों का भी सम्मान करता है।"मोहन भागवत ने कहा, "क्रांतिकारियों की एक और लहर आई थी। उस लहर से कई ऐसे उदाहरण निकले जो आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। उस क्रांति का उद्देश्य आजादी के बाद समाप्त हो गया। वह लहर अब मौजूद नहीं है और उसकी आवश्यकता भी नहीं है, लेकिन वह लहर देश के लिए जीने व मरने की प्रेरणा थी। 1857 के विद्रोह के बाद कुछ लोगों ने राजनीति को आज़ादी हासिल करने का हथियार बनाया और इस नई लहर का नाम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस रखा गया। इससे कई राजनीतिक दल निकले। उन्होंने आजादी के अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।

## सुप्रीम कोर्ट के एक पावरफुल सदस्य की ओर से केस को प्रभावित किया जा रहा था, इसलिए एक केस से खुद को अलग कर लिया' : एनसीएलएटी के जज

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के एक न्यायिक सदस्य जज शरद कुमार शर्मा ने एक मामले से खुद को अलग करने की वजह का खुलासा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के एक सबसे सम्मानित सदस्य उस मामले के परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे।जस्टिस शरद कुमार शर्मा ने 13 अगस्त के अपने आदेश में कहा कि हमें यह देखकर अत्यंत दुःख हो रहा है कि हममें से एक सदस्य से इस देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के सबसे सम्मानित सदस्यों में से एक ने एक विशेष पक्ष के पक्ष में आदेश प्राप्त करने के लिए संपर्क किया है। इसलिए मैं इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग करता हूं। मालूम हो कि मामले में 18 जून को आदेश सुरक्षित रख लिया गया था और पक्षों को अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए एक अतिरिक्त सप्ताह का समय दिया गया था। यह दिलचस्प मामला हैदराबाद स्थित रियल एस्टेट कंपनी, केएलएसआर इंफ्राटेक लिमिटेड के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही से जुड़ा है। इन्फ्रा-कंपनी ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की हैदराबाद पीठ के एक फैसले के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने एक लेनदार, एएस मेट कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड को इसके खिलाफ कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने की अनुमति दी थी। अदालती रिकॉर्ड के अनुसार, एएस मेट कॉर्प ने आरोप लगाया कि केएलएसआर इंफ्राटेक ने रू. 2,88,79,417 की बकाया राशि, आपसी सहमति से तय ब्याज सहित, अभी तक अदा नहीं की है।दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के अनुसार, एक परिचालन लेनदार भुगतान में चूक होने पर दिवालियापन की कार्यवाही शुरू कर सकता है, बशर्ते कि ऋण के अस्तित्व को लेकर कोई विवाद न हो। अदालती रिकॉर्ड बताते हैं कि कॉरपोरेट देनदार ( केएलएसआर इंफ्रा ) ने तर्क दिया कि वह "पिछले पांच वर्षों में 300 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली एक लाभ कमाने वाली कंपनी है और इसलिए दिवालिया नहीं है।" उसने यह भी दावा किया कि 30 जून 2022 को लेनदार के निदेशकों के खिलाफ कदाचार का आरोप लगाते हुए एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और दावा किया कि निदेशक फरार हैं।केस में यह भी तर्क दिया गया कि आपराधिक कार्यवाही के लंबित रहने से पक्षों के बीच विवाद का अस्तित्व दिखाई देता है, और इसलिए, दिवालियापन की कार्यवाही शुरू नहीं की जानी चाहिए। लेनदार ने जवाब दिया कि एफआईआर डिमांड नोटिस जारी होने के बाद ही दर्ज की गई थी और इसलिए यह पहले से मौजूद विवाद नहीं हो सकता। इसने यह भी स्पष्ट किया कि निदेशकों को तेलंगाना उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल चुकी है और वे फरार नहीं हैं, और एफआईआर रद्द करने के लिए एक याचिका भी उच्च न्यायालय में लंबित है।



- **मामला है हैदराबाद स्थित रियल एस्टेट कंपनी, केएलएसआर इंफ्राटेक लिमिटेड के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही से संबंधित**